शनिवार

27 अप्रैल 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



सारण सीट से मैदान में उतरे लालू प्रसाद

2



### दूसरा चरण: त्रिपुरा में सबसे ज्यादा, उप्र में सबसे कम वोटिंग

# लोकसभा की 88 सीटों पर 61.4 फीसदी मतदान

- तेज धूप और तपिश भरी गर्मी के बीच बूथों पर वोट डालने पहुंचे मतदाता
- त्रिपुरा व मणिपुर में जबरदस्त वोटिंग ने सभी को चौंकाया
- चुनाव आयोग के अनुसार अभी बढ़ सकता है मतदान का प्रतिशत



**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों के लिए शुक्रवार को वोट डाले गए। चुनाव आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक इन 88 सीटों पर 61.4 फीसदी मतदान हुआ। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 78 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। इसके बाद मणिपुर में 77.2 फीसदी वोट डाले गए। छत्तीसगढ़ में 72.5 फीसदी मतदान हुआ। वहीं वेस्ट बंगाल और असम में 70 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ। केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ है। कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की तीन, पश्चिम बंगाल की तीन और त्रिपुरा, मणिपुर एवं जम्मू कश्मीर की एक-एक सीट सहित 88 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गए। इसमें मणिपुर बाहरी सीट के तहत कुछ विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा के लिए मतदान पहले चरण में हो चुका है, जबकि अन्य विधानसभा क्षेत्र में मतदान हुआ।

| राज्य | वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|
| ⇨ मणिपुर | 77.18 |
| ⇨ त्रिपुरा | 77.97 |
| ⇨ असम | 70.68 |
| ⇨ पश्चिम बंगाल | 71.84 |
| ⇨ छत्तीसगढ़ | 72.51 |
| ⇨ केरल | 65.04 |
| ⇨ जम्मू-कश्मीर | 67.22 |
| ⇨ कर्नाटक | 64.51 |
| ⇨ राजस्थान | 59.97 |
| ⇨ मध्य प्रदेश | 55.32 |
| ⇨ बिहार | 58.58 |
| ⇨ महाराष्ट्र | 53.71 |
| ⇨ उत्तर प्रदेश | 53.12 |

### यूपी में सबसे कम वोट

**लखनऊ।** प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर 53.12 फीसदी मतदान हुआ। आठ सीटों पर शुक्रवार शाम पांच बजे तक अलीगढ़ में 54.36%, अमरोहा में 61.89 प्रतिशत, बागपत में 52.74 प्रतिशत, बुलंदशहर में 54.34%, गौतम बुद्ध नगर में 51.66%, गाजियाबाद में 48.21%, मथुरा में 46.96 प्रतिशत और मेरठ में 54.62 प्रतिशत मतदान हुआ।

### बिहार में पांच सीटों पर 58.58 प्रतिशत मतदान

बिहार में दूसरे चरण की पांच सीटों पर मतदान का समापन हो गया। पहले चरण की तुलना में इस बार मतदान का प्रतिशत बेहतर रहा। हालांकि, 2019 में इन पांचों सीटों पर 62.92 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बाद 58.58 प्रतिशत हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास के अनुसार दूसरे चरण में सबसे अधिक कटिहार में 64.60 प्रतिशत और भागलपुर में सबसे कम 51 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद बांका में 54 प्रतिशत, पूर्णिया में 59.94 और किशनगंज में 64 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं पहले चरण की चार सीटों पर सबसे अधिक मतदान गया में 52 फीसदी, जमुई और औरंगाबाद में 50-50 फीसदी मतदान हुआ। वहीं सबसे कम मतदान नवादा में 41 प्रतिशत मतदान हुआ। 2019 के चुनाव में इन चारों सीटों पर कुल 53.47 फीसदी मतदान हुआ था। नवादा में 49.33 फीसदी, गया में 56.16 फीसदी, जमुई में 55 फीसदी और औरंगाबाद में 53.63 फीसदी मतदान हुआ था।

# दरभंगा में आतिशबाजी से लगी भीषण आग से छह लोगों की मौत

**केटी न्यूज/दरभंगा**

बिहार के दरभंगा में गुरुवार की देर रात शादी समारोह में हुए भीषण अग्निकांड में 6 लोग जिंदा जलकर मर गए। हादसा उस समय हुआ, जब फेरे होने वाले थे। आग सिलेंडर में ब्लास्ट के कारण लगी, जिसमें जलकर मंडप भी राख हो गया। सिलेंडर तक पटाखों की चिंगारी पहुंची। मरने वाले लोग वधू पक्ष के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं एक पल में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मातम के बीच ही दूल्हा-दुल्हन ने फेरे लिए और दुल्हन को विदाई दी गई। अब शादी वाले घर में शोक का माहौल है। लाल शामियाना सफेद शामियाने में बदल गया है।

दरभंगा में अलीनगर शहर के बहेड़ा थाना क्षेत्र के तहत आने वाले अंटोर गांव में रहने वाले छगन पासवान की बेटी की शादी में मेहमान एन्जॉय कर रहे थे। पड़ोसी रामचंद्र पासवान के घर बारात ठहराई गई थी। बाराती आतिशबाजी करते हुए निकले तो एक चिंगारी आकर शामियाने में लगी और देखते ही देखते आग भड़क गई। सिलेंडर में ब्लास्ट होने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आनन फानन में दूल्हा-दुल्हन को मंडप से निकालकर मंदिर ले गए, जहां दोनों के फेरे कराए गए, क्योंकि शुभ मुहूर्त निकल रहा था। वहीं आग इतनी विकराल थी कि पड़ोसी रामचंद्र के घर में रखे डीजल के स्टॉक में भी आग भड़क गई। इस अग्निकांड से चीख पुकार मच गई और जद्दोजहद में 6 लोग जिंदा जल गए।



### मरने वालों में तीन मासूम बच्चे भी शामिल

अग्निकांड में मारे गए लोगों की पहचान 25 वर्षीय कंचन देवी, 26 वर्षीय सुनील पासवान, लाली देवी, 4 साल की बच्ची साक्षी कुमारी, 2 साल के बच्चे सिद्धांत कुमार, डेढ़ साल के बच्चे के रूप में हुई। मारे गए लोग लड़की वालों की तरफ से आए मेहमान थे। वहीं अग्निकांड पर शोक जताते हुए बेनीपुर के अनुमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ झा ने मुआवजे का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि शादी में भीषण अग्निकांड में 6 लोग जिंदा जलकर मर गए। मृतकों के परिजनों को सरकार की ओर से 4-4 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। मारे गए 3 जानवरों के लिए भी मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा जो नुकसान हुआ, उसके लिए 12 हजार की आर्थिक मदद की जाएगी।

## संदेशखाली में एक घर से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**एजेंसी/कोलकाता**

सीबीआई ने संदेशखाली में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के एक रिश्तेदार के आवास पर छापेमारी में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई को शाहजहां के रिश्तेदार हफीजुल खान के आवास पर हथियारों और देसी बमों के जखीरे के बारे में सूचना मिली।

हफीजुल सत्तारूढ़ दल से निर्वाचित पंचायत सदस्य भी हैं। सूचना मिलने के तुरंत बाद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों के साथ सीबीआई की एक टीम ने मछली पालन फार्म के भीतर स्थित आवास पर छापामार कार्रवाई शुरू की। ऐसा माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन माहौल बिगाड़ने के लिए वहां हथियार, विस्फोटक और देसी बम रखे गए थे। सूत्रों ने कहा, शाहजहां की गिरफ्तारी और संदेशखाली में विभिन्न केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों और सीएपीएफ कर्मियों की बढ़ती आवाजाही के बाद, हथियारों को जमा करने के लिए जिम्मेदार लोग उन्हें हटा नहीं सके। संदेशखाली बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां एक जून को सातवें और आखिरी चरण में मतदान होना है। इस मामले में किसी भी तृणमूल कांग्रेस नेता की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है। संदेशखाली हिंसा मामले में शाहजहां शेख की अरेस्ट होने के बाद निष्कासित कर दिया था।

प. बंगाल के राशन वितरण में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में जब 5 जनवरी को ईडी की टीम शाहजहां शेख के आवास पर छापा मारने पहुंची तो वहां उसके गुर्गों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था। भीड़ ने अधिकारियों की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की थी. इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

## सूरत में दोबारा चुनाव कराने से जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल

**सूरत।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभानी का पर्चा खारिज होने और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा अपना पर्चा वापस लेने के बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था। अब सूरत में दोबारा चुनाव कराने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की गई है। इसके लिए मतदाताओं के नोटा विकल्प पर वोट देने के अधिकार को आधार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने, और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा पर्चा वापस लेने के बाद भी जनता के पास नोटा को वोट देने का विकल्प खुला हुआ था। सर्वोच्च न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि नोटा विकल्प की विश्वसनीयता बरकरार रखने के लिए चुनाव आयोग को सूरत में दोबारा चुनाव कराने का आदेश दिया जाए।

## सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट से पर्ची मिलान की मांग की याचिका को किया खारिज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की दो जजों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दी।

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवार चाहे तो चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिन के भीतर रिजल्ट की दोबारा जांच की मांग कर सकता है। ऐसी स्थिति में माइक्रो कंटोलर की मेमोरी की जांच इंजीनियर के द्वारा की जाएगी। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना सही नहीं है। इसलिए हमारे अनुसार सार्थक आलोचना की आवश्यकता है, चाहे वह न्यायपालिका हो, विधायिका हो। लोकतंत्र का अर्थ सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखना है। विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को वीवीपैट की गिनती में मशीन की मदद लेने की संभावना तलाशने का सुझाव दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही साफ कर दिया कि उम्मीदवार की तरफ से जांच का खर्च उठाना है। अदालत ने कहा कि चुनाव परिणाम में गड़बड़ी साबित होने की सूरत में उम्मीदवार को सारा खर्च वापस मिल जाएगा। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने निर्वाचन आयोग से भविष्य में वीवीपीएटी स्लिप में बार कोड पर विचार करने को कहा है।

# जिन्हें जो आरक्षण मिला है उसे कोई नहीं छीन सकता: मोदी

**केटी न्यूज/मुंगेर।**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंगेर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। मंच पर आते ही उन्होंने सबका अभिवादन किया और स्थानीय भाषा में कहा- चंडिका माय के प्रणाम करै छिय...। अंग प्रदेश के राजा करण की धरती के प्रणाम करै छिय...। आज आपके एक वोट के कारण भारत का डंका विश्व में बज रहा है। लालटेन वाले अंधकार युग में जो जंगल राज चलाते थे। उसे मुंगेर के लोगों ने अधिक सहा है। बिहार की एनडीए सरकार ने इस राज से तेजी से निकाला है।

मोदी ने आगे कहा कि आज देश में वंदे भारत, अमृत भारत और बुलेट ट्रेन चला रहे है। ट्रेन के इंजन और कोच भारत में ही बना रहे है। विदेश में निर्यात कर रहे है। बिहार के सभी रेल कारखाने को फायदा पहुंच रहा है। दलहन और तिलहन के क्षेत्र में आगे होंगे। कांग्रेस के शहजादे ने कहा है कि देश भर में हर परिवार को उसकी कमाई का मेहनत का सर्वे करेंगे। घर में बहनों और मा के पास क्या होता है जेवरात होता है, मंगलसूत्र होता है। सोचिये उनकी मंशा क्या है। विरासत टैक्स लेंगे। आपके पास चार कमरे है तो आने वाले संतान को दो कमरा भी नहीं मिलेगा। आपकी आधी जमीन हड़प लेंगे। कर्नाटक में ओबीसी को 27 प्रतिशत दिया है। उसे सभी मुसलमान को धर्म और वोट के नाम पर दे दिया। यही काम पूरे देश में करना चाहते हैं। विपक्ष वाले कान खोलकर सुन लें, आरक्षण को समाप्त नहीं होने देंगे। जिन्हें जो आरक्षण मिला है उसे कोई नहीं छीन सकता। यह मोदी की गारंटी है। जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना पड़ेगा।



### नीतीश कुमार बोले... जात नहीं, काम पर दें वोट

**मुंगेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुंगेर में मंच साझा करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के विकास का काम किया है। उन्होंने तेजस्वी पर तंज करते हुए कहा कि कुछ लोग समाज में विद्वेष फैलाकर राज करने की कोशिश में लगे रहते है। उन्होंने 2005 से पहले के बिहार की याद दिला तेजस्वी पर राजनीतिक प्रहार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर अन्य बदलाव की चर्चा की। कहा कि उनलोगों ने हिदु-मुस्लिम का झगड़ा कराया। मुस्लिम लोग के वोट के चक्कर में रहता है। हमने कब्रिस्तान की घेराबंदी की। 60 वर्ष पुराने मंदिरों की घेराबंदी करेंगे। पहले क्या था, उसको वोट दीजियेगा, काम हमलोग करते है। 15 वर्षों में जो हुआ है, वह आप भी जानते है। नीतीश कुमार ने कहा कि जात के आधार पर नहीं काम के आधार पर वोट करें। राजद ने परिवार को देखा है। आप लोग अपना वोट बर्बाद नहीं करें। पहले भी उनकी सरकार ने आठ लाख सरकारी नौकरी दी है। 10 लाख लक्ष्य के विरुद्ध चार लाख लोगों को नौकरी दे दी है। शेष प्रक्रिया में है। ये शुरू से न्याय के साथ विकास के हिमायती रहे हैं।

**जंगलराज की दिलाई याद:** मोदी ने मंच से जंगलराज को याद दिलाते हुए कहा कि जंगलराज में बेटियों को सड़क से उठा लिया जाता। ये दस साल में जो हुआ वह तो ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है। जब नीयत सही तो नतीजे भी रही होते हैं। लिखकर रख लें, आपका सपना हो मेरा संकल्प है। अगले पांच साल तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा।

## हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम को 2 लाख से अधिक स्टूडेंट्स को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध न करा पाने को लेकर फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार की दिलचस्पी सिर्फ सत्ता में बने रहने की है और गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा न देकर अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय हित के ऊपर निजी हित को प्राथमिकता दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह तीखी टिप्पणी की। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम की आपसी खींचतान के कारण एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल पाई हैं और वे टिन शेड में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

### संभल लोकसभा के लिए जनसभा में सीएम योगी ने विपक्ष पर किया प्रहार

# गोकशी की खुली छूट देना चाहती है कांग्रेस: योगी

**केटी न्यूज/मुरादाबाद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंडी गठबंधन और इसके प्रमुख घटक कांग्रेस के मेनिफेस्टो को लेकर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खाने की छूट देना चाहते हैं, यानी गोकशी की छूट देने की बात कर रहे हैं। ये बेशर्म लोग हमारी गाय को खाने की छूट देंगे, जबकि हमारा शास्त्र गाय को विश्व माता कहता है, उस गाय को ये कसाइयों के हाथों देंगे, क्या हिन्दुस्तान कभी इसे स्वीकार करेगा? सीएम योगी शुक्रवार को संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी (मुरादाबाद) में बीजेपी प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशवासियों और महिलाओं की संपत्तियों को जब्त करके रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में बांटना चाहती है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो के जरिए देशवासियों की संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात कहती है। इसका मतलब अगर किसी के घर में चार कमरे हैं तो चार में से दो को कब्जे में ले लेंगे। यही नहीं कांग्रेस कहती है कि महिलाओं के जेवर को भी अपने कब्जे में ले लेंगे। हिन्दुस्तान इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 2004 से 2014 के बीच यूपीए की सरकार में इन्होंने ऐसे प्रयास किये थे। इन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का काम किया था। उन्होंने सच्चर कमेटी और जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इसे लागू करके पिछड़ी जाति के आरक्षण में से 6 प्रतिशत मुसलमानों को देना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए ऐसी सरकार को बनाने पर जोर देना होगा, जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया हो। सीएम योगी ने कहा कि संभल में कमल खिलने का मतलब यहां के सुरक्षा की गारंटी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे धार्मिक शास्त्र कहते हैं कि कलियुग में यहां पर कल्कि अवतार होगा। अधर्मी, अत्याचारियों और अन्यायियों को सही जगह पर पहुंचाने का कार्य करेंगे कल्कि भगवान और इसका आधार बनेगा कमल का निशान। उन्होंने कहा कि आप सभी को परमेश्वर लाल सैनी बनकर घर घर जाना होगा।



नामांकन के पहले दिन राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के प्रत्याशी लालू प्रसाद ने सारण से भरा पर्चा

# सारण सीट से मैदान में उतरे लालू प्रसाद, वार्ड से लेकर राष्ट्रपति तक लड़े हैं चुनाव

**केटी न्यूज/छपरा**

लोकसभा चरण के 5वें चरण के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के प्रत्याशी लालू प्रसाद यादव ने सारण से पर्चा भरा है। वे यहां से राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य और बीजेपी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी को टक्कर देंगे। राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के नेता लालू प्रसाद यादव अपने नाम और चुनाव लड़ने को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। वे मूल रूप से सारण लोकसभा क्षेत्र के मढ़ौरा के रहने वाले हैं। लालू प्रसाद यादव ऐसे शख्स हैं जो 12 बार चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने अब 13वां चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया है। इस लालू प्रसाद की खास बात ये है कि उन्होंने वार्ड के चुनाव से लेकर राष्ट्रपति तक का चुनाव लड़ा है। इस बार राष्ट्रीय जन



संभावना पार्टी ने लालू को सारण से अपना प्रत्याशी बनाया है। लालू प्रसाद यादव मढ़ौरा अनुमंडल में ताईद हैं। उन्होंने इंटर तक की पढ़ाई की है। 2001 के पंचायत चुनाव से राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले लालू प्रसाद यादव ने 2006, 2009 एवं 2011 तक पंचायत का चुनाव लड़ा। तब से अब तक वह हर चुनाव में किस्मत आजमाते चले आ रहे हैं। हालांकि, चुनाव में हार मिलने के बाद भी निराश नहीं होते। लालू प्रसाद यादव 2014 और 2019 में सारण लोकसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि, इन दोनों चुनाव में जमानत भी गंवानी पड़ी। 2016 में सारण स्नातक निर्वाचन, 2020 में शिक्षक निर्वाचन व 2022 में त्रिस्तरीय निकाय एमएलसी का चुनाव और 2023 में फिर से स्नातक निर्वाचन का चुनाव लड़े। इतना ही नहीं, ये ऐसा शख्स है, जो 2009 में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। इन्हें हर चुनाव में हार का ही मुंह देखना पड़ा है। 2017 में इन्होंने दिल्ली जाकर राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में भी नामांकन किया था। इसके अलावा 2015 व 2020 में विधानसभा का भी चुनाव लड़ चुके हैं।

## 29 अप्रैल को बेगूसराय आएंगे अमित शाह, जीडी कॉलेज में होगी आमसभा, तैयारी जोरों पर

**बेगुसराय।** गृह मंत्री अमित शाह 29 अप्रैल को बेगूसराय आएंगे। अमित शाह बेगूसराय के जीडी कॉलेज मैदान में गिरिराज सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो गई है, कॉलेज परिसर में पंडाल लगाया जा रहे हैं। एनडीए के कार्यकताओं ने अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए जनसंपर्क शुरू कर दिया है। अमित शाह के विशाल जनसभा व लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कुसमहौत, नीमा एवं चांदपुरा सहित अन्य जगहों पर एनडीए गठबंधन के संयोजक सह जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, भाजपा के प्रदेश मंत्री संतोष रंजन राय, शुभम कुमार सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में आगामी 29 अप्रैल को अमित शाह के सभा में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष रुदल राय ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार और केंद्र में नरेन्द्र मोदी ने जितना काम किया है, आज तक किसी भी सरकार ने उतना काम नहीं किया था। हम सभी अधिक से अधिक मत देकर गिरिराज सिंह को फिर से सांसद बनाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने उपस्थित लोगों से अमित शाह के सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। संतोष रंजन राय ने कहा कि अमित शाह का ऐतिहासिक जनसभा होगा।

## बिहार के कुछ भागों में भीषण गर्मी, जारी रहेगा लू का सितम



- मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट
- तेज हवा और लू की चपेट में आने से आम-ओ-खास लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में मौसम लगातार अपना मिजाज बदल रहा है। तेज हवा और लू की चपेट में आने से आम-ओ-खास लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। मौसम विभाग ने भी बिहार में लू और उष्ण लहर को देखते हुए अधिकांश जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, गंभीर गर्मी को ध्यान में रखते हुए विभाग की तरफ से लोगों को सतर्क करने के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया जाता है। शेष भागों में मौसम विभाग ने उष्ण दिवस के रूप में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क और प्रदेश के अधिकांश भागों पर उत्तर पश्चिमी हवा का प्रवाह जारी रहा। पूर्णिया, मोतिहारी और सुपौल उष्ण लहर के चपेट में रहा और अधिकांश जगह गर्म शहर के रूप में रहा। वहीं, अगले 48 घंटे के दौरान कोई मौसमी सिस्टम नहीं है। मौसम शुष्क और आसमान साफ रहेगा। अभी पूरे प्रदेश में उत्तर पश्चिमी हवा प्रवेश कर रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, सुबह और शाम सुखद अनुभव होगा, लेकिन दिन होते ही सूरज हमारे सर के ऊपर पहुंचेगा और उससे ही हवा का प्रवाह गर्मी में तब्दील हो जाएगा। यह हवा लू के समान लगने लगेगी। बिहार के पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण, बक्सर, कैमूर, औरंगाबाद, गया, शेखपुरा, नवादा, जमुई, बांका और पूर्णिया के एक दो स्थानों में उष्ण लहर शेष भाग गर्म शहर के रूप में रहने का पूवार्नुमान है। आप सभी से निवेदन है कि अधिकतम तापमान को देखते हुए सावधान रहें। निश्चित तौर पर बिल्कुल भी गर्म मौसम की चुनौती को अनदेखा न करें। सतर्क रहें तभी सुरक्षित रहेंगे। वहीं दूसरी ओर बढ़ती गर्मी के कारण अक्सर आगलगी की घटनाएं हो रही है। जिससे कईयों की जान चली गई है। साथ ही सैकड़ों एकड़ की फसल जलकर नष्ट हो गई है।

## बारातियों से भरी बोलेरो ट्रक से टकराई, चार की मौत, पांच गंभीर रूप से जख्मी

- घटना मनुआपुल थाना क्षेत्र के नवलपुर मनुआपुल मुख्य मार्ग स्थित बाबू टोला गुरवलिया की है
- बारात योगापट्टी गोला घाट से पूर्वी चंपारण के पलनवा थाना क्षेत्र के गढ़वा भोगाडी गांव में गई थी



**केटी न्यूज/बेतिया**

बेतिया में बारात से लौट रही एक बोलेरो ट्रक से टकरा गई। इस दुघर्टना में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घटना मनुआपुल थाना क्षेत्र के नवलपुर मनुआपुल मुख्य मार्ग स्थित बाबू टोला गुरवलिया की है। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को जीएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया गया कि बारात योगापट्टी गोला घाट से पूर्वी चंपारण के पलनवा थाना क्षेत्र के गढ़वा भोगाडी गांव में गई थी। दीनानाथ महतो के छोटे बेटा रूपेश कुमार की शादी थी। उसी शादी से सब लौट रहे थे तभी हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वाहन की रफ्तार काफी तेजी थी। वह अपना संतुलन बनाकर नहीं रख सका। वह सीधे ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना इतनी तेजी से हुआ कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गये। यह दुघर्टना देख वहां मौजूद लोग वाहन में फंसे लोगों को बचाने के लिए भागे। काफी मशक्कत के बाद वाहन के अंदर से सभी को बाहर निकाला गया। पहले किसी की पहचान नहीं हो पा रही थी। इसके बाद किसी तरह से पहचान हो पायी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची और सभी को बेहतर इलाज के लिए नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। परंतु रास्ते में ही कुछ लोगें ने दमतोड़ दिया। घटना में मृतकों की पहचान धर्मनाथ यादव (18), प्रकाश यादव (65), जनार्दन यादव (55) के रूप में हुई है। सभी घर गोला घाट डुमरी वार्ड 7 के निवासी थे। वहीं, पटना में इलाज के दौरान बगही बघम्बरपुर निवासी दुखी महतो के पुत्र रामदेव महतो की मौत हो गई। घायलों में दूल्हा के जीजा सुनिल कुमार, चाचा जोगिंदर महतो, भाई राजनंदन, सोनू कुमार, किनू कुमार शामिल हैं।बाराती अवधेश यादव ने बताया कि बारात से बोलेरो वापस आ रही थी तभी हादसा हुआ है। कहा कि गाड़ी के पीछे ट्रक आ रहा था लेकिन अचानक क्या हुआ ये कहा नहीं जा सकता। दोनों वाहनों में टक्कर हो गई जिसमें स्पॉट डेथ हो गई बाकी एडमिट हैं।

## मधेपुरा में तालाब में डूबने से दो बालकों की मौत, मातम पसरा

**मधेपुरा।** मधेपुरा को तालाब के किनारे खेल रहे दो बालकों की डूबने से मौत हो गई। घटना उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के पिपरा करौती पंचायत अंतर्गत छर्रापट्टी गांव की है। मृतक बच्चों की पहचान छर्रापट्टी वार्ड-05 निवासी हीरा यादव के करीब बेटे अवनीश कुमार (11) और मिंटू यादव के बेटे मिथिलेश कुमार (11) के रूप में हुई। घटना के बाद दोनों के घर में मातम पसर गया। मृतक के चाचा रंजीत कुमार ने बताया कि दोपहर में उनका भतीजा अवनीश और मिथिलेश बहियार में खेलने गए थे। खेलने के दौरान ही दोनों बालक बहियार में मिट्टी काटने से बने गड्ढे में डूब गए। देर शाम तक जब दोनों वापस घर नहीं लौटे तो आसपास और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। शुक्रवार को बहियार काम करने गए लोगों ने पानी में दोनों के शव को देखा। इसकी सूचना परिजनों को दी गई।

## 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सपना नहीं होगा पूरा, दस साल देख चुकी है जनता : राबड़ी देवी

**केटी न्यूज/पटना**

पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में मीसा भारती के लिए पूजा पाठ करवाया गया। महागठबंधन और इंडिया गठबंधन सभी सीटों पर जीतेगी इस उम्मीद पर ये शुभ काम करवाया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि हम लोगों ने आज पूजा पाठ करवाया और कोई भी शुभ काम करने से पहले सत्यनारायण भगवान का पूजा पाठ किया जाता है तो हम लोगों ने सारण में भी रोहिणी आचार्य के लिए पूजा पाठ करवाया। पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर राबड़ी देवी भड़कते हुए कहा के कोई भी घूम सकता है, बिहार आ सकता है। देश में आजादियां हम भी कहीं जा सकते हैं, लेकिन जनता इस बार सबको सबक सिखाएगी। राबड़ी देवी ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सपना पूरा नहीं होगा। जनता इनके झूठे वादों को 10 सालों में परख चुकी है और इस बार इन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर ही दम लेगी। वही राबड़ी देवी ने कहा कि उनकी दोनों बेटी रोहिणी आचार्य और मीसा भारती महागठबंधन



की तरफ से चुनाव जीतेगी जनता का अपार समर्थन दोनों बेटियों को मिल रहा है। राबड़ी देवी ने जेपी नड्डा के बयान को लेकर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मीसा भारती का नाम जयप्रकाश नारायण ने रखा था। जब जेपी आंदोलन चल रहा था। उसी समय मीसा भारती का नाम रखा गया था। बीजेपी के 400 पार नारे पर राबड़ी देवी ने कहा कि अच्छा बात है 400 पार की बात वह करें लेकिन देश की जनता और बिहार की जनता सब देख रही है जनता ही सबको सबक सिखाएगी। जेपी नड्डा ने अपने बयान में कहा था कि मीसा भारती और तेजस्वी समेत इनका पूरा परिवार जमानत पर हैं। उन्होंने कहा कि मीसा नाम इसलिए पड़ा क्योंकि कांग्रेस ने इन्हें जेल में रखा था। मीसा एक्ट के तहत जेल में कांग्रेस ने इन्हें जेल भेजा था। मीसा तब पैदा हुई तो उनका नाम मीसा रखा था। अब लालू यादव गांधी मैदान में उनके ही पोते राहुल गांधी के साथ बैठते हैं। मटन बनाना सीखा रहे हैं,जो भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लड़ रहे थे। वो अब उनके साथ हो गए। बिहार की धरती ऐसे लोगों को आगे आने देगी क्या..? ये बिहार के विकास की आवाज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री केवल जुमलेबाजी करते है। कभी कहते है कि सभी के खाता में 15 लाख रुपया आयेगा। लेकिन, आज तक कितना रुपया आया है सभी कोई जानता है। देश में बेरोजगारी चरम पर है। नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रहा है। हद तो यह है कि जो भी सरकारी संस्थान था उसको लगभग बंद किया जा रहा है। बीएसएनएल की क्या स्थिति है। किसी से छुपा हुआ नहीं है। सभी काम रियालंस को मिल रहा है। बड़ा पूंजीपति को और बड़ा बनाया जा रहा है। गरीब को रोजगार देने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। जनता इनको इस बार जरूर सबक सिखायेगी।







CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
HARNAHI ROAD, DUMRAON, BUXAR- 802119
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII

ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)

REGISTRATION & ADMISSION STARTED

ELIGIBILITY CRITERIA
- DIRECT ADMISSION with INTERVIEW FOR CLASS X (2024) PASS OUT STUDENTS OF CAMBRIDGE GROUP OF SCHOOLS with 80% MARKS for PCM, 70% for PCB and 60% for COMMERCE STREAM.
- ADMISSION TEST & INTERVIEW WILL BE CONDUCTED FOR THE STUDENTS OF OTHER SCHOOLS.

SCHOLARSHIP SCHEME
- CANDIDATES WITH 95% & ABOVE WILL BE GIVEN FULL FREESHIP (100% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII.
- CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII.

CHAIRMAN - MR. T.N. CHOUBEY

TOPPERS IN AISSCE (Std. XII)
1st SHAKSHI KUMARI 94.80%
2nd ANKIT KUMAR 92.60%
3rd SANJANA KUMARI 92.00%

SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
- English Core - 97
- Hindi Elective- 95
- Physics - 95
- Mathematics - 95
- Biology - 96
- Chemistry - 95
- Accountancy - 95
- Business Studies- 93
- Economics - 94

TOPPERS IN AISSE (Std. X)
1st ARADHYA GUPTA 96.80%
2nd RUKHSAR NAAZ 95.00%
3rd SANANDAN DUBEY 94.80%

SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
- English - 94
- Sanskrit - 100
- Hindi - 95
- Mathematics - 100
- Science - 96
- Social Science - 100

INFORMATION
REGISTRATION FORMS are AVAILABLE and can be OBTAINED from the ADMISSION CELL at CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON, (Junior Wing, Dr. Jagnarayan Hospital Campus) on all working days from 08 AM to 2 PM.

8210918840, 7319972175, 6396686958
www.cambridgeschooldumraon.in
www.facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON
LIMITED SEATS Hurry Up

# मुंडन संस्कार के लिए बक्सर में उमड़ी भीड़, दोपहर तक बेपटरी रहा ट्रैफिक व्यवस्था

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को मुंडन संस्कार को ले बक्सर में रिकॉर्ड भीड़ उमड़ गई थी। सुबह से दोपहर तक मुंडन संस्कार कराने वालों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई थी। गोलंबर से रामरेखा घाट तक मुंडन कराने वाले श्रद्धालुओं तथा उनके साथ आए लोगों का हुजूम उमड़ा रहा। तेज धूप व लू के बावजूद मुंडन संस्कार कराने वालों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इसका नतीजा था कि रामरेखा घाट पर तिलभर भी जगह नहीं बची थी। वही इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मुश्तैद था, बावजूद भीड़ इतनी अधिक थी कि उसे नियंत्रित कर पाना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा था। हालांकि, प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर कई व्यवस्थाएं की गई थी। वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी की गई थी। लेकिन दोपहर तक ट्रैफिक कंट्रोल नहीं हो सका था।



**मुंडन संस्कार के लिए था साल का सबसे उतम मुहुर्त** : विद्वान पंडितों के अनुसार शुक्रवार का दिन मुंडन संस्कार के लिए साल का सबसे उत्तम मुहूर्त था। इस कारण शाहाबाद परिक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले भोजपुर, रोहतास, कैमूर, बक्सर से लगायत उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती गाजीपुर और बलिया से श्रद्धालुओं का हुजूम अपने नाते-रिश्तेदारों के साथ गंगा घाट पहुंचे हुए थे। हिंदू धर्म शास्त्रों में जन्म से लेकर मृत्यु तक 16 संस्कारों का वर्णन मिलता है। इनमें गभार्धान संस्कार, नामकरण संस्कार, मुंडन संस्कार, उपनयन संस्कार, विवाह संस्कार और अन्त्येष्टि संस्कार आदि प्रमुख है। शिशु के जन्म के बाद नामकरण संस्कार के बाद मुंडन संस्कार किया जाता है।

**रामरेखा घाट पर डीएम के निर्देश पर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान:** वही, इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर रामरेखा घाट पर मुंडन संस्कार में उपस्थित हुए लोगों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चला एक जून 2024 को वोट देने के लिए जागरूक किया गया। एक जून 2024 को वोट करेगा बक्सर के माध्यम से नाव के सहारे गंगा घाट पर उपस्थित लोगों के बीच यह कार्यक्रम चलाया गया। जागरूकता के क्रम में लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

## एक नजर

### मवेशी को बचाने में पलटी ऑटो, 10 जख्मी



**डुमरांव।** शुक्रवार को रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए कोरानसराय से आ रही एक ऑटो टेढ़की पुल के समीप मवेशी को बचाने के दरम्यान अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में ऑटो में सवार दस लोग जख्मी हो गये। सभी जख्मियों को राहगीरों की मदद से अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वो इलाजरत बताये जाते है। घटना को लेकर बताया जाता है कि स्थानीय मां डुमरेजनी मंदिर में किसी रिश्तेदार की शादी को लेकर अन्य रिश्तेदारों से भरी ऑटो कोरानसराय से आ रही थी। सड़क पर अचानक आये मवेशी को बचाने के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में ऑटो सवार जख्मियों की पहचान रेंका गांव निवासी श्रीभगवान यादव(70) और कोरानसराय निवासी राधामुनि (30), श्रृष्टि (7), शिवानी (5), पायल (7), राजनंदी (50), मुन्नी देवी (55), राधा देवी (55), सपना (9), वंदना कुमारी (25) के रूप में हुई है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

### युवक के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में नामजदों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। युवक अपने गांव गजरावा से बहन की शादी के लिए सामानों की खरीदारी करने पहुंचा था। इसी दौरान रास्ते मे घेरकर पांच आरोपियों द्वारा उसके साथ मारपीट कर 35 हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया गया। जख्मी को राहगीरों व परिवारजनों की मदद से अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज हुआ। पीड़ित गजरावा निवासी मो आयूब के पुत्र मो फैजान बताया जाता हैं। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस को आवेदन देकर नया भोजपुर के रहने वाले आजाद खान, शाहिद खान, आजम खान, रमजान खान और इशरार खान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुटी हैं।

### लावारिस बाइक के साथ 62 लीटर देशी शराब जब्त



**राजपुर।** थाना क्षेत्र के ईसापुर बाजार के पास पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान के दौरान सात पेटी में कुल 62 लीटर देशी मसालेदार शराब के साथ लावारिस हालत में बाइक पकड़ी गई। जिसे थाने लाया जब्त की कार्रवाई की गई। बता दे कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा विभिन्न थानों के तहत विभिन्न क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत राजपुर पुलिस थाना क्षेत्र के चौसा मोहनिया मार्ग पर ईसापुर बाजार में जांच अभियान चला रही थी। इसी बीच यूपी की सीमा से शराब की खेप लेकर आ रहे एक तस्कर ने पुलिस को देखते ही बाजार के समीप अपनी बाइक को खड़ा कर भाग निकला। तभी पुलिस को लावारिस हालात में पड़ा बाइक दिखी। पुलिस ने बाइक की तलाशी ली तो बाइक पर रखे गए झोले में देशी मसालेदार शराब की पेटिया मिली। जहा स्प्लेंडर प्लस बाइक व शराब को थाने लाया गया। जिसकी गिनती गई तो बाइक से शराब की सात पेटियों में कुल 200 एमएल की 310 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद की गई। जिसे जब्त की कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में विशेष सख्ती बढ़ा दी गई है। हर गांव में शादी विवाह व होने वाले उत्सव पार्टी पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

## खबरें फटाफट

### फर्जी डॉक्टर पर लगा 50 हजार का जुर्माना

**डुमरांव।** नगर के चाणाक्या रोड में फर्जी एमबीबीएस डाक्टर बन मातेश्वरी क्लीनिक चलाने वाले का फडाफोड़ हुआ है। पुरानाभोजपुर के नावानगर गांव निवासी अनिल कुमार ने लोक शिकायत निवारण कानून के तहत बक्सर में परिवारवाद दायर किया था। परिवादी द्वारा न्याय दिलाने और एवं खर्च हुए पैसे की मुहैया कराने की शिकायत की गई थी। उसी शिकायत पर जांच कराया गया था। जांच में प्रतिवेदन के अवलोकन करने से ज्ञात हुआ कि डाण भरतजी दूबे स्वयं को एमबीबीएस डाक्टर बनाकर सामने आए। फिर उनसे एमबीबीएस डिग्री के संबंध में पूछताछ करते हुए प्रमाण पत्रों की मांग की गईए लेकिन उन्होंने जांच टीम को कोई प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया। साथ ही चिकित्सक द्वारा मातेश्वरी अस्पताल संबंधित कोई जानकारी भी उपलब्ध नहीं करायी गई। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 1154 दिनांक 9 अप्रैल 2024 के द्वारा संचालक मातेश्वरी क्लीनिक को बिहार नैदानिक स्थापन, रजिस्ट्रीकरण और विनियमन, नियमालवली 2013 के तहत रजिस्ट्रीकृत नहीं होने के आरोप में अतिलंघन पर 50 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई है। परंतु संचालक के द्वारा लगाए गए आरोप के प्रति संलग्न करते हुए निदेशित है कि पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अंदर जांच कर सुस्पष्ट जांच प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस तरह का फंडफोड़ होने से फर्जी क्लीनिक चलाने वाले और फर्जी डाक्टर का लेवल लगाकर लोगों को गुमराह करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है।

### पेयजल की नहीं होगी नगर में समस्या

**डुमरांव।** भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो गया है। जरूरी काम वाले ही बाजार करने के लिए निकल रहे हैं। इधर लगन का दिन होने के कारण लू की परवाह किए बगैर लोग बाजार में दिखाई पड़ रहे हैं। इस भीषण गर्मी में शहर में आने वाले लोगों को पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़े इसको लेकर नप काफी एलर्ट मोड में है। चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने वार्ड पार्षदों के साथ एक अनौपचारिक बैठक कर पेयजल आपूर्ति के लिए आपसी सलाह-मशवारा किया गया। सरकार की तरफ से चापाकाल नहीं लगाना है। लिहाजा जो चापाकल लगे हैं, खराब पड़े डेढ़ दर्जन चापाकलों को ठीक कर दिया गया है।

## डंठल में लगी आग ने खेत व झोपड़ी को लिया आगोश में, तीन झोपड़ियां, अनाज, केबल जले

# शुक्रवलिया में दमकल कर्मियों से मारपीट, तीन जख्मी, वाहन को भी किया क्षतिग्रस्त

- किसी उपद्रवी ने दमकल वाहन पर पथराव शुरू कर दिया इसके बाद लगातार पथराव होने लगा
- मारपीट करने वालों पर प्रशासन सख्त

**केटी न्यूज/बक्सर**



इटाढ़ी थाना क्षेत्र के शुक्रवलिया गांव में खेतों में लगी आग बुझाने के लिए गई दमकल कर्मियों से ग्रामीणों ने मारपीट कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में तीन दमकल कर्मी घायल हो गए हैं। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दमकल कर्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। तथा मारपीट करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर शुक्रवलिया गांव के खेत में डंठल जलाने में किसी ने आग लगा दी। आग जिसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। सूचना पर दमकल कर्मी शुक्रवालिया पहुंचे और आग बुझाना शुरू किया। कुछ देर आग बुझाने के बाद दमकल कर्मी पानी भरने के लिए समीप एक पेट्रोल पंप में पहुंच गए। वहां वह पानी भर ही रहे थे तब तक यह सूचना मिली कि आग बढ़ते हुए दूसरे गांव की तरफ जा रही है। इसके बाद दमकल कर्मी आग बुझाने के लिए वाहन लेकर उसी गांव की तरफ जाने लगे, लेकिन तब तक जहां पहले आग लगी थी वहां के लोग यह कह कर गाड़ी रोकने लगे कि पहले उनके गांव के तरफ ही आग बुझाई जाए। दमकल कर्मियों ने जब उन्हें स्थिति की भयावता से अवगत कराते हुए यह कहा कि दूसरी तरफ से आग बुझाना आवश्यक है। तो लोग आक्रोशित हो गए और दमकल कर्मियों से मारपीट करने लगे। जिसमे अग्निशमक दल के नीतीश कुमार, संतोष कुमार तथा चालक शशि कुमार गुप्ता घायल हो गए। मारपीट के दौरान ही किसी उपद्रवी ने दमकल वाहन पर पथराव शुरू कर दिया इसके बाद लगातार पथराव होने लगा वाहन क्षतिग्रस्त हो गई तथा चालक समेत दमकलकर्मी घायल हो गए। तुरंत ही दमकल कर्मियों के द्वारा इस बात की सूचना अग्निशमन पदाधिकारी सत्यदेव सिंह को दी गई, जिसके बाद उनके निर्देश पर इटाढ़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तब दमकल कर्मियों की जान बची। बाद में सभी को इटाढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया, जहां से चालक की हालत गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर, आग की घटना में शुक्रवालिया के कन्हैया उपाध्याय के तीन झोपड़िया रखे अनाज व समरसेबल के केबल जल गए। ग्रामीणों ने बताया दमकल कर्मियों को गांव में ही पानी भरे जाने के इंतजाम किए गए। मगर वे लोग अपने मन से पेट्रोल पंप चले गए। अग्निशमन पदाधिकारी सत्यदेव सिंह ने बताया कि दमकल कर्मियों से मारपीट और वाहन क्षतिग्रस्त करने के आरोप में नामजद अभियुक्तों के साथ-साथ स्थानीय उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

## राजपुर में आग ने मचाई तबाही, तीन दर्जन झोपड़ियां व 16 मवेशी खाक



- मुंडन संस्कार में गया था पूरा मोहल्ला, इधर आग ने मचाई तबाही, सिलेंडर ब्लास्ट से विकराल हो गई थी आग, लोगों ने भागकर बचाई जान

**केटी न्यूज/सिमरी**

तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय बड़का राजपुर नई बस्ती में अगलगी की भीषण घटना में तीन दर्जन से अधिक झोपड़ियां तथा 16 मवेशी जलकर खाक हो गए है। इस घटना में लाखों की संपति भी जली है तथा पीड़ित परिवार खुले आसमान तले राम बिताने को मजबूर हो गए है। हालांकि, सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के सहयोग से तत्काल दमकल की तीन गाड़ियों को बुलाया गया, दो घंटे के मशक्कत के बाद दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया। इस दौरान मोहल्ले में वाले घर से बाहर भाग अपनी जान बचाए। घटना शुक्रवार दोपहर की है। मिली जानकारी के अनुसार आदर्श नगर नई बस्ती मोहल्ले के तीन घरों के बच्चों का मुंडन था। बस्ती के अधिकांशत महिला, पुरूष व बच्चें मुंडन संस्कार में शामिल होने गंगा घाट पर गए थे। इसी दौरान दोपहर में अचानक रामचीज राम के घर में आग लग गई। बस्ती में जो लोग बचे थे वे कुछ समझ पाते तथा आग बुझाने का प्रयास करते तबतक तेज पछिया हवा के कारण आग रामचीज के घर से शुरू हो रामबली राम, बहादूर राम, विकास राम, सुनील राम, अजित राम, ललन राम, दशरथ राम समेत करीब 3 दर्जन से अधिक घरों को अपने आगोश में ले लिया। बताया जाता है कि इसी दौरान एक घर में रखे रसोईगैस के सिलेंडर में भी आग पकड़ लिया था।

## नहीं रहे कामरेड सत्यनाराण प्रसाद, राजनीति के एक युग का अंत

- जुझारू छवि के थे सत्यनाराण प्रसाद, 91 वर्ष की उम्र में हुआ निधन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के वयोवृद्ध सीपीआई नेता व कई सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर हमेशा मुखर रहने वाले सत्यनारायण प्रसाद का निधन हो गया है। शुक्रवार की देर शाम 91 वर्ष की उम्र में उन्होंने पैतृक घर डुमरांव के राजगढ़ चौक के पास निधन हुआ। उनके निधन की खबर मिलते ही डुमरांव के राजनीतिक व सामाजिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि कामरेड सत्यनारायण प्रसाद की गिनती डुमरांव के जुझारू नेताओं में होती थी। वे हमेशा जन सरोकार के मुद्दे पर जन आंदोलन का नेतृत्व करते थे। कई बार तो जनता के मुद्दे पर सिद्धांत छोड़ वे सर्वदलीय आंदोलनों की अगुवाई भी किए थे। डुमरांव सूत मिल के मजदूरों का मामला हो या फिर डुमरांव को अनुमंडल बनाने के लिए संघर्ष वे हमेशा अगली पंक्ति में खड़े रहें। उनके निधन से डुमरांव के एक राजनैतिक युग का अंत हो गया है। वे एक बार डुमरांव विधानसभा से सीपीआई के टिकट पर 1972 में विधानसभा चुनाव भी लड़े थे। जिसमें वे मामूली अंतर से हार गए थे। तब पूर्व मुख्यमंत्री हरिहर प्रसाद सिंह की जीत हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त चुनाव में हरिहर प्रसाद सिंह को 25 हजार 238 वोट मिला था जबकि सत्यनारायण प्रसाद को 24 हजार 815 मत मिले थे तथा वे मात्र 423 मतों से चुनाव हारे थे। लेकिन जनता के मुद्दें पर संघर्ष के दौरान उन्होंने कभी हार का मुंह नहीं देखा था। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। लोग उनका अंतिम दर्शन करने तथा शोक जताने उनके दरवाजे पर पहुंचे। पारिवारिक सूत्रों की मानें तो उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। उनके निधन पर शोक जताने वालों में डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह, नागेन्द्र ओझा, संजय शर्मा, प्रदीप शरण, दशरथ प्रसाद विद्यार्थी, डा. अब्दूल रशीद हाशमी, भाजपा नेता सच्चिदानंद भगत, राजद नेता अखिलेश सिंह यादव, चुनमुन प्रसाद वर्मा, राजीव कुमार, मो. शमीम, मो. शमी, डॉ. एसके सैनी, संजय चंद्रवंशी, गोपाल प्रसाद गुप्ता, नथुनी खरवार, महेन्द्र राम, रामबहादूर सिंह समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# मेहनत व ईमानदारी की बदौलत ही मिलेगी सफलता : प्रो शंभूनाथ

**केटी न्यूज/डुमरांव**



स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज में शुक्रवार को स्नातक प्राणी विज्ञान संकाय के छात्राओं को विदाई दी गयी है। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शंभूनाथ शिवेंद्र ने अपने अध्ययन काल के सुखद क्षणों को स्मरण करते हुए खुशी जतायी और कॉलेज छोड़ने वाली छात्राओं के गम को अपने मानस पटल पर परिलक्षित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमेशा मेहनत और ईमानदारी के बदौलत ही सफलता मिलती है। वहीं प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट फॉमूर्ला नहीं होता है। छात्राएं अपना लक्ष्य तय कर ऊंचाइयों की उड़ान भरे और अपने अध्ययन के बदौलत बेहतर भविष्य संवारते हुए अनुशासित जीवन से राष्ट्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे। उन्होंने छात्राओं को कॉलेज से हमेशा जुड़े रहने का सलाह दिया तथा कहा कि कॉलेज उनके उत्थान के लिए हमेशा तत्पर है और रहेगा। इसके साथ उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान छात्राओं ने भी अपने अध्ययन काल के अनुभवों को साझा किया। कॉलेज प्रशासन द्वारा आगत अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कई कॉलोनियों में नहीं बना है नाली, हल्की बारिश में भी होता है जलजमाव

# धरातल पर नहीं उतरा ड्रेनेज सिस्टम, मौसम विभाग के पूवार्नुमान से सहमे शहरवासी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार में भीषण गर्मी से तपती धरती और हीटवेव के हालातों के बीच राहत की खबर आई है। मौसम विभाग ने अगले तीन-चार दिनों के भीतर बिहार के कुछ जगहों पर बारिश का पूवार्नुमान जताया है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन लोगों से सावधानी बरतने की भी सलाह दी है। पूवार्नुमान के मुताबिक 27 अप्रैल को बक्सर जिले के अलावे बिहार के अन्य जिलों में बादल छाने के साथ बारिश का अनुमान हैं। लेकिन, इस अनुमान से डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के शहरवासी सहमे हैं। कारण कि मानसून के बरसात की कौन कहे हल्की बारिश में ही लोगों को जलजमाव का सामना करना पड़ता हैं। बरसात के दिनों में नगर परिषद क्षेत्र के कई कॉलोनियों और मुख्य सड़के जलजमाव की समस्या से जूझने लगता है। शहर का मुख्य सेंट्रल नाला के सफाई के बाद उसका कचरा का उठाव नहीं किये जाने से नाला जाम हो रहा है। तत्काल कचरे का उठाव नहीं किया गया तो नाले में गंदे पानी का बहाव ठप हो सकता है। नगर परिषद ने शहर के जलजमाव से निजात पाने के लिए ड्रेनेज सिस्टम बनाने की कार्ययोजना तैयार की लेकिन अब तक इस कार्ययोजना को धरातल पर नही उतरने से आम लोगों की परेशानी बढ़ेगी। मुख्य मंडी स्थित कई दुकानों में जलजमाव हो जाता है, जिससे दुकान में रखे गये हजारो रुपये के सामान खराब हो जाते है तो कई कॉलोनियों में रहने वाले लोग घुटने भर पानी को पार कर अपने घरों को पहुंचते है। कई जगहों पर नाली का निर्माण पूरा नही हुआ तो कई मोहल्लों में नाली बनने के बाद भी पानी का निकास नही होने से स्थिति भयावह हो जाती है।



**सड़क किनारे पड़े है कूड़े**

नगर परिषद प्रशासन द्वारा कड़े निदेशों के बाद भी एनजीओ के सफाईकर्मी सड़को किनारे ही कूड़े को फेंक कर चले जाते है। शहर के जंगलीनाथ शिव मंदिर रोड, सुमित्रा कॉलेज रोड़, बाइपास रोड़, काली मंदिर रोड आदि सड़को के किनारे कूड़े का ढेर लगा है। इन कूडो से बदबू निकलती है, जिससे राहगीर परेशान होते है।

**क्या कहते है अधिकारी**

साफ-सफाई की कार्ययोजना तैयार की गयी हैं। कैबिनेट की बैठक के बाद इसे लागू किया जायेगा। **अनिरुद्ध कुमार, इओ नप डुमरांव।**

## जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले... कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार छवि के नेता हैं मिथिलेश तिवारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय जनता पार्टी ने वैष्णवी क्लार्क होटल बक्सर में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। जिसमें राजीव रंजन सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता जदयू, एनडीए समर्थित भाजपा के बक्सर लोकसभा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी, जदयू के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, उमाशंकर राय मीडिया प्रभारी तथा रानी चौबे मीडिया पैनलिस्ट ने भाग लिया। पत्रकारों से बातचीत के क्रम में राजीव रंजन सिंह ने प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और जुझारू कार्यकर्ता बताया तथा आम जनों के लिए सर्व सुलभ इंसान बताया। अपने संबोधन में सभी एनडीए दलों की ओर से राजीव रंजन ने बक्सर वासियों को आश्वस्त किया कि मोदी की जरूरत आज हर घर और देश के लिए बहुत जरूरी है, इसलिए हम सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी दल प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को बक्सर की धरती से जीता कर मोदी जी के कंधे को मजबूत करने का काम करेंगे। राजीव रंजन ने बिहार में जनहित में कार्य योजनाओं की जानकारी साक्षा की।

# ध्यान ना देबअ विकास के काम प, त कबले जनता जिताई मोदी जी के नाम प...

- भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह ने मीडिया से की बात
- बोले- अब चुनाव से पीछे हटने का सवाल ही नहीं
- नौ मई को काराकाट लोकसभा सीट से नामांकन का किया ऐलान

**केटी न्यूज/काराकाट**



भोजपुरी स्टार पवन सिंह रोहतास जिले के डिहरी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान एनडीए पर टिप्पणी की। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी की बातों पर उन्होंने कहा कि पीछे हटने का कोई सवाल नहीं। उन्होंने कहा सौ बात के एक जवाब, ध्यान ना देबअ विकास के काम पर, कब ले जनता जिताई मोदी जी के नाम पर, जनता से बड़ी कोई हस्ती नहीं। उन्होंने कहा कि मैं निर्दलीय से काराकाट लोकसभा के लिए नामांकन करूंगा। 9 तारीख को नामांकन करूंगा। भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने बताया कि मां के आशीर्वाद लेकर काराकाट लोक सभा क्षेत्र के लिए निकला हूं ।मां का आशीर्वाद लेकर एक बेटा निकला है चुनाव लड़ने के लिए और पीछे जाने का सवाल ही नही है। एक कलाकार होने के नाते में यही कहूंगा,पवन तो पवन है ही लेकिन कलाकार की कोई जाति नहीं होती। हम लोकल बानी, हमारा फर्ज बनता है कि हम अपनी जनता का दुख देखें। उनके सुख में शामिल हों उसके दुख में शामिल हों।

**जनता ही किसी को बनाती है जनता ही बिगाड़ती है:** बीजेपी सांसद मनोज तिवारी की बातों पर उन्होंने कहा कि पीछे हटने का कोई सवाल नहीं। जनता से बड़ी कोई हस्ती नहीं। जनता ही किसी को बनाती है जनता ही बिगाड़ती है। मैं निर्दलीय ही से काराकाट लोकसभा के लिए नामांकन करूंगा। जनता का आशीर्वाद उनके साथ है और उससे वह गदगद हैं। उन्होंने कहा कि काराकाट लोक सभा क्षेत्र में फिल्म इंडस्ट्रीज के माध्यम से रोजगार मिलेगा। शिक्षा विकास उनके प्राथमिकता में शामिल है। इसी बीच उन्होंने खेसारी लाल यादव का भी जिक्र किया। पवन सिंह ने कहा खेसारी लाल यादव मेरा छोटा भाई है और मैं अपने भाई को बुलाऊंगा और मेरा भाई आएगा।

## एक नजर

### मंत्री संतोष सिंह ने प्रधानमंत्री को मजबूत करने के लिए उपेंद्र कुशवाहा के लिए मांगा वोट



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने काराकाट लोकसभा क्षेत्रों का दौरा किया। जहां उनके आगमन होते एनडीए कार्यकताओं सहित समर्थकों ने पूर्व चेयरमैन नगर परिषद सह वर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष,बिक्रमगंज सिद्धनाथ उर्फ जवाहर सिंह के नेतृत्व में उनके धारूपुर आवास पर फूल माला पहना गर्मजोशी से स्वागत कर नारा लगाया। जहां मंत्री ने राजनीति के अनुभवी ज्ञाता भाजपा नेता सिद्धनाथ सिंह से आशीर्वाद लेते हुए एनडीए 400 के पार पर चुनाव पर विषेश चर्चा की। साथ ही भाजपा के युवा हनुमान नेता डॉ. मनीष रंजन के एनडीए टीम मंडली साथ विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से जनसंपर्क किया। जहां काराकाट लोकसभा क्षेत्र के जनता द्वार पहुंच कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काराकाट लोकसभा क्षेत्र के चुनावी दंगल में एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को क्षेत्रों के जनहित विकास कार्य के लिए मतदाता अपना बहुमूल्य वोट 1 जून को सभी बूथ केंद्रों पर देकर उन्हें जीत दिलाते हुए प्रधानमंत्री के हाथों को और मजबूत बनाएं। वही अंतिम चरण की लोकसभा चुनाव में काराकाट लोकसभा क्षेत्र के नोखा, डेहरी, काराकाट,गोह,ओबरा सहित नवीनगर अंतर्गत सभी एनडीए कार्यकर्ता को एकजुट होकर जनता की समस्या से रूबरू होने के लिए उनके द्वार तक पहुंचने के लिए अपील की। ताकि प्रधानमंत्री के सबका साथ-सबका विकास का सपना सच हो सकें। जो इस बार की लोकसभा चुनाव में बिहार में 40 सीट जनता मतदाता के आशीर्वाद से एनडीए के झोली में अवश्य जायेगी। जो पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एनडीए 400 के पार होगी। मौके पर अजीत सिंह,सुनील सिंह,मनमोहन तिवारी, बिरेंद्र तिवारी, बलवंत सिंह, नगर सभापति बिक्रमगंज मनोरंजन सिंह,राजेश कुशवाहा, रामचंद्र पासवान, भूपेश प्रसाद, रितेश सिंह, मुखिया अमित सिंह, ललित मोहन सिंह,सरोज सिंह, प्राचार्य अमरेंद्र मिश्रा,नवीन चंद्र शाह, नागेश्वर कुशवाहा समेत समर्थक मैनुद्दीन हुसैन,अजय यादव, श्याम बिहारी यादव,सतीश कुशवाहा, जसीम कुरैशी,अयूब खां, परवेज खां, विवेक कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

### पटना अग्नि कांड में भोजपुर के युवक की भी मौत, खाना खाने के दौरान हो गया हादसा

**आरा।** पटना स्थित पाल होटल अग्नि कांड में भोजपुर के एक युवक की भी मौत हो गई है। वह आरा के धरहरा हनुमान टोला निवासी राहुल कुमार पाठक बताया जा रहा है। राहुल मूल रूप से बिहिया इलाके के रहने वाले देवेंद्र पाठक का 25 वर्षीय पुत्र था। उसका परिवार काफी दिनों से आरा के धरहरा इलाके में किराए के मकान में रहता था। वह पटना रेलवे स्टेशन के समीप किसी चाट दुकान में काम करता था और पिछले करीब दस साल से वहीं रहता था। बताया जा रहा है कि वह गुरुवार की सुबह अपने दोस्तों के संग खाना खाने पाल होटल गया था। तभी गैस रिसाव के होटल में आग लग गया। उसमें झुलसने और दम घुटने से उसकी मौत हो गयी। पटना पुलिस की कॉल आने के बाद उसके परिजन पटना चले गये हैं। स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व पार्षद मुन्ना महतो ने बताया कि उसके पटना में ही उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अबतक मिली जानकारी के अनुसार वह दोस्तों के साथ पाल होटल में खाना खाने गया था। तभी आग लग गयी और दम घुटने से उसकी मौत हो गयी। इधर, शुक्रवार तक उसकी मां और बहन को मौत की जानकारी नहीं थी। वहीं घरवालों के अनुसार राहुल करीब 15 साल की उम्र में ही पैसे कमाने पटना चला गया था।

## खबरें फटाफट

### वाहन चेकिंग में पुलिस ने 67 हजार का काटा चालान

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम मुख्य पथ पर मोहनी चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया वाहन चेकिंग अभियान लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष रूप से छोटे एवं बड़े वाहनों की सघन रूप से तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि वाहन चेकिंग के क्रम में 67 हजार का चालान काटा गया।

### पुलिस ने चार वारंटी को भेजा जेल

**बिक्रमगंज।** नासरीगंज एवं दिनारा पुलिस ने अलग-अलग गांवों से चार वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सासाराम मुफस्सिल निवासी विराट कुमार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । तो वहीं दूसरी ओर दिनारा पुलिस ने भी थाना क्षेत्र के लोहरा गांव से जयप्रकाश राम और जग दयाल चौधरी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं बराढ़ी कला निवासी श्याम बिहारी मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने दी ।दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार एवं नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट से निर्गत वारंट था।

### पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**दिनारा।** दिनारा पुलिस ने मारपीट एवं एससी-एसटी एक्ट के मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुबे-डिहरी निवासी जय राम चौधरी एवं मुरली चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 63/24 के आलोक में मारपीट करने व एससी-एसटी एक्ट के मामले में कांड दर्ज था।

## सहार थाना क्षेत्र के इनरुखी गांव की शुक्रवार की सुबह की घटना

# पिकअप ने सड़क किनारे खड़े दूल्हे के पिता समेत दो को रौंदा, दोस्त की मौत

- बारात विदाई के बाद गांव लौटने लिए गाड़ी पर चढ़ने के दौरान हादसा
- आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम
- जख्मी दूल्हे के पिता का आरा सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

सहार थाना क्षेत्र के इनरुखी गांव में शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित डीजे लदी पिकअप ने सड़क किनारे खड़े दूल्हे के पिता और दोस्त को रौंद दिया। उसमें दूल्हे के दोस्त की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव निवासी वासुदेव चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार था। जख्मी दूल्हे के पिता अंधारी गांव निवासी 45 वर्षीय अजय साव हैं। वहीं हादसे के बाद देर तक अफरातफरी मची रही। घटना के संबंध में अंधारी गांव निवासी किशन कुमार ने बताया कि गांव के ही अजय साव के बेटे अभिषेक कुमार की बारात गुरुवार की रात सहार थाना क्षेत्र के इनरुखी गांव आयी थे। उसमें उनके परिजनों और रिश्तेदारों के साथ गांव के ही काफी संख्या में लोग गये थे। दोस्त होने के नाते राहुल भी बारात में गया था। शादी समारोह संपन्न होने के बाद शुक्रवार की सुबह सभी लोग इनरुखी गांव में बस पर चढ़ने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। उसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार डीजे लदे पिकअप ने दूल्हे अभिषेक कुमार के पिता अजय साव और दोस्त राहुल कुमार को रौंद दिया। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा राहुल कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

तेज रफ्तार एक पिकअप ने अंधारी गांव निवासी अभिषेक की शादी की खुशियां छीन गयी। दोस्त की मौत और पिता के घायल होने से शादी की सारी खुशियां गम में बदल गयी। एक तरफ राहुल के घर में कोहराम मच गया, वहीं अभिषेक के घर में भी मायूसी छा गई है। जिस घर में सुबह दुल्हन आने की तैयारी चल रही थी, वहां हादसे के बाद उदासी छा गयी थी।



मृतक।

### करगहर में बाइक सवार ने 5 वर्षीय बच्चे को कुचला, मौत

**करगहर (रोहतास)।** करगहर थाना क्षेत्र के खड़ारी स्थित चौक पर शुक्रवार को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने 5 वर्षीय बच्चे को कुचल दिया ।जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे एक निजी क्लिनिक में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के क्रम में बच्चे ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि खड़ारी निवासी जयप्रकाश प्रसाद का चौक के समीप स्थित फल की दुकान पर उनका 5 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार आया था। इस बीच ग्राहकों को फल बेचने में पति-पत्नी व्यस्त हो गए और बच्चा अचानक सासाराम चौसा पथ पर आ गया। इसी बीच तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित बाइक सवार ने बच्चे को कुचल दिया। घटना को अंजाम देकर बाइक सवार भगाने की फिराक में था कि ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को जब्त कर बाइक सवार को हिरासत में ले लिया है।

### खेत जाने के दौरान राजापुर बालू खदान में दबने से युवा किसान की मौत, कोहराम

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव स्थित बालू खदान में शुक्रवार की सुबह दबने से एक किसान मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृत किसान राजापुर गांव निवासी स्व.भिखारी साव के 39 वर्षीय पुत्र संजय साव थे। उनके भतीजे राकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह राजापुर बधार स्थित अपने खेत में जा रहे थे। रास्ते में बालू का खादान रास्ते में पड़ता है। उसके चाचा खादान के बगल से गुजर रहे थे। तभी खादान की दीवार ( अरार ) भरभरा कर गिर पड़ी।। उसमें बालू के नीचे दब गये। कुछ देर बाद सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और उन्हें बालू के नीचे से निकाला गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए पटना के बिहटा स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। पटना ले ही जा रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। तब शव वापस गांव लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि किसान दो भाइयों में छोटे थे। उसके परिवार में पत्नी सीमा देवी, पुत्री लक्ष्मी,सुहानी एवं रेशमी है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम और रोना-धोना मच गया है।

# पैसे मांगने पर मिठाई दुकान में फायरिंग, बची जान

- गड़हनी के नया बाजार स्थित गोकुल मिष्ठान भंडार में वारदात
- दोपहर में बिना टोकन नाश्ते को लेकर हुआ विवाद, शाम में पहुंच बदमाशों ने चलाई गोलियां

**केटी न्यूज/आरा**

गड़हनी नया बाजार में शुक्रवार की शाम पैसे मांगने पर बदमाशों द्वारा एक मिठाई दुकान पर फायरिंग कर दी गई। दो की संख्या में रहे बदमाशों की ओर से तीन राउंड फायरिंग करने की बात सामने आ रही है। हालांकि गोलीबारी में दुकानदार और स्टाफ बाल-बाल बच गए। फायरिंग की घटना आयर थाना क्षेत्र के हदियाबाद गांव निवासी अनीश सिंह की गोकुल मिष्ठान भंडार में शाम करीब छह बजे हुई। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश शांति नगर धमनियां के रास्ते भाग निकले। सरेराह फायरिंग की घटना से बाजार में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष रणवीर कुमार पहुंचे और अपराधियों का पीछा किया। तबतक अपराध कर्मी काफी दूर भाग चुके थे।

दुकान मालिक अनीश कुमार सिंह के अनुसार दोपहर वह नया बाजार स्थित अपनी मिठाई दुकान में बैठ थे। तब दो व्यक्ति नाश्ता करने आये। उन्होंने कहा कि पहले टोकन लीजिए। उसके बाद ही नाश्ता मिलेगा। उस पर एक व्यक्ति उनसे उलझ गया। कहने लगे कि तुम हमको पहचानते नहीं हो? हम टोकन नहीं लेते हैं। नाश्ता नहीं दोगे, तो महंगा पड़ेगा। उसके बाद पैसे उनके मुंह पर फेक कर चला गया। शाम करीब छह बजे वह व्यक्ति दुबारा अपने एक दोस्त के साथ होटल पहुंचा और काउंटर की ओर ताबड़तोड़ तीन गोलियां दाग दी। तब उन्होंने किसी तरह भाग कर जान बचाई।? कहा अगर शीशा नहीं होता तो वह जिंदा नही बच पाते। पुलिस मामले की छानबीन करने और बदमाशों की धरपकड़ में जुटी है। पुलिस बदमाशों की पहचान कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर, सरेशाम फायरिंग से गड़हनी बाजार के दुकानों में भर व्याप्त है। बता दें कि कुछ दिनों पहले भी नया बाजार स्थित एक मिठाई के दुकान पर अपराधियों की ओर दहशत फैलाने को फायरिंग की गयी थी। तब पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# 50 हजार का इनामी चंदन महतो गिरफ्तार

- लूट और आर्म्स एक्ट सहित सात अन्य मामलों में पूर्व से भी चार्जशीटेड रहा है चंदन
- भोजपुर की टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल है चंदन महतो

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में अपराधियों की धरपकड़ में जुटी गजराजगंज ओपी की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में वांछित 50 हजार के इनामी कुख्यात अपराध कर्मी चंदन महतो उर्फ चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे शुक्रवार की सुबह आरा-बक्सर फोरलेन स्थित गजराज गंज ओवरब्रिज के समीप से पकड़ा गया है। चंदन महतो उर्फ चंदन कुमार ओपी क्षेत्र के पकड़ियावर गांव निवासी अमीर चन्द्र महतो का पुत्र है। वह पूर्व से भी लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित सात कांडो में चार्जशीटेड रहा है। वह भोजपुर जिले की टॉप टेन अपराध कर्मियों की सूची भी शामिल था।

ट्रेनी डीएसपी रश्मि कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि 50 हजार का इनामी टॉप टेन अपराध कर्मी चंदन महतो उर्फ चंदन कुमार गजराजगंज ओपी क्षेत्र में कहीं छुपा है। सूचना के सत्यापन और उसकी गिरफ्तारी को एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में टीम की गयी। टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर हरि प्रसाद शर्मा, राजाराम प्रसाद और कन्हैया कुमार द्वारा तत्काल छापेमारी शुरू की गयी। उस दौरान लोकेशन के आधार पर एन एच 922 स्थित गजराजगंज ओवर ब्रिज के पीछे से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी ने बताया कि चंदन महतो उर्फ चंदन कुमार आर्म्स एक्ट के एक मामले में वांछित था। पूर्व से भी सात मामलों में चार्जशीटेड रहा है। टीम में सिपाही अनमोल कुमार, अशोक कुमार और रौशन कुमार भी शामिल थे।

# मनमानी... 11 बजे तक नहीं खुलता काराकाट बीआरसी कार्यालय का ताला

**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट प्रखंड संसाधन केंद्र के अधिकारी व कर्मचारियों को किसी का तनिक भी भय नहीं है। तभी तो शुक्रवार को पूरे कार्यालय के मुख्य गेट पर ही ताला बंद करके सभी कर्मचारी गायब मिले। पूछने पर पता चला कि एमटीएस सिंटू कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो०. कलामुदीन को अपने निजी वाहन से प्रतिदिन विद्यालय के निरक्षण कराने के लिए लेकर जाते हैं। जिससे पूरा बीआरसी का काम प्रभावित रहता है।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कितना लापरवाह हैं और कर्मचारियों की कितनी मनमानी चल रही है इसका अंदाजा बीआरसी कार्यालय के हालातों को देखकर लगाया जा सकता है । कहने को प्रखंड मुख्यालय पर स्थित सभी कार्यालयों में सुबह 10 बजे से काम शुरू हो जाता है, लेकिन बीआरसी में 11 बजे तक भी ताले लटके रहते हैं ।मुख्य गेट पर लटके तालों से स्पष्ट पता चलता है कि कार्यालय सुबह से खोला ही नहीं गया था ।कार्यालय के बाहर सुबह से इंतजार कर रहे शिक्षक व अभिभावकों ने बताया कि वो काम से बीआरसी में आते हैं लेकिन ताला बंद देख बिना काम कराये वापिस लौट जाते हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सरकारी स्कूल के शिक्षक, प्रखंड बीपीएम नवीन कुमार सहित दर्जनों अभिभावक बीआरसी भवन के मुख्य गेट पर सुबह से ताला खुलने का इंतजार कर रहे थे ।मुख्य गेट पर ही ताला लटका था जिसकी वजह से बीपीएम, बीआरपी,शिक्षक गेट के बाहर ही खड़े थे। वही कई अभिभावक भी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का सुबह से इंतजार कर रहे थे। जानकारी के अनुसार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी 11 बजे के बाद बीआरसी पहुंचे जहां सुबह से इंतजार कर रहे अभिभावकों ने उन्हें घेर लिया और पूछा कि साहब अगर विद्यालय 9 बजे नही खुलती है तो आप उसके ऊपर त्वरित कार्रवाई करते हैं और आपका बीआरसी 11 बजे तक बंद हैं तो आपके ऊपर करवाई क्यों नहीं होनी चाहिए ।इस सभी सवालों से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो०. कलामुदीन बचते दिखे ।







# गंगापुर रामगढ़ घाट पर नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से युवक की मौत

**केटी न्यूज / बलिया**



हल्दी थाना क्षेत्र के गंगापुर रामगढ़ स्थित गंगा नदी में शुक्रवार को डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बता दे कि रेवती थाना क्षेत्र के रेखहां (छपरा सारिब) निवासी शंकर यादव के नाती का मुंडन संस्कार शुक्रवार को हल्दी थाना क्षेत्र गंगापुर रामगढ़ गंगा घाट पर हो रहा था। इसमें शामिल होने के लिए रेखहां (छपरा सारिब) निवासी नंदलाल गोड़ (19) पुत्र छोटेलाल गोड़ आया था। नंदलाल गंगा में स्नान कर रहा था, तभी असंतुलित होकर गहरे पानी में चला गया। युवक को डूबता देख गंगा तट पर मौजूद नाविक तथा कुछ अन्य युवक नदी में कूद पड़े, तब तक नंदलाल डूब चुका था। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गयी। नदी में डूबे युवक का शव नाविकों व गोताखोरों ने करीब साढ़े चार घंटे बाद नदी के पेटे से बाहर निकला।

## हासनगर गंगा घाट पर डूबा युवक

**हल्दी।** थाना क्षेत्र के हासनगर स्थित गंगा घाट पर शुक्रवार को मुण्डन संस्कार के दौरान युवक डूब गया। जिसके चलते वहां अफरा-तफरी मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को सूचना दी व नाविकों के सहयोग से ढुढने में जूट गई। समाचार लिखे जाने तक छानबीन जारी था। सहतवार थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी अमित कुमार राजभर 20 पुत्र कन्हैया राजभर पड़ोसी के मुंडन संस्कार गया हुआ था। जहां स्नान करते वक्त वह गहरे पानी में चला गया। वहा मौजूद लोगो द्वारा शोर मचाने के साथ बचाने का प्रयास किया गया। तब वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। हल्दी पुलिस, स्थानीय नाविकों,मल्लाहों के साथ उसे ढुढने का प्रयास कर रही है। मृतक चार भाईयों में बड़ा था। जबकि पिता मजदूरी करते हैं।

## एचटी तार की चपेट में आने से झुलसा मजदूर

**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के महाबीर अखाड़ा में शुक्रवार को हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक मजदूर गम्भीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों ने उसे तत्काल सीएचसी रसड़ा पहुँचाया। जहां से चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बता दे कि सुजीत (30) पुत्र अंजनी निवासी महाबीर अखाड़ा रसड़ा अपने घर के बगल में दो मंजिला मकान में सटरिंग का कार्य कर रहा था, तभी पास से गुजर रहा हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आ गया और गम्भीर रूप से झुलस गया।

### सीएम बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने माफिया एवं बाहुबली नेताओं के खिलाफ की है कार्रवाई

# 2024 के सियासी पिच पर नहीं नजर आ रहे माफिया

**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर।**

यूपी खासकर पूर्वांचल की राजनीति में शुरू से ही माफिया एवं बाहुबली नेताओं का दबदबा रहा है। ऐसे कई सफेदपोश रहे हैं, जिनकी उत्तर प्रदेश ही नहीं आस-पास के प्रांतों में भी तूती बोलती थी। देखा जाए तो मौजूदा समय में ऐसे सफेदपोश अब सियासी पिच से गायब नजर आ रहे हैं। चुनावी रण से दूर होने का एक कारण यह भी है कि कई बाहुबली नेताओं का निधन हो चुका है। जबकि बचे नेता वर्तमान में जेल की सलाखों के पीछे हैं। पिछले दो विधानसभा चुनावों में लगातार भाजपा की जीत के बाद योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद यूपी सरकार ने चुन- चुन कर माफिया एवं बाहुबली नेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है। बदनाम एवं चिन्हित नेताओं से प्रमुख राजनीतिक दल भी दूरी बना चुके हैं। ऐसे में कई बाहुबलियों की राजनीतिक विरासत भी खत्म होती नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा प्रदेश के पश्चिमी छोर से लेकर पूर्वांचल में माफियाओं की अलग सत्ता चलती थी। जिसके सामने सभी नतमस्तक थे। आम जनता में बाहुबलियों का डर और भय इस कदर व्याप्त था कि उनके परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव मैदान में उतरे उसकी जीत सुनिश्चित मान ली जाती थी। इन माफियाओं के खिलाफ प्रतिद्वंदी उम्मीदवार चुनावी रण में कमजोर पड़ जाता था। लेकिन यूपी में इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में बाहुबलियों का तिलिस्म टूटता नजर आ रहा है।

### पूर्वांचल में बोलती थी कभी मुख्तार अंसारी की तूती



पूर्वांचल के मऊ से कई बार विधायक रहे बाहुबली मुख्तार अंसारी की पूर्वांचल में कभी तूती बोलती थी, खासकर गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी और आजमगढ़ क्षेत्र में मुख्तार का असर देखने को मिलता था। गाजीपुर से मुख्तार के भाई अफजाल अंसारी बसपा से सांसद हैं, तो उनके करीबी अतुल राय घोसी से चुनाव जीते थे। मुख्तार का हाल ही में निधन हो गया है, लेकिन उनके भाई अफजाल अंसारी सपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इन दिनों अतुल राय जेल में बंद हैं और घोसी सीट से उन्हें किसी भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। इसके चलते वह चुनाव मैदान से पूरी तरह बाहर हो गए।

### माफिया डान अतीक व अशरफ की हो चुकी है हत्या

पूर्वांचल के बाहुबली एवं डान अतीक अहम और उनके भाई अशरफ की हत्या हो चुकी है। इस बार लोकसभा चुनाव में अतीक अहमद के परिवार से कोई भी किस्मत नहीं आजमा रहा है। विजय मिश्रा, रमाकांत यादव, अतुल राय और रिजवान जहीर जैसे बाहुबली सलाखों के पीछे हैं। डीपी यादव, गुड्डू पंडित, करवरिया बंधु जैसे बाहुबलियों से राजनीतिक दल दूरी बनाए हुए है।

### बाहुबली धनंजय सिंह की उम्मीदों पर फिरा पानी

जौनपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे बाहुबली धनंजय सिंह को मिली सजा ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सपा ने बाबू सिंह कुशवाहा को जौनपुर से प्रत्याशी बनाकर धनंजय की पत्नी के चुनाव लड़ने की उम्मीदों का झटका दे दिया है।

### बृजेश सिंह के परिवार से किसी को नहीं मिला टिकट

बाहुबली बृजेश सिंह और उनके परिवार से भी किसी को टिकट नहीं मिला है। उधर बृजभूषण सिंह के टिकट पर भी सस्पेंस बरकरार है। अमरमणि त्रिपाठी के बेटे अमन मणि ने कांग्रेस का दामन जरूर थामा, लेकिन टिकट नहीं मिल सका। कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह ने अपने किसी भी करीबी को चुनाव मैदान में अभी तक नहीं उतारा है। इस तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में बाहुबली नेता ना के बराबर दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में अस्सी के दशक में बाहुबली नेताओं का सियासी दखल बढ़ना शुरू हुआ और नब्बे के दौर में उनकी तूती बोलती थी। हालत यह हो गई कि बाहुबली नेताओं के सामने कोई चुनावी संग्राम में उतरना ही नहीं चाहता था। पश्चिम यूपी से लेकर पूर्वांचल तक में कुछ साल पहले तक बाहुबली नेताओं का पूरी तरह से दबदबा रहा है। हालांकि सूबे की सियासत ने करवट ली और माननीयों से जुड़े मुकदमों में तेज हुई पैरवी ने बाहुबलियों की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाई। वर्तमान समय में बाहुबली इस दुनिया में नहीं हैं और जो बचे हैं वह सलाखों के पीछे हैं। यही वजह है कि इस चुनाव में बाहुबलियों की दखलंदाजी नहीं दिखाई दे रही है। एक तरफ जहां पश्चिमी यूपी में डीपी यादव का सियासी दबदबा था। नोएडा के रहने वाले पूर्व मंत्री डीपी यादव बदायूं से चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन बसपा और सपा ने किनारा किया तो उनकी सियासी जमीन खिसक गई। डीपी यादव इस बार अपने बेटे के लिए टिकट चाहते थे, लेकिन सपा और बीजेपी दोनों ने ही उन्हें टिकट नहीं दिया। इसी प्रकार गुड्डू पंडित बुलंदशहर के रहने वाले हैं, लेकिन अलीगढ़ से लेकर फतेहपुरी सीकरी तक से चुनाव लड़ चुके हैं। बाहुबलियों में इनका नाम में शामिल हैं। इस बार उन्हें किसी भी पार्टी ने प्रत्याशी नहीं बनाया है। डीपी यादव और गुड्डू पंडित दोनों ने ही पश्चिमी यूपी के बड़े बाहुबली नेताओं के रूप में पहचान बनाई थी, लेकिन इस बार चुनावी पिच से बाहर हैं।

### एक वक्त था जब अतीक के मर्जी के बिना परिंदा भी पर नहीं मारता था

इसी को वक्त की मार कहते हैं, एक समय था जब अतीक अहमद की दबंगई का आलम यह था कि प्रयागराज के इलाके में उनके मर्जी के बिना परिंदा भी पर नहीं मारता था। फूलपुर सीट से अतीक सांसद रहे, लेकिन पिछले साल प्रयागराज में उनकी और उनके भाई अशरफ की हत्या कर दी गई। अतीक के दो बेटे अभी भी जेल में बंद हैं और उनकी पत्नी फरार चल रही हैं। इसके चलते अतीक के परिवार से कोई भी सदस्य इस बार चुनावी मैदान में नजर नहीं आ रहा है। अब अतीक का सियासी साम्राज्य खत्म होता नजर आ रहा है। उधर अपहरण, रंगदारी के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा होने के चलते सियासी पिच से बाहर होना पड़ा है। धनंजय सिंह जौनपुर सीट से चुनावी मैदान में उतरना चाहते थे, लेकिन उन्हें सजा हो गई। इसके बाद अपनी पत्नि को चुनाव लड़ाने की जुगत में थे। रविवार को बाबू सिंह कुशवाहा को प्रत्याशी बना दिया। इसके चलते धनंजय सिंह इस बार लोकसभा चुनाव मैदान में नजर नहीं आएंगे। बता दें कि कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में सजा काट रहे बाहुबली अमरमणि त्रिपाठी ने जेल में रहते हुए अपने भाई अजीतमणि त्रिपाठी को लोकसभा का चुनाव लड़ाया था। बेटे अमनमणि को विधायक बनवाया था, लेकिन इस बार उनके साथ बड़ा खेल हो गया। अमनमणि त्रिपाठी ने कांग्रेस का दामन थामा और महाराजगंज सीट से टिकट मांग रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उनकी जगह चौधरी वीरेंद्र को प्रत्याशी बना दिया। इसके चलते अमरमणि के परिवार से कोई भी चुनावी रण में नहीं है।

### रमाकांत-उमाकांत पर राजनीतिक ग्रहण

यूपी के जौनपुर जिले की बात करें तो शाहगंज रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाने के 1985 के सिपाही हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास की सजा पा चुके बसपा के पूर्व सांसद उमाकांत यादव भी चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। तीन बार विधायक और एक बार सांसद रहे उमाकांत यादव अब आजीवन सजा काट रहे हैं। उमाकांत ही नहीं उनके भाई रमाकांत यादव जेल में बंद हैं। चार बार के सांसद और पांच बार के विधायक बाहुबली नेता रमाकांत यादव फतेहगढ़ जेल में बंद हैं और आजमगढ़ सीट से धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। नब्बे के बाद से पहली बार रामकांत परिवार चुनावी मैदान से बाहर है।

### विजय मिश्रा और करवरिया बंधु बाहर

आगरा जेल में बंद ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्र की लंबे समय तक राजनीतिक तूती बोलती थी। हत्या, लूट, अपहरण, दुष्कर्म, एके-47 की बरामदगी जैसे अपराधों से नाता रहा। चार बार विधायक रहे विजय मिश्र को वाराणसी की एक गायिका के साथ दुष्कर्म के मामले में 15 साल की सजा हो गई। इस बार के चुनावी मैदान से विजय मिश्रा बाहर हो गए हैं। इसी तरह इलाहाबाद में अतीक अहमद को सियासी चुनौती देने वाले करवरिया बंधू भी इस बार के चुनावी मैदान से नदारद हैं। अतीक के सामने कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं होता था। तब करवरिया बंधु ही मैदान में उतरे थे। फूलपुर के पूर्व सांसद कपिलमुनि करवरिया व उनके छोटे भाई पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की गिनती भी बाहुबली नेताओं में होती रही है, लेकिन इस बार कोई बड़ा नाम प्रभावी नहीं दिख रहा है।

### हरिशंकर तिवारी के बेटे चुनाव मैदान में

पूर्वांचल में एक समय हरिशंकर तिवारी का पूरी तरह से दबदबा था। हरिशंकर तिवारी की गिनती बाहुबली नेता के तौर पर होती थी, लेकिन इस बार के चुनावी मैदान में हरिशंकर तिवारी के बेटे भीम शंकर तिवारी को डुमरियागंज सीट से सपा ने प्रत्याशी बनाया है।

## एक नजर

### सुविधा पोर्टल से सभी राजनीतिक दल ले सकते हैं ऑनलाइन अनुमति

**बलिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में शक्रवार की दोपहर जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि ऑनलाइन अनुमति हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से राजनीतिक दल प्रत्याशी चुनाव से सम्बन्धित अनुमति के लिए आवेदन कर सकते है और अनुमति पत्र डाउनलोड भी कर सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुविधा पोर्टल के माध्यम से राजनीतिक पार्टियों और प्रत्याशियों को विभिन्न प्रकार की अनुमति समयबद्धता के साथ दी जा रही हैं। सुविधा पोर्टल पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर पारदर्शी रूप से विभिन्न प्रकार के अनुमति अनुरोधों को निस्तारित करता है। सुविधा पोर्टल रैलियों का आयोजन करने, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, डोर टू डोर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने के लिए अनुमति प्रदान करता है। सुविधा पोर्टल के माध्यम से राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार सहजता से किसी भी स्थान से, किसी भी समय ऑनलाइन अनुमति अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, समावेशिता और सभी हितधारकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ऑफलाइन सबमिशन विकल्प भी उपलब्ध हैं। सुविधा एप आवेदकों को उनके अनुरोधों की स्थिति को रियल टाइम ट्रैक करने की सुविधा प्रदान करता है एवं प्रक्रिया में और भी अधिक सुविधा व पारदर्शिता को जोड़ता है। यह एप आईओएस और एंड्रायड प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

### जेईई मेन्स में आरके मिशन स्कूल बलिया के बच्चों ने लहराया परचम

**बलिया।** जेईई -2 का परीक्षा परिणाम बृहस्पतिवार को जारी हुआ। जिसमें आरके मिशन स्कूल बलिया के हरीश मिश्रा (97.2) मोहम्मद फैज (95.65) शौर्य श्रीवास्तव (96.49) व साक्षी गुप्ता (91.75 परसेंटाइल) प्राप्त कर सफलता प्राप्त किया। बता दे कि आरके मिशन स्कूल बलिया के शिक्षकों के कुशल मार्ग निर्देशन मे छात्र-छात्राओ ने उपलब्धि हासिल किया। विद्यालय के शिक्षक संजीव सिंह, धर्मेंद्र वर्मा व नईम अंसारी ने इस सफलता का श्रेय बच्चों के स्वाध्याय व दृढ़ संकल्प को दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लाल रत्नेश्वर ने सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दिया। कहा कि आरके मिशन स्कूल का प्रयास है कि उत्तम संसाधनों की उपलब्धता से छात्र-छात्राओं का सर्वाधिक विकास हो।



### राजस्व व चकबंदी न्यायालय और अभिलेखागार के कार्य समय में हुआ बदलाव

**बलिया।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार की दोपहर बताय कि भीषण गर्मी व लू की तीव्रता को देखते हुए जनपद में एक मई 2024 से 30 जून 2024 तक समस्त राजस्व व चकबंदी न्यायालय के साथ-साथ राजस्व एवं फौजदारी अभिलेखागार के कार्य का समय प्रातः साढ़े छह बजे से अपराह्न 12:30 तक निर्धारित किया गया है। जिसमें 9:00 से 10:00 तक लंच ब्रेक भी अनुमन्य है। इसके बाद 1 जुलाई 2024 से न्यायालय और अभिलेखागार का समय पूर्व की भांति प्रातः 10 बजे से शाम पांच बजे तक रहेगा।

### आग लगने से 15 बीघा अरहर की फसल नष्ट

**चंदौली।** बलुआ थाना के पूरा गनेश गांव के सिवान में शुक्रवार की सुबह 11 बजे आग लगने से 15 बीघा में लगी अरहर की फसल जलकर नष्ट हो गई। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चला। ग्रामीणों ने काफी प्रयास कर आग बुझाई। इस घटना में 18 किसानों का नुकसान हुआ है। पूरा गनेश गांव में गंगा किनारे किसान अरहर की खेती करते है। यही पर गांव से सटे जुड़ा गांव के लोग भी अरहर की खेती करते है। शुक्रवार की दोपहर में अचानक अरहर के खेत में आग लग गई। जब तक किसान कुछ समझते तेज हवा के झोंके के कारण आग फैलती गई। खेतों से आग की लपटे उठती देख शोर मचाते हुए ग्रामीण एकत्र हुए और आग बुझाने में जुट गए। एक घंटे के प्रयास के बाद आग बुझी लेकिन तब तक दिनेश, वीरेंद्र, अंगद आदि किसानों का 15 बीघा अरहर की फसल जल गई।

# ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कार्मिकों को किया ब्रीफ

**केटी न्यूज/बलिया**



जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले कंट्रोल रूम की ड्यूटी में लगे प्रभारी और पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं कार्मिकों (मास्टर ट्रेनरों) को ब्रीफ किया। उन्होंने सभी को उन दो दिनों में आने वाली शिकायतों एवं आवेदनों के संबंध में सवाल जवाब किया और उनके समाधान के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम में सभी अधिकारियों और कार्मिकों की विधानसभावार ड्यूटी लगाई गई है। सभी को एक बेहतर कम्युनिकेशन प्लान उपलब्ध कराया जाएगा। कहा कि मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले आम लोगों और पोलिंग पर्सनल की किस तरह की समस्याएं आएगी और उसका कैसे समाधान होगा। इससे संबंधित सभी विषय वस्तु का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों और कार्मिकों को उन दो दिनों में आने वाली शिकायतों से संबंधित समाधान के लिए भली भांति प्रशिक्षण लेने एवं उसकी बारीकियों को समझने का निर्देश दिया। साथ ही आने वाली शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन एप को डाउनलोड करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, सीआरओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गांधी धाम एक्सप्रेस से 51 नाबालिग बच्चों को किया रेस्क्यू

**केटी न्यूज/ चंदौली**

पं० दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की प्राप्त सूचना के आधार पर रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ पीके रावत, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी आरपीएफ एवं राजकीय रेलवे पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में गाँधीधाम एक्सप्रेस में 51 नाबालिक बच्चों का रेस्क्यू किया गया। घटना की सूचना पर जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव सदस्य धर्मेन्द्र कुमार सिंह, डॉ किरन त्रिपाठी, ताहिर हुसैन, हरेराम पाण्डेय एवं संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे। बच्चों की काउन्सिलिंग में पता चला कि बच्चे मदरसे में तालीम हासिल करने के लिए जा रहे हैं।

रेस्क्यू के दौरान बच्चों द्वारा अपने पढ़ायी से सम्बन्धित कोई दस्तावेज भी प्रस्तुत नही किया गया है, जिसके वजह से बच्चो को रेस्क्यू किया गया है। बच्चों के अभिभावक व माता-पिता सम्बन्धित मदरसों को सूचना दी जा चुकी है। बच्चे नाबालिक है, इस वजह से उनके माता-पिता को ही उन्हे सुपुर्द किया जा सकता है। परिजनों के आने तक अल्पावधि आश्रय बाल गृह (बालक) रामनगर, वाराणसी में दिया गया है।




### भुड़कूड़ा कोतवाली अंतर्गत जाही गांव में बृहस्पतिवार की देर रात घटना

# पुरानी रंजिश को लेकर आधी रात घर में घुसकर चाकू व पंच से हमला, पांच घायल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



भुड़कूड़ा कोतवाली अंतर्गत जाही गांव में बृहस्पतिवार की देर रात गांव की एक शादी समारोह में छह माह पूर्व हुए विवाद के मामले में सीताराम चौहान को गांव के चंदन चौहान और शुभम चौहान पुराने मामले में समझौता करने के बाद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कर दिया। इसी मामला को लेकर रात 1:30 बजे चंदन और शुभम दर्जनों के साथ चाकू और पांच लेकर सीताराम के घर पर चढ़ गए और मारने पीटने लगे घर के सामने रामानंद यादव पुत्र बजरंगी यादव बीच बचाव किया तभी हमलावरों ने अशोक यादव रामानंद यादव योगेश यादव की जमकर पिटाई कर दी। जिसमें सूचना मिलने पर गुरपुर कोतवाल सहित पुलिस फोर्स ने पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां से सुभाष यादव रामानंद यादव अशोक यादव की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया इस मामले में बरकरा कोतवाल तारावती ने बताया कि शादी समारोह में कस होने के बाद मारपीट हुए थे जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे जिसमें दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया सहित अज्ञात व नामजद से मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## चोरी दो बाइक व तमंचा के साथ तीन युवकों गिरफ्तार

**पीडीडीयू नगर।** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की शाम जांच के दौरान मवई कला मवई कला अंडर पास स्थित चौराहे के पास से चोरी की दो बाइकों के साथ तीन युवकों को धर दबोचा। पुलिस ने जांच के दौरान इनके पास से दो तमंचा बरामद हुए। मुगलसराय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर ने बताया कि जांच के दौरान पकड़े गये आरोपियों की पहचान विक्की यादव, विजय यादव निवासीगण ग्राम छेमिया थाना मुगलसराय, जिला चंदौली, अभिषेक यादव निवासी ग्राम मिश्रिरपुर थाना रोहनिया जनपद वाराणसी के रूप में हुई है। आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया है। मुगलसराय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम एसआई वीरेंद्र कुमार, अभयचंद यादव और खुश्बू यादव की टीम मवईकला गांव में रिंग रोड के अंडर पास चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि तीन व्यक्ति चोरी की दो बाइक के साथ लेडूवापुर से छिमिया की तरफ जा रहे हैं। इस सूचना पर शाम साढ़े छह बजे दो बाइल पर सवार होकर आ रहे तीन युवकों को रोक कर उनकी जांच की गई तो उनके पास से दो तमंचा, छह सौ रुपये नकद बरामद हुआ।

# कुलपति राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय ध्वज के है खिलाफ मरते दम तक तिरंगा लगवाकर रहूंगा: विवेक

- बीएचयू में तिरंगा लगाने को लेकर तीसरे दिन छात्रों को आमरण अनशन जारी, हालत विगड़ी

**केटी न्यूज/वाराणसी**

बीएचयू में तिरंगा लगाने की मांग को लेकर छात्र विवेक सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने सिंह द्वार पर तीसरा दिन भी धरना जारी है। डाक्टरों की टीम विवेक का इलाज करने में लगी हुई है। विवेक सिंह ने काहा कके विश्वविद्यालय के कुलपति तानाशाह बन गए हैं और उनके कुछ अधिकारी चापलूस बन गए हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से एक कमेटी भी गठित कर दी गई थी लेकिन इसके आगे की कार्रवाई ठप पड़ी है। छात्र विवेक सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारीगण राष्ट्रीय ध्वज लगवाने में कोई रुची नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों की देशभक्ति पर भी सवाल उठाया। 9 अप्रैल को वीसी के आश्वासन पर हमने अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया था। उस समय कहा गया था कि एक हफ्ते के अंदर काशी हिंदू विश्वविद्यालय कैंपस के अंदर विशाल तिरंगा झंडा लगा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति की ओर से परिसर में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्र विवेक सिंह मजबूर होकर परिसर मे तिरंगा झंडा लगवाने की मांग को लेकर सिंह द्वार पर पुनः आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया गया है। कुलपति राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय ध्वज के बिल्कुल विपरीत हैंए उनके कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। अंदर.अंदर सभी अधिकारीगण भी चाह रहें हैं कि जल्द से जल्द परिसर में राष्ट्रीय ध्वज लग जाए पर कुलपति के डर से कोई कुछ बोल नहीं पा रहा है। विवेक सिंह ने ये भी कहा कि परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लगाने का आदेश आने तक मैं अनशन पर रहूंगा। चाहे इसके लिए मेरी जीवन रहे या ना रहे।



### धरने के तीसरे दिन छात्र की तबियत खराब

तिरंगा झंडा आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता विवेक सिंह, अभिषेक की आज भूख हड़ताल और आमरण अनशन के तीसरे दिन तबियत खराब हो गई। डॉक्टरों की टीम इलाज करने पहुंची। सूचना मिलने पर मौके पर प्राक्टोरियल बोर्ड भी पहुंची। मौके पर मौजूद छात्रों ने बताया कि विवेक सिंह के खून तथा अन्य चीजों की जांच भी डॉक्टरों ने किया। विवेक सिंह ने ये भी कहा कि परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लगाने का आदेश आने तक मैं अनशन पर रहूंगा।

### कमेटी के रिपोर्ट आने पर होगा विचार

डीन ऑफ स्टूडेंट प्रो. एके नेमा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों को मांग को ध्यान में रखते हुए तीन सदस्यीय टीम को गठित किया गया। कमेटी द्वारा अभी रिपोर्ट नहीं दिया है। यह जानकारी छात्रों को दी गई हैं?। छात्रों के पुनः मांग को संज्ञान मे लेकर कमेटी को जल्द से जल्द रिपोर्ट देनी को कहा गया हैं?। मौजूदा समय में छात्र गर्मी में धरना दे रहे हैं। यह सही नहीं है उनको थोड़ा इंतजार को करना चाहिए।

## एक नजर

### पीडब्ल्यूडी ऐप दिव्यांगों को वोटर बनने एवं वोट देने में होगा सहायक : जिलाधिकारी

**मऊ।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र ने बताया कि मतदाताओं की मदद के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने पीडब्ल्यूडी ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप के जरिए कोई भी दिव्यांग व्यक्ति निर्वाचन के संबंध में ऑनलाइन सहायता पा सकता है। दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए भारत चुनाव आयोग ने एक एंड्रॉयड आधारित मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया है। ऐप मतदाता को स्वयं को दिव्यांग बताने व सुविधा पाने में मदद करता है। ऐप पर साधारण क्लिक की सुविधा के साथ दिव्यांग खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने के लिए आवेदन कर सकता है। जिसके बाद निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करेगा की बूथ स्तर के अधिकारी दरवाजे तक पहुंचेंगे। ऐप दिव्यांगता के बारे में संबंधित व्यक्ति को केवल अपने एपिक नंबर दर्ज करके पीडब्ल्यूडी मतदाता के रूप में चिन्हित करने की अनुमति देता है। यह स्वचालित रूप से उनके विवरण प्राप्त करेगा। वॉयस एक्सेस और सिलेक्ट फीचर्स भी दृष्टिबाधित व्यक्ति के लिए उपलब्ध है। ऐप पर नए वोटर आईडी पंजीकरण के लिए केवल व्यक्ति के नाम एवं पते की आवश्यकता होगी। बाकी कार्य चुनाव आयोग करेगा। एक निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित होने पर उनके मतदान जिले या राज्य भी बदल जाते हैं। ऐसे में ऐप दिव्यांग के लिए मददगार होगा। दिव्यांग इस ऐप से वोटर आईडी कार्ड में कोई भी सुधार जोड़ या घटाने के लिए भी प्रयोग कर सकता है। यह ऐप दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर के लिए अनुरोध की सुविधा भी देता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग मतदाता गूगल प्ले स्टोर से पीडब्ल्यूडी ऐप को अधिक से अधिक संख्या में डाउनलोड कर ऐप में दी गई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### टीम ने जमानिया में खाद्य पदार्थों के 62 नमूने जांच किए, दुकानदारों में हड़कंप

**गाजीपुर।** अपर जिलाधिकारी डा. दिनेश कुमार व आरसी पांडेय सहायक आयुक्त (खाद्य) के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) वाराणसी मंडल द्वारा प्रदत्त एफएसडब्ल्यू वैन के माध्यम से जमानिया तहसील में विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 62 नमूने जॉच किए गए। तहसील जमानिया, मलसा कला एवं ढ़ढनी में एफएसडब्ल्यू वैन के माध्यम से मिल्क का दो नमूना, मिल्क प्रोडक्ट का चार नमूना, मिल्क स्वीट के 13 नमूने, अन्य स्वीट्स के 14 नमूने, दाल के छह नमूने, मसाला का 11 नमूना, खाद्य तेल का तीन नमूना, नमकीन का एक नमूना एवं अन्य खाद्य पदार्थ के आठ नमूने जैसे गुड के तीन नमूने, चायपत्ती के तीन नमूनें एवं ड्राई फ्रूट के दो नमूने, कुल 62 नमूने जॉच किए गए। जिनमें से मिल्क स्वीट के नौ नमूने, अन्य स्वीट्स के दो नमूने में सिंथेटिक कलर पाया गया एवं अन्य खाद्य पदार्थ मिल्कशेक के दो नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। मौके पर ही खाद्य कारोबारकताओं को जॉच रिपोर्ट से अवगत कराया गया एवं उन्हें भविष्य में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता में सुधार के लिए निर्देशित किया गया। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में जागरूक किया गया।

### हवन पूजन के साथ हुई मां काली की प्राण प्रतिष्ठा

**चंदौली।** अलीनगर क्षेत्र के कोरी स्थित प्राचीन काली माता मंदिर के तीन दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन शुक्रवार को दिनभर हवन पूजन प्राण प्रतिष्ठा का कार्य चलता रहा। वहीं देर शाम तक प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं ने भंडारे का स्वाद चख मां के मंदिर में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। प्राचीन काली मंदिर का मूर्ति खंडित होने पर गांव के युवाओं द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के तहत बुधवार को कलश यात्रा निकाल पूजा शुरू कराया गया।तत्पश्चात दूसरे दिन गुरुवार विद्वान ब्राह्मणों के मंत्रोचार से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। तीसरे दिन शुक्रवार को दिनभर प्राण प्रतिष्ठा पूजापाठ का दौर चला।जिसमें दौरान दर्जनों श्रद्धालु यजमान के रुप में शामिल रहे शामिल रहे। बीच-बीच में जयकारे से माहौल भक्तमय बना रहा। वही भंडारे के रूप में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर मां के मंदिर में मत्था टेक अपने को धन्य हुए।मानो पूरा क्षेत्र ही भक्तिमय गीतों से गूंज उठा हो। इस मौके पर सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह, विधायक प्रभु नारायण यादव, प्रभात यादव,राम अवध यादव, रामबरन यादव संवरू , सन्नी यादव, रामभरोस यादव,पिंटू यादव, मच्चन पासवान,बच्चूलाल यादव, आजाद यादव,नवीन यादव, बनारसी सिंह ,हर्ष यादव ,राजेश पासवान,घुन्नू प्रजापति,छोटेलाल यादव,गोलू यादव सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल रहे।

## खबरें फटाफट

### हत्यारी पत्नी बयासी चौराहे से गिरफ्तार

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर दियर बयासी गांव में धारदार हथियार से पति को मौत के घाट उतारने वाली आरोपी पत्नी को पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर बयासी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी पत्नी का नाम हिरामुन्नी देवी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते दिनों शिवपुर दियर बयासी निवासी दीनदयाल प्रसाद की उनकी पत्नी हिरामुन्नी देवी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी हिरा मुन्नी ने अपने ही पति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। जिससे उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस शिद्दत से आरोपी पत्नी की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर बयासी चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### मतदाताओं को किया गया जागरूक

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों/ महाविद्यालयों के तहत जिला स्वीप को-आर्डिनेटर के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला/संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं कलश, छात्राओं द्वारा अपने हाथों में मेहंदी लगाकर जागरूक करने नये-नये तौर तरीकों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आदर्श इंटर कालेज गोड़उर में राजकीय बालिका इंटर कालेज सैदपुर, आदर्श इंटर कालेज महुआबाग, शहीद उदय नारायण स्मारक इंटर कॉलेज भाला नोनहरा में रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से, गॉधी मेमोरियल इंटर कालेज बहादुरगंज में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मतदाता रैली, श्री बापू विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल पचोखर, राजकीय हाई स्कूल सौरी, नेशनल इंटर कालेज कासिमाबाद, अनीमिया इंटर कालेज, आदर्श इंटर कॉलेज सिधउत, पीएन इंटर कालेज मरदह, राजकीय हाई स्कूल बिरनो, श्री आदित्य लाल जनता योगेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फूली,सम्बन्धित विद्यालयों के प्राधानाचार्य/ अध्यापक के साथ छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

### सपा समर्थित माफिया गैंग्स के शिकार लोगों की विधवाओं ने डिंपल यादव पर साधा निशाना

# 'गुंडों, माफिया और अपराधियों की भाभी हैं डिंपल यादव, दें हमारे मंगलसूत्र का हिसाब'

- अलका राय ने डिंपल से पूछा, जब मेरा मंगलसूत्र छिना तब आप कहां थीं
- उमेश पाल की पत्नी ने कहा, डिंपल को नहीं है पुलवामा पर कुछ बोलने का हक
- अधिवक्ता उमेश पाल, पूर्व विधायक कृष्णानंद राय और पूर्व डिप्टी मेयर अनिल सिंह की पत्नियों ने डिंपल से पूछे सवाल
- वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर अनिल सिंह की पत्नी ने कहा योगी राज में माफियाओं का हो रहा गिन गिन कर सफाया


अलका राय, पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी


सीता सिंह, वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर अनिल सिंह की पत्नी


जया पाल, प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश पाल की पत्नी

**अखिलेश कुमार सिंह/लखनऊ**

पुलवामा आतंकी हमले पर राजनीतिक बयानबाजी के बाद सपा नेत्री डिंपल यादव उन महिलाओं के निशाने पर आ गई हैं, जिनके पतियों की हत्या सपा सरकार में पोषित माफियाओं द्वारा कर दी गई थी। मंगलसूत्र वाले डिंपल के बयान पर पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय, प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल और वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने तगड़ा पलटवार किया है। महिलाओं ने समाजवादी पार्टी द्वारा पाले-पोसे गये मुख्तार और अतीक जैसे अपराधियों द्वारा की गई हत्याओं का मुद्दा उठाते हुए अपने अपने मंगलसूत्र का हिसाब डिंपल यादव से मांगा है।

प्रयागराज के अधिवक्ता दिवंगत उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा है कि पुलवामा की बात डिंपल यादव को शोभा नहीं देती। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव गुंडों, माफिया और अपराधियों की भाभी हैं। आज जब चुन चुनकर सारे माफिया का सफाया हो रहा है, तो उन्हें यह नहीं भा रहा। मेरी जैसी कई बहनों का मंगलसूत्र सपा पोषित माफियाओं ने छीना है। उस वक्त डिंपल कहां थी, जब मेरे पति और दो पुलिसकर्मियों को गोलियों से छलनी किया जा रहा था। न जाने कितने बच्चों को अनाथ किया गया। कितनी ही बहनें अपने भाइयों की कलाई को याद करके रोती रहती हैं। मंगलसूत्र उतारने और चूड़ियां तोड़ने का दर्द डिंपल नहीं नहीं समझ सकेंगी। उनकी पार्टी देश का इस्लामीकरण करना चाहती हैं और इस्लाम में मंगलसूत्र का कोई महत्व नहीं है। जया पाल ने यह भी कहा कि जिस दिन रामभक्तों पर उनके ससुर ने गोलियां चलवाई थीं, उन विधवाओं के मंगलसूत्र का हिसाब कौन देगा। कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में जिनके सुहाग उजड़े उनके मंगलसूत्र का क्या होगा। डिंपल अगर सैफई से बाहर निकलें तो देखेंगी कि हमारे बहादुर जवानों ने पुलवामा हमले का बदला सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए पूरी बहादुर से ले लिया है। पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने कहा कि मेरे पति की हत्या के वक्त सात लोगों की हत्या हुई थी। उसमें ब्लॉक प्रमुख से लेकर पुलिसकर्मी तक शामिल थे। उस समय डिम्पल जी कहां थीं। एक बार भी वह विधवाओं और अनाथ बच्चों के आंसुओं को पोंछने क्यों नहीं गईं। इंसाफ के लिए हम दर-दर भटकते रहे, तब सपा सरकार ने हमारा कोई साथ नहीं दिया। उस वक्त लाल कृष्ण आडवाणी और राजनाथ सिंह जैसे नेता धरने पर बैठे थे, मगर सपा का कोई नेता हमारे आंसुओं को पोंछने नहीं आया।

वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर दिवंगत अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने भी डिम्पल यादव के बयान पर कहा कि वह पुलवामा मामले में न बोलें तो ज्यादा अच्छा होगा, क्योंकि पुलवामा को लेकर मोदी सरकार बेहतर ढंग से हिसाब किताब कर रही है। मगर, सपा सरकार के दौरान मुख्तार अंसारी ने मेरे पति और देवर की हत्या कराई। मेरे जैसी तमाम महिलाएं हैं, जिन्होंने माफियाओं द्वारा उनके पतियों की हत्या के बाद छोटे छोटे बच्चों को लेकर किस तरह उनका पालन पोषण किया। उन्होंने बताया कि किसी भी सरकार में हमें न्याय नहीं मिला अब योगी जी के राज में माफियाओं का गिन गिनकर सफाया हो रहा है।

# प्रतापगढ़ में निर्वाचन कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**केटी न्यूज/प्रतापगढ़**

लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। सीडीओ नवनीत सेहारा ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। इसे गंभीरता पूर्वक समझ लें, यदि कोई जिज्ञासा हो तो उसके बारे में संबंधित अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर लें। निर्वाचन में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में जिस विधानसभा में ड्यूटी में लगाई गई है। वहां भ्रमण कर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराएं। अराजक तत्वों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई करें। उड़नदस्ता टीम की ओर से जो भी नगदी पकड़ी जाए उसे कोषागार में जमा कराएं। इस दौरान मास्टर ट्रेनर विंध्याचल सिंह, मो. अनीस और धर्मेन्द्र ओझा ने



कार्मिकों को मतदान कराने का तरीका बताया। कैंप कार्यालय पर डीएम संजीव रंजन ने लोकसभा चुनाव से जुड़े अफसरों को जानकारी दी। उन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की एक-एक बिंदु पर समीक्षा की और संबंधित अफसरों से जानकारी ली। डीएम संजीव रंजन ने छह महीने के लिए 2 लोगों को जिला बदर कर दिया। इसमें सांगीपुर के भैंसना गांव निवासी साबिर पुत्र गुलजार और मानिकपुर के मिरगढ़वा निवासी सोनू सोनकर पुत्र रामबाबू के नाम शामिल हैं। इसी क्रम में आपराधिक गतिविधि में लिप्त, शस्त्रत्त अनुज्ञा पत्र की शर्तों का उल्लंघन करने पर डीएम ने मानिकपुर के चौकापारपुर के बृंदावन मौर्य ऊर्फ मुनी पुत्र भगवती प्रसाद का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया है।

### मतदान हेतु किया जागरूक

मऊ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज परिवहन विभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारी तथा आसपास के लोगों ने बाइक रैली निकालकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। इस बाइक रैली को एआरटीओ सोहेल अहमद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक रैली एआरटीओ कार्यालय से रोडवेज बस अड्डे तक निकाली गई। इसके अलावा श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ईट भट्ठों पर जाकर वहां पर काम करने वाले श्रमिकों को मतदान हेतु प्रेरित किया।




### मिजार्पुर के लोक गीत कलाकारों की टोली तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग स्टेशन पर किया स्वागत

# कजरी गायन में राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री पुरस्कार संग मिजार्पुर लौटीं उर्मिला श्रीवास्तव

**केटी न्यूज/मिजार्पुर**

जिले की माटी से निकली कजली की खुश्बू देश विदेश में फैलाने वाली उर्मिला श्रीवास्तव राष्ट्रपति से मिले पदमश्री पुरस्कार लेकर गृह जनपद पहुंची। अपार जन समूह ने रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग फूल माला लेकर मौजूद थे। ट्रेन के आते ही स्टेशन पर जयकारे की गूंज होने लगी। जैसे ही उर्मिला श्रीवास्तव ट्रेन से बाहर निकली जन समूह में उनके माल्यार्पण करने की होड़ मच गई। लोगों ने माता विंध्यवासिनी की जय, बाबा विश्वनाथ का जयकारा लगाया। स्थानीय जिले के लोक गीत कलाकारों की टोली तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य उपस्थित थे। संस्कार भारती काशी प्रांत अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी ने उर्मिला को माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। कजली गायिका उर्मिला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो यह सम्मान प्राप्त हुआ है यह आप लोगों की देन है। आप लोगों की शुभकामनाओं तथा आशीर्वाद के दम पर ही यह सम्मान प्राप्त हुआ है। कलाकारों के मध्य प्रसन्नता की ऐसी लहर उमड़ी की कलाकार वहां पर नृत्य करने लगे स्वागत करने वालों में इस अवसर पर संस्कार भारती लोकगीत संयोजक शिवलाल गुप्ता, सुरेश मौर्य, राम नारायण यादव, अनिल श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सैकड़ों नगरवासियों ने उनको फूल-मालाओं से लाद दिया। स्टेशन परिसर ढ़ोल-ताशे व सुमधुर शहनाई की गूंज रही। इस अवसर पर डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, दिव्यांश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव, मधुर श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, मनोज चित्रांश, शैला श्रीवास्तव, आनंद सिंह व उमेश श्रीवास्तव समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

### 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित किया गया

नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में सोमवार शाम को 132 लोगों को पद्म सम्मान दिया गया। इसमें मीरजापुर के उर्मिला श्रीवास्तव व खलील अहमद भी शामिल रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से इस बार 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे।



## सुभाषितम्

अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है।
– जॉन टिलोटसन

# आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला, याचिकायें खारिज, मतदाताओं में मायूसी

**सनत जैन**

वीवीपेट, ईवीएम मशीन और मतदाता पर्ची की गिनती करने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जो दो याचिकाएं लगाई गईं थीं, उनमें मांग की गई थी, कि वीवीपेट से निकलने वाली सभी पर्चियों की गिनती कराई जाए। जो पर्ची मशीन से निकलती है, उसे मतदाता के हाथ में दी जाए। मतदाता स्वयं पर्ची को बैलट बॉक्स में डाले। यदि यह संभव न हो, तो वीवी पेट में जो काला कांच लगा है, जो लाइट 7 सेकंड के लिए जलती है। उस वीवीपेट मशीन का ग्लास बदल दिया जाए। ताकि मतदाता ने जिसे वोट दिया है, उसे देख पाए। मतदाता के सामने ही पर्ची कटकर वैलिड बॉक्स में गिरी है, या नहीं, यह मतदाता सुनिश्चित कर सकें। तीन बार सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जिस तरह के संकेत मिल रहे थे। उससे लग रहा था, इस मामले में याचिका कताओं को कोई राहत मिलने वाली नहीं है। इसके पहले भी चुनाव आयोग से संबंधित याचिकाओं को यही बेंच खारिज कर चुकी थी। यह याचिका लंबे समय से सुनवाई के लिए लंबित थी। चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद, इसमें सुनवाई शुरू हुई। याचिकाकर्ता 100 फीसदी मतदाता पर्चियों की गिनती की मांग कर रहे थे। इस मांग को सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। सभी याचिकाओं को निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 45 दिन तक कंट्रोल मशीन को सील कर सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। वहीं 7 दिन के अंदर दूसरे या तीसरे नंबर का उम्मीदवार अपने खर्चे पर कंट्रोल यूनिट की जांच की मांग कर सकता है। इसकी मांग करने वाले उम्मीदवार को उसका खर्च देना पड़ेगा। यदि कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई, तो उम्मीदवार के द्वारा जमा की गई राशि वापस नहीं की जाएगी। गड़-बड़ी पाए जाने पर उम्मीदवार को राशि वापस कर दी जाएगी। पिछले कई महीनों से ईवीएम, वीवीपेट मशीन तथा कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली को लेकर आंदोलन किये जा रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के कई अधिवक्ताओं ने भी धरना-प्रदर्शन करके वीवीपेट से निकलने वाली सभी पर्चियां की गिनती कराने की मांग की थी। सारे देश में मतदाताओं द्वारा 100 फीसदी मतदाता पर्ची गिनने की मांग की जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से लोगों में निराशा है। चुनाव आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बदलते हुए, सरकार ने जो कानून बनाया है, उसमें सरकार द्वारा जिन दो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति अधिसूचना जारी होने के 1 दिन पहले की गई है। उस नियुक्ति को लेकर भी लोगों में चुनाव आयोग के प्रति विश्वास कम हुआ है। लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के दौरान चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर भी सारे लोग हैरान हैं। विपक्ष द्वारा की गई शिकायतों पर चुनाव आयोग मौन साध कर बैठ जाता है। सत्ता पक्ष की शिकायत पर विपक्ष पर तुरंत कार्रवाई कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सरकार और चुनाव आयोग को राहत देने वाला फैसला माना जा रहा है। आम मतदाताओं की मांग और आशंकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने विचार नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से निष्पक्ष चुनाव होगा। इस पर मतदाताओं का संदेह कम होने की बजाय और बढ़ जाएगा। मतदाताओं में पहले ही निराशा थी। इस फैसले के बाद यह निराशा और भी बढ़ेगी। सत्ता पक्ष द्वारा जब यह दावा किया जाता है, इस बार 400 पार, यह दावा ईवीएम मशीन और वीवीपीएटी की कार्य प्रणाली को लेकर किया जा रहा है? यह बात मतदाता के मन में बैठ चुकी है। चुनाव आयोग जिस तरह से गांधी जी के तीन बंदर बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, और बुरा मत बोलो, की तर्ज पर सरकार के समर्थन में बैठा हुआ है। इसको देखते हुए लोगों को चुनाव पर कितना विश्वास रहेगा, कहा नहीं जा सकता है। वीवीपेट से निकली हुई पर्ची की 100 फीसदी गिनती और वीवी पेट से सही पर्ची प्रिंट हुई है। यह जानने का अधिकार मतदाता का है। लोकतंत्र की रीड की हड्डी चुनाव पर यदि मतदाताओं को भरोसा नहीं रहेगा, तो भारतीय लोकतंत्र और संविधान भी सुरक्षित नहीं रहेगा यह लोगों का मानना है।

## चिंतन-मनन

# संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं।

कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

# मंहगाई से हटकर मंगलसूत्र तक

**मुस्ताअली बोहरा**



लोकसभा 2024 का चुनाव अब आम जनता की बुनियादी जरूरतों और सरकार की जवाबदेही से हटकर बेमानी बयानों और आरोप-प्रत्यारोपों पर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की एक जनसभा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अपने भाषण में मंगलसूत्र का जिक्र किया था। इसके बाद से भाजपा, कांग्रेस, सपा और अन्य राजनीतिक दलों ने मंगलसूत्र को आधार बनाते हुए टीका टिप्पणी शुरू कर दी है। मोदी जी ने अपने भाषणों में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि नौकरीपेशा लोगों के कमाए हुए धन और जमीन-मकान का भी सर्वे कराया जाएगा। यदि आपके पास दो घर हैं, तो एक घर छीन लिया जाएगा और उसे ज्यादा बच्चों वालों में बांट दिया जाएगा। कांग्रेस की यह नक्सलवादी सोच उसके चुनाव घोषणा-पत्र में साफ दिखती है। क्या आप ऐसी सरकार बनने देंगे? देश के आर्थिक संसाधनों पर शहरी नक्सलियों का कब्जा होगा। आखिर मोदी जी ने ये किस आधार पर कहा है कि हिंदू माताओं-बहनों के ह्यमंगलसूत्रह्ण तक बांट दिए जाएंगे? मोदी जी ने डॉ. मनमोहन सिंह के 9 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में दिए गए बयान की व्याख्या की है लेकिन ऐसा कुछ है नहीं जो मोदी जी ने कहा। तब तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने नई योजनाओं के संदर्भ में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और बच्चों के साथ ही मुस्लिम अल्पसंख्यकों की भी बात कही थी। ये सभी जानते हैं कि संसाधनों पर किसी एक तबके या समुदाय का पहला हक नहीं हो सकता। यही वजह है कि तब मनमोहन सिंह के बयान की भी तीखी आलोचना की गई थी। एक बड़े मतदाता वर्ग को लुभाने के लिए दूसरे समुदाय को टारगेट करना, मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास के दावे को झुठलाते नजर आते हैं। कांग्रेस के चुनाव घोषणा-पत्र में ऐसा कोई भी वायदा नहीं है, जैसा प्रधानमंत्री ने बताया है। ह्यमंगलसूत्रह्ण छीनने और बांटने की भी घोषणा नहीं की गई है। ये जरूर है कि जातीय जनगणना, जातियों-उपजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का पता लगाने, मुसलमानों के सशक्तिकरण, सर्वे के आधार पर भागीदारी और अधिकार तय करने की बात घोषणा-पत्र में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद की रैली में कहा था कि यह आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा कि किस वर्ग के पास कितना धन है। इसमें मां-बहनों के ह्यमंगलसूत्रह्ण और गहने कहां से आ गए? कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर मोदी जी ने जो व्याख्या की और उसका अपने भाषणों में जिक्र किया है उससे उसे भाजपा को घेरने का मौका मिल गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वो कांग्रेस के घोषणा पत्र की ब्यौरा विस्तार से बताएंगे साथ ही प्रधानमंत्री से पूछेंगे कि जो आप कह रहे हैं वो कहां लिखा है।

जो भी हो संपत्ति बटवारे, सोने-चांदी के गहने और मंगलसूत्र को लेकर सियासत तेज हो गई है। मोदी के बयान पर विपक्ष के नेताओं ने तीखी टिप्पणी की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को मंगलसूत्र से क्या लेना देना है। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि पिछले करीब 70 सालों में 5 दशक से ज्यादा समय तक कांग्रेस की सरकार रही तब क्या किसी ने आपका सोना छीना और आपके मंगलसूत्र छीने। प्रियंका ने ये भी कहा कि जब देश में जंग हुई थी तब इंदिरा गांधी ने अपना सोना देश को दिया था और मेरी मांग का मंगलसूत्र यानि राजीव गांधी देश पर कुर्बान हुए हैं। प्रियंका ने कहा कि जब सैकड़ों किसानों की जानें गईं तो क्या मोदी जी ने उन विधवाओं के मंगलसूत्र के बारे में सोचा। जब मणिपुर में महिला को नग्न घुमाया गया तब उन्होंने उनके मंगलसूत्र के बारे में सोचा। इसी तरह तेजस्वी यादव ने सवाल किया कि माताओं-बहनों का सुहाग कौन छीन रहा है। चीन के हमले में सेना के जवान शहीद हुए तो सुहान किसने छीना। पुलवामा में जिन जवानों ने शहादत दी तो सुहाग किसने छीना। किसान आंदोलन में किसानों ने शहादत दी तो सुहाग किसने छीना। बेरोजगादी, गलत कृषि नीति और बदहाल अर्थव्यवस्था के कारण किसान, व्यापारी और युवाओं ने आत्महत्याएं कीं तो सुहान किसने छीना। 2014 में दस ग्राम सोना 24 हजार का था और 73 हजार रूपए का हो गया, माताएं-बहनें आज नया मंगलसूत्र भी नहीं बनवा सकतीं। तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी इधर-उधर की छोड़िए बात बेरोजगारी, मंहगाई और बदहाल अर्थव्यवस्था की कीजिए। खैर, बात मोदी जी के भाषणों की तो पहले चरण के बाद जिस तरह से मोदी जी ने अपने भाषणों का रूख बदला है उससे ये महसूस हो रहा है कि पार्टी अपने पुराने हिंदुत्व के एजेंडे पर लौट रही है। मोदी जी ने जिस तरह से ज्यादा बच्चे, घुसपैठिए, मंगलसूत्र, सोने-चांदी के गहनों को छीनकर ज्यादा बच्चे वालों को बांटने आदि के बयानों ने वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की है उससे एक बड़ा वर्ग हतप्रभ है।

# चुनाव में सभी दलों की निगाहें युवाओं पर टिकी

**-संजय गोस्वामी**

अगर लोकतंत्र के महायज्ञ की बात करें तो समारोह की घोषणा 28 मार्च को माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा शुरू हो गया मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जो 19 अप्रैल से 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सात चरणों में होगा। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सभी सात तारीखों पर मतदान होगा, जबकि जम्मू और कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा, सात जिलों में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल को खत्म हो गई और 1 जून तक सभी सात जिलों में मतदान पूरा हो जाएगा। पूरे देश में वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 4 जून दोपहर तक नई सरकार की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। सत्ता की चाभी विशेषकर महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं के हाथ में लगती दिख रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, युवा मतदाताओं की मुखरता नतीजों में झलक रही है। लोकसभा के पिछले दो चुनावों में वह युवा मतदाताओं यानी श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ रहे हैं। हालाँकि, जिन देशों में क्षेत्रीय दल और सरकारें सत्ता में रही हैं, उनमें युवाओं ने क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह नहीं है कि युवा भाजपा के समान ही हैं, बल्कि युवा, राष्ट्रवाद और राजनीतिक दलों का स्तर भी अलग-अलग स्तर पर देखा गया है। युवा और महिला मतदाताओं ने वोट देने की पहल की है और इसमें कोई संदेह नहीं है, 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाएं और युवा भाजपा के लिए मजबूत मतदाता पाए गए हैं। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे जटिल लोकतंत्र है। मतदाताओं की बहुसंख्यक आबादी, विविधताएं और भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियां बेहद गंभीर हैं, खासकर चुनाव आयोग और चुनाव आयोग के लिए। लेकिन हमें गर्व है कि हमारा चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली दुनिया के देशों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। दुनिया, उसके देश और हमारी सरकार व चाहतों पर नजर रहती है। पहले चुनावों ने देश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोग हमारे चुनावों और मतदान के साथ-साथ मतगणना में भी रुचि रखते हैं। वे देखने और समझने आते हैं। पूरी दुनिया, देशों की नजर हमारे सपनों पर रहती है। यहां खास बात यह है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था भी होनी चाहिए, इसलिए प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बंद व्यवस्था की आलोचना की गई है। मतदाता मतदान आसान, सुलभ हो गया है और राजनीतिक दलों या अन्य बाहरी प्रभावों पर मतदाताओं की निर्भरता समाप्त हो गई है। जबकि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र समान है, हमारे इंडिया में कुल मतदाताओं की तुलना में 18 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाता अधिक हैं। इसके अलावा 26 से 35 वर्ष तक के मतदाता भी युवा और युवा वर्ग की श्रेणी में आते हैं। हमारे देश में विश्व के सबसे अधिक मतदाता संख्या वाले देशों की कुल संख्या से भी अधिक मतदाता हैं। इस साल 18वीं विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में 98.6 फीसदी मतदाता हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय संघ में 40 फीसदी, इंडोनेशिया में 20.4 फीसदी, अमेरिका में 16 फीसदी और पाकिस्तान में 12.8 फीसदी मतदाता होंगे। वह एक बिगड़ैल वोटर हैं। जो धर्म के नाम पर चुनाव का नतीजा तय करती है खैर, यह अलग बात थी, लेकिन लोकसभा में पहले दो मुकाबलों के नतीजों से यह साफ हो गया कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया, वही सरवेरा बन गया। दिलचस्प बात यह है कि युवाओं और महिलाओं में यह विश्वास ही नई सरकार की कुंजी है, खासकर भारत सरकार को मजबूत करने में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी नतीजों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96.8% पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 82 लाख नए पंजीकृत मतदाता हैं, 47.15 लाख महिला मतदाता हैं और 49.7 नए पंजीकृत मतदाता हैं। जहां 17वीं लोकसभा चुनाव में लगभग 1.5 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे, वहीं 18वीं लोकसभा चुनाव में 1.82 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे। वे क्या उपयोग करेंगे? दूसरे, पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं को दो श्रेणियों यानी 18 से 25 साल और 26 से 35 साल में बांटकर वोटिंग प्रतिशत का आकलन और विश्लेषण किया गया था। बात यह है कि युवाओं में, समाज के दोनों वर्गों में भाजपा और कांग्रेस की तुलना में मतदान का अंतर बहुत अधिक था। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 साल के 44 फीसदी युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को वोट दिया, जबकि 26 से 35 साल के 46 फीसदी युवाओं ने बीजेपी पर भरोसा जताया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों आयु वर्ग में 26-26 फीसदी मतदाताओं ने ब्रिटिश प्रेस पर भरोसा जताया, जबकि 28 से 30 फीसदी युवाओं ने दूसरी पार्टियों पर भरोसा जताया। अनुमान के आधार पर, मध्य शताब्दी तक 9 से 10 अरब लोग होंगे। वर्तमान जनसंख्या केवल 7 अरब से कम है, जिसका अर्थ है कि इस सदी की शुरूआत से मध्य तक लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कोई विशेष मॉडलों की सापेक्ष सटीकता पर बहस कर सकता है, लेकिन वे सभी इस बात से सहमत हैं कि आने वाले दशकों में खिलाने के लिए कई और अधिक मुंह होंगे। आईटी ने मानव प्रयास के कई अन्य पहलुओं को बदल दिया है और व्यापक सामाजिक आवश्यकताओं का जवाब देने के लिए सिस्टम बनाने में मदद की है। दरअसल, परिवहन, संचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियाँ बुनियादी कार्यों को करने के लिए भी पूरी तरह से आईटी पर निर्भर हैं। कृषि प्रगति को बेहतर बनाने में मदद के लिए आईटी को अपनाने और उसका उपयोग करने से, इन क्षेत्रों के मिलन से सभी को लाभ होता है। एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में हमारे राज्य ने पिछले पांच वर्षों में चौथी बार प्रतिष्ठित कृषि कर्मण पुरस्कार जीता है। यह किसानों और अन्य हितधारकों के लिए प्रौद्योगिकियों की मदद से अधिक रुचि लेने का उदाहरण स्थापित करता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल को युवाओं और महिलाओं को अपने गुस्से से रुलाना होगा। उन एजेंडों को चुनाव घोषणापत्रों में इस तरह रखना होगा कि युवा मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। बीजेपी जहां 370 और 400 की बात कर रही है, वहीं पश्चिम बंगाल, वेस्ट व साउथ में एक-दूसरे से पूरी तरह सहमत नहीं हैं। वह बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का ही लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ सालों से सत्ताधारी पार्टियां ने जनाधार खोकर फिर बापसी भी की है जहाँ उन्होंने कर्नाटका और हिमाचल खोया वहाँ हार से सबक लेकर राजस्थान, मप्र, और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल की है हाशिए पर जा रही हैं, ऐसे में बीजेपी या नरेंद्र मोदी का उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना कोई कोरी कल्पना नहीं लगती। है। अब युवावस्था और परिपक्वता पर संदेह करना बेमानी होगा। इसलिए अब युवा क्रांतिकारियों के जाल में नहीं फंसने वाले हैं, ऐसे में कोई ठोस रणनीति ही युवाओं को प्रभावित कर उनका सर्वेक्षण कर सकेगी। इसलिए, प्रिय युवाओं, कृपया समझ लें कि वे आगामी लोकसभा की तस्वीर बनाएंगे और 18वीं लोकसभा की सत्ता पूरी तरह से युवाओं के हाथ में है और युवा ही अपने दम पर सत्ता की सीढ़ियां पार करते हैं। इसे एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है कि देश की युवा पीढ़ी मुखर हो रही है और अपनी भावनाओं में परिपक्वता का पक्ष रख रही है। ऐसे में राजनीतिक दलों और ठोस मुद्दों को आगे आना होगा तभी युवा मतदाता अपना मन बना सकें इसलिए, राजनीतिक दलों और युवाओं में दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए बहुत उत्साहित है राजनीतिक दलों, बाएँ, दाएँ, बाएँ और दाएँ को इसका और विशेषकर युवाओं का समर्थन करने के लिए बड़े बड़े उपाय करने होंगे। ऐसे में राजनीतिक दलों और ठोस मुद्दों को लेकर आगे आना होगा इसमें वर्तमान सरकार की मेक इन इंडिया व स्टार्टअप से युवाओ में नए भारत को मजबूत बननाए जो समय लगेगा लेकिन संकल्प है और उमंग है और जोश से लबलब और तकनिकी से लैस हों तभी युवा मतदाता अपना मन एक नए भारत की दिशा को आगे लें जा सकेंगे और ऐ तभी संभव है जब देश आतंकवाद व नक्सलवाद से मुक्त होगा और शांति की राह पर तगड़ा कानून से लैस होगा।

## केंचुआ किल्लोल के निहितार्थ.....

**- राकेश अचल**

आप अन्यथा न लें जब तक लोकतंत्र के साथ मतदाताओं और राजनीतिक दलों के सात फेरे पूरे नहीं हो जाते मुझे विवश होकर सियासत के आसपास ही रहना पड़ रहा है। लोकतंत्र के साथ पहली भांवर के बाद से ही राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी थी। आज लोकतंत्र की दूसरी भांवर है और इसके पहले केंचुआ यानि केंद्रीय चुनाव आयोग ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी को नोटिस देकर ऐसी किल्लोल की है की आनंद आ गया। केंचुए ने कोशिश की है कि दुनिया और देश उसे पोपला,नख-दन्त विहीन न समझे, केंचुआ न माने। केंचुआ किल्लोल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में माननीय प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के भाषण को लेकर भाजपा और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल तक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से जवाब मांगा है। यानि केंचुआ ने इन दोनों के साथ वो व्यवहार नहीं किया जो कांग्रेस नेता सुरजेवाला के साथ किया था। दोनों दल आराम से दूसरे चरण के मतदान से फुरसत होकर तीसरे चरण के लिए भी चार दिन और बकलोल करने के लिए आजाद हैं। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। तब तक केंचुआ प्रधानमंत्री जी और बकौल प्रधानमंत्री कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी के खिलाफ लत्तालपेड़ी कर लेगा। चुनाव आयोग की हिम्मत नहीं कि वो प्रधानमंत्री जी को दो-चार दिन के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक ले। चुनाव आयोग के पास र्प्धानमंत्री जी के हिन्दू-मुसलमान वाले बयान को गैरकानूनी साबित करने के लिए कलेजा है ही नहीं। केंचुआ केवल और केवल पिपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए अपने कथित अधिकारों का इस्तेमाल कर सकता है ,जो वो करेगा। कांग्रेस को फिर नहीं बख्शा जाएगा और प्रधानमंत्री जी को भी केवल एक फर्जी एडवायजरी जारी की जाए सकती है। अठारहवीं लोकसभा के लिए जो चुनाव हो रहे हैं वे एक विचित्र वातावरण में हो रहे हैं। इन चुनावों में न 1971 के चुनाव की तरह गरीबी हटाओ का मुद्दा है और न 1977 के आम चुनाव की तरह इंदिरा हटाओ का मुददा। और तो और 2014 के आम चुनाव की तरह अच्छे दिन भी कोई चुनावी मुद्दा नहीं है।2024 के चुनाव में मुद्दा रोज बदल जाता है। भाजपा अपने चुनावी घोषणापत्र से हटकर बातें कर रही है। महाबली भाजपा के विश्वगुरु नेता जनता को लुभाने के बजाय डराने में लगे हैं। भाजपा की उपलब्धियां मतदाताओं को लुभाने के लिए कम पड़ रहीं हैं। मजबूर भाजपा नेताओं को कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस आयी तो आपका मंगलसूत्र छीन लिया जाएगा, पुश्तैनी सम्पत्ति सरकार जब्त कर लेगी या उसके ऊपर विरासत कर लगा देगी। वे अपने ट्रेक से हटकर कांग्रेस के ट्रेक पर नृत्य कर रहे हैं। अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठ कराये बैठे रामलला के पास भी अब शायद भाजपा की मदद करने की फुरसत नहीं है। भाजपा सरकार का दस साल का विकास हवा-हवाई साबित हो रहा है। गौर करने वाली एक बात और है कि भाजपा पहले चरण के मतदान के बाद ही अपने बहुचर्चित 400 पार के नारे को भी दुहराना भूल गयी है। शायद आरएसएस ने भाजपा को हटक दिया है। आखिर चुनाव बाद केंचुआ प्रमुख को इसी देश में रहना है। दूसरे चरण के मतदान का रुझान अजगर होने के बाद आप देखेंगे की हिन्दू-मुसलमान के बाद अब नेता अश्रुपात करते नजर आएंगे। आंसू पहले महिलाओं का अंतिम अस्त्र हुआ करते थे ,किन्तु अब नेताओं ने भी इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। नेताओं को रोते हुए देखकर महिला मतदाता सबसे पहले द्रवित होते हैं। कभी-कभी पुरुष मतदाता भी झांसे में आ जाते हैं। उन्हें लगता है की मोदी जी जैसे महान नेताओं को रोने पर मजबूर किया जा रहा है।वैसे मोदी जी अश्रुपात की कला में भी दक्ष नेता हैं। चलिए कल फिर मिलेंगे आपसे।

## दैनिक पंचांग

**27 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 08.30 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.43 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.59 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.11 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.37 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.53 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.58 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.44 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मीन | 03.17 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.48 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 118 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 08.19 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **योग** परिघ 03.23 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** विष्टि 08.19 बजे तदनन्तर बव 20.24 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 55'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871962
**जूलियन दिन** 2460427.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 17
**विशेष** संकष्टी चतुर्थी, वल्लभाचार्य जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर

## विशेष

# घर संपत्ति सब छीन लेगी कांग्रेस?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मतदाताओं को कांग्रेस और मुसलमानो का डर दिखा कर हिन्दू मतदाताओं के बीच धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे हैं, कि कांग्रेस आई तो वह लोगों के घर-बार, संपत्ति, सोना-चांदी यहां तक कि महिलाओं के सुहाग का प्रतीक मंगलसूत्र तक लेने का भय हिंदुओं को दिखा रहे हैं। कांग्रेस ने ऐसा कुछ कहा नहीं है। कांग्रेस की घोषणा पत्र में 90 फीसदी आबादी के लिए लोक लुभावना वायदे किए गए हैं। महंगाई बेरोजगारी से आम मतदाता त्रस्त है। मतदाताओं का वर्तमान सरकार से मोह भंग हो रहा था। प्रधानमंत्री द्वारा जिस तरह से हिन्दू मतदाताओं के बीच में मुसलमान और कांग्रेस को लेकर डर और भय बिठाया जा रहा है। उसका कितना असर मतदाताओं में हो रहा है। यह अभी तो कुछ नहीं कहा जा सकता है। सारी दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा फैलाए इस भय की चर्चा जरूर होने लगी है। विदेशी अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक चैनल में इसी बात की चर्चा हो रही है। कांग्रेस 65 साल सत्ता में रही। तब उसने ऐसा कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कह रहे हैं। क्या मतदाता उस पर विश्वास कर लेगा। सारी दुनिया के देश चुनाव परिणाम के बाद यह जानना चाहते हैं, क्या झूठ के सहारे लगातार सत्ता को हासिल किया जा सकता है। भारतीय चुनाव को सारी दुनिया के देश एक मिसाल के रूप में देख रहे हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1879 : ब्रिटेन ने अफगानिस्तान पर हमला किया। 1919: गांधीजी की नवजीवन पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ। 1949: पूर्वी जर्मनी में जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई थी। 1950: मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की स्थापना की। 1958: पाकिस्तान में राष्ट्रपति सिकंदर मिर्जा ने मार्शल लॉ लागू किया। 1967: यूनान की सैनिक सरकार ने निष्कासित प्रधानमंत्री और अन्यों पर लगे प्रतिबंध उठा लिए। 1970: संयुक्त अरब गणराज्य के उपराष्ट्रपति अनवर सादात ने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला। 1976 : सैनिक सरकार ने थाईलैंड में स्थिति सामान्य बनाने के लिए प्रतिबंधों में ढील देनी शुरू की। 1987 : मिस्त्र के उपराष्ट्रपति हुस्ती मुबारक

## आज का राशिफल

**मेष** – आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपके अच्छे कार्यों से आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा।

**तुला** – आज काम काफी सोचकर करें। आपको नुकसान होने की आशंका है।

**वृषभ** – कोई विशेष सफलता मिलेगी। नौकर-चाकर व सांसारिक सुख भोगों का विस्तार होगा।

**वृश्चिक** – कार्ययोजनाएं सफल होंगी। आपको आज बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन** – आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने की वजह से बाधा और हानि होगी।

**धनु** – आज सुख में वृद्धि होगी और रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी। आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। यदि आपकी प्रोन्नति रुकी है तो उसमें लाभ होगा।

**मकर** – विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य में आपको हानि हो सकती है।

**सिंह** – आज का दिन शुभ है और आज अगर आप एक व्यापारी हैं तो मुनाफा अच्छा होगा।

**कुंभ** – आज विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य में आपको हानि हो सकती है।

**कन्या** – अधिकारों में वृद्धि के साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। शानशौकत के लिए आप धन व्यय कर सकते हैं।

**मीन** – मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी कार्ययोजनाओं में अच्छा मुनाफा होगा।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# यूं ही कश्मीर में दो कदम पीछे नहीं खींच रही भाजपा

## उम्मीदवार न उतारने के पीछे की ये है कहानी

(नवीन नवाज)

कश्मीर की चुनावी जंग से फिलहाल भाजपा स्वयं को अलग कर चुकी है। हालांकि अपने सहयोगी दलों को परोक्ष समर्थन देने की रूपरेखा भी तैयार हो चुकी है। विरोधी कश्मीर के मैदान से हटने का आरोप लगा रहे हैं पर पार्टी के रणनीतिकार इसे लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे लेने की रणनीति करार दे रहे हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू में चुनावी सभा में साफ संकेत दे दिया था कि भाजपा को कश्मीर में कमल खिलाने की जल्दबाजी नहीं है। उन्होंने आगे कहा था कि बस एक बात याद रखें, नेशनल कॉन्फ्रेंस पीडीपी या कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों को वोट मत दें।

स्पष्ट है कि भाजपा कश्मीर में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी और गुलाम नबी की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे सकती है। अनंतनाग-राजौरी सीट पर नामांकन हो चुका है और श्रीनगर के लिए भी नामांकन आरंभ हो चुका है पर पार्टी पूरी रणनीति पर चुप्पी साधे बैठी है। पार्टी की यह बदली रणनीति उन तमाम विशेषज्ञों को चौंका सकती है जो दो वर्ष से कश्मीर में भाजपा की गतिविधियों पर लगातार नजर लगाए हुए थे। जानकार बताते हैं कि नीति में यह बदलाव एकाएक नहीं है। पार्टी की निगाह जम्मू-कश्मीर में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव पर हैं। वह चाहेगी कि कश्मीर में जिन दलों को वह परोक्ष समर्थन दे रही है, विधानसभा चुनाव में वह उसकी मदद करें। यह दल नेकां और पीडीपी के मुकाबले भले ही छोटे हों पर खास वोट बैंक में दखल रखते हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊधमपुर की चुनावी रैली में भाजपा नेताओं को साफ बता दिया था कि अब विधानसभा चुनाव की तैयारी करें। ऐसे में लोकसभा चुनाव को विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। जम्मू में भाजपा के लिए अपने स्तर पर तैयारी परखने का अवसर है और कश्मीर में अपनी जड़ें मजबूत करने का अतिरिक्त समय है। कश्मीर में कमल खिलाए बिना अपने दम पर जम्मू कश्मीर मे सरकार बनाना भाजपा के लिए आसान नहीं है।

### यूं समझें कश्मीर का सियासी गणित



कश्मीर से जुड़ी तीनों सीटें मुस्लिम बहुल हैं। अनंतनाग-राजौरी और बारामुला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने अच्छी पैठ बनाई है। यहां जनजातीय आबादी ज्यादा है, पर वह चाहेगी कि किसी भी कीमत पर आइएनडीआइए के सहयोगी दलों को रोक सके। पार्टी नेताओं की सज्जाद गनी लोन के नेतृत्व वाली पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी की जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी से बैठक भी हो चुकी है।

अनंतनाग-राजौरी से गुलाम नबी आजाद, बारामुला से सज्जाद लोन ओर श्रीनगर से अपनी पार्टी को समर्थन की तैयारी थी पर आजाद की आनाकानी के बाद रणनीति बदलनी पड़ रही है। यह भी प्रयास हो किया गया कि यह दल एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में प्रत्याशी न उतारें। इन तीनों सीटों पर नेकां और पीडीपी भी चुनाव लड़ रही है।

### कश्मीर में विधानसभा की 47 सीटें हैं और जम्मू में 43

भाजपा चाहेगी कि कश्मीर की परिवारवादी पार्टियों को उनके गढ़ में मात मिल सके। साथ ही विधानसभा चुनाव में यह दल उसका साथ दें। कश्मीर में विधानसभा की 47 सीटें हैं और जम्मू में 43 सीटें हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव में कश्मीर में समर्थन जुटाना पार्टी के लिए अहम होगा। ऐसे में पार्टी ज्यादा ध्यान कश्मीर में आधार मजबूत करने पर करेगी।

# दिल्ली टू केरल क्या है मूड?

## क्यों शशि थरूर को तीन बार वोट देने वाले इस बार राजीव चंद्रशेखर के साथ?





(पूनम पांडे)

**चुनाव यात्रा के दौरान ट्रेन में तेलंगाना के सरकारी कर्मचारियों का एक बड़ा ग्रुप मिला। कहा, हम चुनाव को लेकर बात नहीं कर सकते, सरकारी कर्मचारियों को मनाही है। फिर इधर-उधर की बातचीत के बाद एक ने कहा कि तेलंगाना में भी इस बार बीजेपी की बात हो रही है। दूसरे ने दावा किया कि बीजेपी की सीटें बढ़ेंगी। वे बीआरएस से काफी नाराज दिखे। बोले सरकारी कर्मचारियों को डीए भी नहीं दिया था और इसलिए राज्य से बीआरएस की सरकार गई। उन्होंने दावा किया कि चुनाव में मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच होगा और बीआरएस तीसरी नंबर पर रहेगी।**

चुनाव यात्रा के दौरान ट्रेन में तेलंगाना के सरकारी कर्मचारियों का एक बड़ा ग्रुप मिला। कहा, हम चुनाव को लेकर बात नहीं कर सकते, सरकारी कर्मचारियों को मनाही है। फिर इधर-उधर की बातचीत के बाद एक ने कहा कि तेलंगाना में भी इस बार बीजेपी की बात हो रही है।

चुनाव यात्रा के दौरान ट्रेन में तेलंगाना के सरकारी कर्मचारियों का एक बड़ा ग्रुप मिला। कहा, हम चुनाव को लेकर बात नहीं कर सकते, सरकारी कर्मचारियों को मनाही है। फिर इधर-उधर की बातचीत के बाद एक ने कहा कि तेलंगाना में भी इस बार बीजेपी की बात हो रही है। दूसरे ने दावा किया कि बीजेपी की सीटें बढ़ेंगी। वे बीआरएस से काफी नाराज दिखे। बोले सरकारी कर्मचारियों को डीए भी नहीं दिया था और इसलिए राज्य से बीआरएस की सरकार गई। उन्होंने दावा किया कि चुनाव में मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच होगा और बीआरएस तीसरी नंबर पर रहेगी। फिर उन्होंने घर से बनाकर लाई हुई सकीनम और गारे खिलाए। ये चावल से बनी हुई एक तरह की नमकीन है।

**बीजेपी अध्यक्ष अन्नामलाई का प्रभाव**– तमिलनाडु के मोहम्मद मुजंबिल दिल्ली से ट्रेन में चढ़े थे लेकिन वारंगल पहुंचने तक कोई बात नहीं की। फिर जब बातचीत शुरू की तो अच्छे कॉटन को परखने के तरीके बताए। मुजंबिल तमिलनाडु की तिरिपुर की हौजरी मार्केट में काम करते हैं। बताया कि तमिलनाडु में लोग नैशनल पार्टी पर भरोसा नहीं करते। यहां डीएमके और एआईएडीएमके ही है। बोले यहां लोग कास्ट के आधार पर वोट देते हैं। मैंने पूछा आप भी कास्ट को देखकर ही वोट देते हैं क्या, जवाब मिला-मेरी तो कोई कास्ट है नहीं, मैं मुस्लिम हूं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में लोग बीजेपी के सिंबल को ज्यादा नहीं जानते लेकिन तमिलनाडु के बीजेपी अध्यक्ष अन्नामलाई के बारे में कहा कि वे कम्युनल पॉलिटिक्स नहीं करते इसलिए उनका अच्छा प्रभाव है।

**साफ सफाई का जिक्र**– केरल तक सफर करने वाले कई लोग इस ट्रेन में हैं। चुनावी चर्चा शुरू करने पर पहले वे साफ सफाई का जिक्र करते हैं और कहते हैं कि ट्रेन में सरकार को सफाई का ज्यादा ध्यान देना चाहिए। 'स्वच्छ भारत' ट्रेन में भी दिखना चाहिए। वे कहते हैं कि हमारे केरल के स्टेशन जरूर देखना। नयनय सीके. तिरुवनंतपुरम से हैं। कहते हैं कि तीन बार से मैं लगातार शशि थरुर को वोट दे रहा हूं लेकिन इस बार राजीव चंद्रशेखर को देने की सोच रहा हूं। शशि थरूर कांग्रेस उम्मीदवार हैं और सिटिंग सांसद हैं और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर बीजेपी के उम्मीदवार हैं। वह कहते हैं कि थरूर बस नाम के लिए सांसद बने और उन्हें अपने क्षेत्र से कोई मतलब नहीं था, वे बस टीवी पर ही दिखाई देते हैं। वे कहते हैं कि राजीव चंद्रशेखर से उम्मीद है कि वे आईटी में कुछ काम करें और हमें भी काम दिलाएं।



**इस बार तो सरकार में बीजेपी को ही फिर से आना है**– कैंडिडेट को देखकर वोट कर रहे हैं या पार्टी को, ये पूछने पर उन्होंने कहा कि इस बार तो सरकार में बीजेपी को ही फिर से आना है, सभी यही कह रहे हैं। मोदी को आना है केंद्र सरकार में तो वही देखकर वोट दे रहा हूं। केरल में तो बीजेपी अभी तक एक भी सीट नहीं जीती है, ये चर्चा करने पर वह कहते हैं कि इस बार दो सीटों पर मुकाबला लग रहा है। नयनय के साथ ही उनके दोस्त भी हैं, वे भी कहते हैं कि इस बार राजीव चंद्रशेखर को वोट देंगे। साथ ही कहते हैं कि मैं पार्टी नहीं देख रहा मैं बस उम्मीदवार देख रहा हूं।

### फर्स्ट टाइम वोटर की क्या राय?

चुनाव की बातचीत चल ही रही थी की कॉफी वाला आया। दो विकल्प दिए ब्रू या नेसकैफे। हरियाणा से ट्रेन में चढ़े एक शख्स ने कहा ये मैंने 1 घंटे पहले भी पी लेकिन इसमें कॉफी जैसा कुछ नहीं है, खुश्बू भी नहीं आ रही। कॉफी वाले ने कॉफी बना कर दी। फिर बार बार यह कहने पर कि कॉफी की खुश्बू ही नहीं है ऊपर से दोनों टाइप की कॉफी छिड़क कर दी। हालांकि वे ठीक कह रहे हैं, इतनी कॉफी डालने के बाद भी खुश्बू नहीं आई। खैर, चुनाव पर बातचीत आगे बढ़ी तो तमिलनाडु के नीरव ने कहा कि मैं तो उनके लिए वोट करूंगा जो देश के लिए काम कर रहे हैं। नीरव फर्स्ट टाइम वोटर हैं। वे कहते हैं मैं चाहता हूं कि जब नया बिजनेस शुरू करूं तो वह आसान हो, जो इस तरह के बदलाव करेंगे कि नए लोगों को बिजनेस में आना आसान होगा, मैं उन्हें चुनना चाहूंगा।

### कश्मीर में सरकार ने पीसफुल माहौल बनाया

एक सरकारी विभाग से रिटायर्ड रामचंद्रन 9 लोगों के ग्रुप के साथ कश्मीर घूमकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा लगा कि वहां सरकार ने पीसफुल माहौल बनाया। हम सब खुश हैं। वे केरल के कोल्लम से हैं। वे कहते हैं कि हमारा कश्मीर का पूरा अनुभव अच्छा रहा और केंद्र सरकार से खुश हैं। लेकिन जब केरल की बात आती है तो वे कहते हैं कि वहां तो लोग यही देखते हैं कि कौन जीतने वाला है, उसे ही वोट करते हैं। वे कहते हैं केरल की राजनीति अलग है। ट्रेन अगले कुछ घंटों में कन्याकुमारी पहुंचने वाली है और इसके साथ ही हमारी यह चुनावी यात्रा पूरी होगी।

# विपक्ष क्यों नहीं बना पा रहा कड़े मुकाबले का माहौल?

**विपक्ष ऐसे मुद्दों की पहचान नहीं कर पाया है, जिनसे मोदी का वोट बैंक प्रभावित हो या पहली बार वोट डालने वाले 6 करोड़ वोटर प्रभावित हों। इंडी एलायंस बनते समय जो हवा बनी थी, वह हवा पहले दौर का मतदान शुरू होने से पहले ही हवा हो गई। एलायंस न तो साझा कार्यक्रम तय कर पाया, न एक भी साझा रैली कर पाया। इंडी गठबंधन की सिर्फ एक रैली दिल्ली में हुई, वह भी चुनावी रैली नहीं थी, बल्कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ थी।**

(अजय सेट्ठी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए भाजपा 370 पार और एनडीए 400 पार का नारा दिया था। विपक्ष भाजपा के इसी नारे में उलझ कर रह गया। उसका संविधान और लोकतंत्र को खतरे वाला घिसा पिटा प्रलाप जनता को उद्वेलित नहीं कर पाया। वह भूल गया कि 2019 में भी वह संविधान और लोकतंत्र को खतरे की बातें करता रहा था। जब इंडी एलायंस बना था तो विपक्ष के नेता दावा कर रहे थे कि कम से कम 300 सीटों पर भाजपा के सामने एक ही उम्मीदवार खड़ा किया जाएगा, विपक्ष न तो इसे साकार कर पाया, न ही मुकाबले का नेरेटिव बना पाया। तीन राज्यों पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल में तो इंडी एलायंस सीट शेयरिंग ही नहीं पर पाया। लोकसभा चुनाव 2024 संसदीय क्षेत्र 7 प्रत्याशी 7 चुनाव तिथियां। दूसरे चरण में मथुरा में 26 अप्रैल को वोट डाले गए। पिछले दिनों हेमामालिनी के लिए प्रचार करने अमित शाह पहुंचे थे, उन्होंने कहा 2014 से पहले पाकिस्तानी आकर बम धमाके करते थे उत्तर प्रदेश में बसपा, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल ने विपक्षी एकता की कोशिश नाकाम बना दी। विपक्ष किसी एक मुद्दे को भी खड़ा नहीं कर पाया, जो भाजपा और मोदी के लिए मुश्किल खड़ी करता। लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण खत्म करने का डर इंडी एलायंस के काल्पनिक मुद्दे हैं। जिनका मोदी, शाह और नड्डा ने एक एक बार जवाब देकर मामला ठंडा कर दिया। चुनावी मुद्दे वे होने चाहिएं, जो जनता को सीधे प्रभावित करें। उपरोक्त तीनों मुद्दे सिर्फ बौद्धिक बहस के मुद्दे हैं। विपक्ष महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को बेहतर ढंग से उठा रहा है, लेकिन इन दोनों मुद्दों को स्वरोजगार के ढेरों विकल्पों और चारों तरफ दिखाई दे रहे राष्ट्र के विकास ने कमजोर कर दिया है। जाति आधारित जनगणना एक सीमित क्षेत्र का मुद्दा है। उन क्षेत्रों की जनता भी जानती है कि ओबीसी आरक्षण बढ़ जाने से नौकरियों में उन्हें कोई फायदा नहीं होगा, क्योंकि नई टेक्नोलॉजी आने से सरकारी नौकरियां ही घटती जाएँगी। विपक्ष ऐसे मुद्दों की पहचान नहीं कर पाया है, जिनसे मोदी का वोट बैंक प्रभावित हो या पहली बार वोट डालने वाले 6 करोड़ वोटर प्रभावित हों। इंडी एलायंस बनते समय जो हवा बनी थी, वह हवा पहले दौर का मतदान शुरू होने से पहले ही हवा हो गई। एलायंस न तो साझा कार्यक्रम तय कर पाया, न एक भी साझा रैली कर पाया। इंडी गठबंधन की ,सिर्फ एक रैली दिल्ली में हुई, वह भी चुनावी रैली नहीं थी, बल्कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ थी। विपक्ष ऐसा समझता है कि उस रैली से मोदी सरकार की ओर से ईडी और सीबीआई के दुरूपयोग के खिलाफ विपक्ष की एकता का संदेश गया है। जबकि मोदी सरकार ने ठीक चुनाव के वक्त अरविन्द केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके एक केलकुलेटेड गेम खेला था। नरेंद्र मोदी के बनाए जाल में फंस कर विपक्ष ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी के खिलाफ एकजुटता दिखा अपने पांवों पर कुल्हाड़ी मार ली। क्योंकि किसी भी अदालत ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों को जमानत नहीं दी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को क़ानूनन जायज ठहरा देने के बाद संदेश उलटा हो गया। संदेश यह हो गया है कि यह गठबंधन अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए बनाया गया है। मेरे लिए



ताज्जुब की बात है, वो बैरिस्टर कैसे बने?, ओवैसी के 'बीफ काटते रहो' बयान पर भाजपा कैंडिडेट माधवी लता दिल्ली की रामलीला मैदान की एक रैली में हेमंत सोरेन की पत्नी और अरविन्द केजरीवाल की पत्नियों को झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मंत्रियों से ज्यादा महत्व दिया गया। जबकि दोनों पहले राजनीति में नहीं थीं। रैली में इन दोनों गिरफ्तार मुख्यमंत्रियों की पत्नियों के अलावा सभी नेताओं के बेटे बेटियाँ मंच पर पहली लाईन में दिखाई दिए, जैसे लालू यादव के बेटे तेजस्वी, शरद पवार की बेटी सुप्रिया, मुलायम यादव के बेटे अखिलेश आदि। इस रैली ने मोदी का वह काम कर दिया, जो वह सौ भाषणों से भी नहीं कर सकते थे। पिछले दस साल से वह भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ जंग का एलान कर रहे थे। दिल्ली की रैली ने उनके इन दोनों ही मुद्दों को देश के लिए गंभीर और सही साबित कर दिया। लगभग सभी ओपिनियन पोल बता रहे हैं कि विपक्ष की रैली नरेंद्र मोदी के लिए वरदान साबित हुई। चुनावों के समय दोनों मुख्यमंत्रियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से विपरीत नेरेटिव भी बन सकता था। लेकिन इन गिरफ्तारियों के बाद जब मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जंग आगे भी जारी रहेगी, जो लोग राजनीतिक गिरफ्तारियों का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें किसी अदालत से जमानत नहीं मिल रही। तो इन दोनों की गिरफ्तारी ने मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिबद्धता का नेरेटिव बना दिया। सभी ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए की सीटें 2019 के मुकाबले ज्यादा बता रहे हैं। 2019 में भाजपा खुद 303 सीटें जीती थीं, एनडीए के पार्टनर 50 सीटें जीते थे। अगर हम सभी ओपिनियन पोल का अनुपात निकालें, तो एनडीए की करीब 12 सीटें बढ़ कर 365 हो रही हैं। यह 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। दूसरी तरफ ओपिनियन पोल्स के मुताबिक़ यूपीए के मुकाबले इंडी एलायंस की सीटें घट रही है। सत्रहवीं लोकसभा में यूपीए की 91 सीटें थीं, उसमें तृणमूल कांग्रेस की 22, समाजवादी पार्टी की 5, और आम आदमी पार्टी की एक सीट शामिल नहीं थी, क्योंकि ये तीनों दल यूपीए में शामिल नहीं थे। अब ये तीनों दल इंडी एलायंस में शामिल हैं, इसलिए इन्हें जोड़ लें तो सत्रहवीं लोकसभा में इन सभी दलों की 119 सीटें बनती हैं। इनमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी यूपीए में नहीं थी, लेकिन उद्धव ठाकरे समेत जो नया इंडी एलायंस बना है, उसे ओपिनियन पोल में 122 सीटें बताई जा रही हैं। तो इंडी एलायंस ने क्या हासिल किया। वैसे जरूरी नहीं कि ओपिनियन पोल सही साबित हों। क्योंकि बिहार, बंगाल और महाराष्ट्र में कड़े मुकाबले की खबरें आ रही हैं। हालांकि चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर (जो पिछले नौ साल से विपक्षी दलों के रणनीतिकार रहे हैं, पिछले विधानसभा चुनाव में वह ममता बनर्जी के रणनीतिकार थे) ने बंगाल में भाजपा की सीटें तृणमूल कांग्रेस से ज्यादा होने की भविष्यवाणी की है। मोदी का टार्गेट 400 पार का है, लेकिन किसी भी ओपिनियन पोल ने यह नहीं बताया है कि एनडीए 400 पार कर सकता है, या भाजपा 370 को छू सकती है। लेकिन अगर भाजपा दस सीटें भी बढ़ा ले गई, तो वह इसी नारे की सफलता मानी जाएगी, क्योंकि इस नारे ने सीटें घटने नहीं दी। इंडिया टीवी और सीएनएक्स के ओपिनियन पोल ने एनडीए को सर्वाधिक 393 सीटें मिलने और इंडी एलायंस को सौ से भी कम सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। भविष्यवाणी यह है कि भाजपा हिन्दी पट्टी के दिल्ली समेत दस राज्यों में पिछली बार वाला नतीजा दोहराने जा रही है। हालांकि किसी भी ओपिनियन पोल ने जमीनी हकीकत को इस लिहाज से नहीं देखा कि राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में कई सीटों पर कड़ा मुकाबला हो रहा है। पिछली बार इन तीनों ही राज्यों की सारी 42 सीटें एनडीए जीता था, लेकिन इस बार कम से कम चार-पांच सीटें घट सकती हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में उन सीटों की भरपाई हो सकती है। बंगाल के अलावा झारखंड और उड़ीसा में भी भाजपा की सीटें बढ़ रही हैं, लेकिन महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार में पिछली बार वाला नतीजा नहीं रहने वाला। तमिलनाडु के बारे में कुछ ओपिनियन पोल भाजपा को छह सीटें दे रहे हैं, भाजपा इससे पहले 1999 में द्रमुक के साथ गठबंधन में एक बार चार सीटें जीती थी।



# धन, धान्य, सुख, ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए पढ़ें श्री लक्ष्मी सूक्त पाठ

### श्री लक्ष्मीसूक्तम पाठ

पद्मानने पद्मिनि पद्मपत्रे पद्मप्रिये पद्मदलायताक्षि।
विश्वप्रिये विश्वमनोनुकूले त्वत्पादपद्मं मयि सन्निधत्स्व।
हे लक्ष्मी देवी! आप कमलमुखी, कमल पुष्प पर विराजमान, कमल-दल के समान नेत्रों वाली, कमल पुष्पों को पसंद करने वाली हैं। सृष्टि के सभी जीव आपकी कृपा की कामना करते हैं। आप सबको मनोनुकूल फल देने वाली हैं। हे देवी! आपके चरण-कमल सदैव मेरे हृदय में स्थित हों।
पद्मानने पद्मऊरू पद्माक्षी पद्मसम्भवे।
तन्मे भजसिं पद्माक्षि येन सौख्यं लभाम्यहम।।
हे लक्ष्मी देवी! आपका श्रीमुख, ऊरु भाग, नेत्र आदि कमल के समान हैं। आपकी उत्पत्ति कमल से हुई है। हे कमलनयनी! मैं आपका स्मरण करता हूँ, आप मुझ पर कृपा करें।
अश्वदायी गोदायी धनदायी महाधने।
धनं मे जुष तां देवि सर्वाकामांश्च देहि मे।
हे देवी! अश्व, गौ, धन आदि देने में आप समर्थ हैं। आप मुझे धन प्रदान करें। हे माता! मेरी सभी कामनाओं को आप पूर्ण करें।
पुत्र पौत्र धनं धान्यं हस्त्यश्वादिगवेरथम।
प्रजानां भवसी माता आयुष्मंतं करोतु मे।
हे देवी! आप सृष्टि के समस्त जीवों की माता हैं। आप मुझे पुत्र-पौत्र, धन-धान्य, हाथी-घोड़े, गौ, बैल, रथ आदि प्रदान करें। आप मुझे दीर्घ-आयुष्य बनाएँ।
धनमाग्नि धनं वायुर्धनं सूर्यो धनं वसु।
धन मिंद्रो बृहस्पतिर्वरुणां धनमस्तु मे।
हे लक्ष्मी! आप मुझे अग्नि, धन, वायु, सूर्य, जल, बृहस्पति, वरुण आदि की कृपा द्वारा धन की प्राप्ति कराएँ।
वैनतेय सोमं पिव सोमं पिवतु वृत्रहा।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः।
हे वैनतेय पुत्र गरुड़! वृत्रासुर के वधकर्ता, इंद्र, आदि समस्त देव जो अमृत पीने वाले हैं, मुझे अमृतयुक्त धन प्रदान करें।
न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो नाशुभामतिः।
भवन्ति कृतपुण्यानां भक्तानां सूक्त जापिनाम।।
इस सूक्त का पाठ करने वाले की क्रोध, मत्सर, लोभ व अन्य अशुभ कर्मों में वृत्ति नहीं रहती, वे सत्कर्म की ओर प्रेरित होते हैं।
सरसिजनिलये सरोजहस्ते धवलतरांशुक गंधमाल्यशोभे।
भगवति हरिवल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतिकरी प्रसीद मह्यम।।
हे त्रिभुवनेश्वरी! हे कमलनिवासिनी! आप हाथ में कमल धारण किए रहती हैं। श्वेत, स्वच्छ वस्त्र, चंदन व माला से युक्त हे विष्णुप्रिया देवी! आप सबके मन की जानने वाली हैं। आप मुझ दीन पर कृपा करें।
विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधवप्रियाम।
लक्ष्मीं प्रियसखीं देवीं नमाम्यच्युतवल्लभाम।
भगवान विष्णु की प्रिय पत्नी, माधवप्रिया, भगवान अच्युत की प्रेयसी, क्षमा की मूर्ति, लक्ष्मी देवी मैं आपको बारंबार नमन करता हूँ।
महादेव्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि।
तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात
हम महादेवी लक्ष्मी का स्मरण करते हैं। विष्णुपत्नी लक्ष्मी हम पर कृपा करें, वे देवी हमें सत्कार्यों की ओर प्रवृत्त करें।
चंद्रप्रभां लक्ष्मीमेशानीं सूर्याभांलक्ष्मीमेश्वरीम।
चंद्र सूर्याग्निसंकाशां श्रिय देवीमुपास्महे।
जो चंद्रमा की आभा के समान शीतल और सूर्य के समान परम तेजोमय हैं उन परमेश्वरी लक्ष्मीजी की हम आराधना करते हैं।
श्रीर्वर्चस्वमायुष्यमारोग्यमाभिधाच्छ्रोभमानं महीयते।
धान्य धनं पशु बहु पुत्रलाभम सत्संवत्सरं दीर्घमायुः।
इस लक्ष्मी सूक्त का पाठ करने से व्यक्ति श्री, तेज, आयु, स्वास्थ्य से युक्त होकर शोभायमान रहता है। वह धन-धान्य व पशु धन सम्पन्न, पुत्रवान होकर दीर्घायु होता है।



# चारधाम की यात्रा करने से मिलते हैं शुभ फल

## गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा को छोटा चार धाम यात्रा कहते हैं। वैसे बड़े चार धाम के नाम है बद्रीनाथ, जगन्नाथ, रामेश्वरम और द्वारिका धाम। चारधाम की यात्रा करने से मिलते हैं 10 शुभ फल। जानिए यात्रा का महत्व।




उक्त चारों ही स्थान पर दिव्य आत्माओं का निवास माना गया है। यह बहुत ही पवित्र स्थान माने जाते हैं। केदारनाथ को जहां भगवान शंकर का आराम करने का स्थान माना गया है वहीं बद्रीनाथ को सृष्टि का आठवां वैकुंठ कहा गया है, जहां भगवान विष्णु 6 माह निद्रा में रहते हैं और 6 माह जागते हैं। यहां बदरीनाथ की मूर्ति शालग्रामशिला से बनी हुई, चतुर्भुज ध्यानमुद्रा में है। यहां नर-नारायण विग्रह की पूजा होती है और अखण्ड दीप जलता है, जो कि अचल ज्ञानज्योति का प्रतीक है। केदार घाटी में दो पहाड़ हैं- नर और नारायण पर्वत। विष्णु के 24 अवतारों में से एक नर और नारायण ऋषि की यह तपोभूमि है। उनके तप से प्रसन्न होकर केदारनाथ में शिव प्रकट हुए थे। दूसरी ओर बद्रीनाथ धाम है जहां भगवान विष्णु विश्राम करते हैं। कहते हैं कि सतयुग में बद्रीनाथ धाम की स्थापना नारायण ने की थी। भगवान केदारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद बद्री क्षेत्र में भगवान नर-नारायण का दर्शन करने से मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे जीवन-मुक्ति भी प्राप्त हो जाती है। इसी आशय को शिवपुराण के कोटि रुद्र संहिता में भी व्यक्त किया गया है।

### चारधाम यात्रा के 10 शुभ फल

- **पाप हो जाते हैं नष्ट :**
  इस यात्रा को करने से मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं।
- **जन्म मरण से मिलती मुक्ति :**
  कहते हैं कि इस यात्रा में मृत्यु को प्राप्त हो जाना सबसे शुभ है। व्यक्ति को जीवन-मुक्ति प्राप्त हो जाती है। बद्रीनाथ के बारे में एक कहावत प्रचलित है कि 'जो जाए बदरी, वो ना आए ओदरी'। अर्थात जो व्यक्ति बद्रीनाथ के दर्शन कर लेता है, उसे पुनः उदर यानी गर्भ में नहीं आना पड़ता है। शिव पुराण के अनुसार केदारतीर्थ में पहुंचकर, वहां केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन कर जो मनुष्य वहां का जल पी लेता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता है।
- **बढ़ता है अनुभव :**
  चारधाम यात्रा से हमें नए-नए अनुभव होते हैं, हमारी स्मृतियां और सोच बढ़ती है। हम शिक्षित होते हैं।
- **प्रकृति के होते हैं दर्शन :**
  य़ात्राओं से हम यह देख पाते हैं कि धरती कैसी है, प्रकृति कैसी है, शहर, गांव और कस्बें कैसे हैं।
- **संस्कृति के होते दर्शन :**
  यात्राओं से हमें भिन्न-भिन्न संस्कृति और धर्म की भाषा, भूषा और भोजन का पता चलता है। यात्राओं से ही जान सकते हैं कि लोग कैसे हैं, उनके विचार कैसे हैं और अततः हम यह निर्णय ले सकते हैं कि हम कैसे हैं। यात्राओं से जीवन में कई तरह के रंग भर जाते हैं।
- **आयु वृद्धि :**
  तीर्थ यात्रा में अक्सर पैदल चलना होता है। पैदल चलने से शरीर सुगठित और पुष्ट होता है। जंघा, भुजा, नाड़ी और मांस पेशियां परिपुष्ट हो जाती है। तीर्थ यात्रा करने से व्यक्ति को हर तरह की जलवायु का सामना करना होता है जिसके चलते वह सेहतमंद बनता है और नए नए अनुभव प्राप्त करता है। पहाड़ों पर शुद्ध हवा से नए जीवन का संचार होता है। आयु में वृद्धि होती है।
- **वंश को जानने का मिलता मौका :**
  तीर्थ यात्रा के दौरान व्यक्ति अपने देश और धर्म को जानने का प्रयास करता है। तीर्थ पुरोहित, पंडा से मिलकर अपने कुल खानदान को जानता है। तपस्वी, मनस्वी, साधु, संत आदि के आश्रमों में रुकने का मौका मिलता है। उनके आश्रम में नहीं ठहरते हैं तो उनसे मिलने का मौका मिलता है जिसके चलते मानसिक लाभ मिलता है।
- **अनुभव का मिलता फायदा :**
  बहुत से लोग एक शहर छोड़कर दूसरे शहर घूमते रहते हैं। इससे उन्हें पता चलता है कि कहां क्या मिलता है और कितने में मिलता है। ऐसा करके वे अपने शहर में वह व्यापार शुरू कर सकते हैं जो कि उनके शहर में नहीं होता है। ऐसी भी बहुत सारी बाते हैं जो आपके शहर में नहीं हो रही है। यदि आप यात्रा करेंगे तो पता चलेगा कि आपके शहर, गांव या कस्बे में क्या नहीं हो रहा है। जैसे कुछ लोग अमेरिका से सीखकर यहां आते हैं और अपने शहर को कुछ नया देते हैं।
- **जीवन का लक्ष्य और उद्देश्य :**
  हिन्दू धर्म में चार धमों की तीर्थ यात्रा करने के महत्व के संबंध में विस्तार से उल्लेख मिलता है। इसके माध्यम से व्यक्ति देश के संपूर्ण लोगों, उनकी संस्कृति, भाषा, इतिहास, धर्म और परंपरा आदि से परिचित ही नहीं होता बल्कि वह अपने भीतर बौद्धिकता और आत्मज्ञान के रास्ते भी खोल लेता है। तीर्थ यात्रा करने से व्यक्ति में खुद के बारे में, लोगों के बारे में समझने की बुद्धि का विकास तो होता ही है साथ ही उसे अपने जीवन का लक्ष्य और उद्देश्य भी पता चलता है। अक्सर लोग जीवन के अंतिम पड़ाव में तीर्थ यात्रा पर जाते हैं लेकिन जो जवानी में गया समझो उसने ही सबकुछ पाया। वही परिपक्व और अनुभवी व्यक्ति है।


### क्यों करते हैं तीर्थ यात्रा

- मोक्ष के लिए करते हैं तीर्थ दर्शन
- तीर्थ मार्ग में सत्संग से मिलता ज्ञान।
- जीवन का सत्य पचा चलता है।

# तीर्थ यात्रा में हरगिज न करें यह काम

हिन्दू धर्म में तीर्थ यात्रा करने का खासा महत्व है। तीर्थ करने के कई सांसारिक और आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं। कई लोग तीर्थ यात्रा पर जाते हैं लेकिन उन्हें तीर्थ यात्रा करने के नियम नहीं मालूम रहते हैं। वहां जाकर वे ऐसे कार्य करते हैं जो कि तीर्थक्षेत्र में वर्जित माने गए हैं। आओ जानते हैं कि तीर्थ क्षेत्र में कौनसे 14 कार्य हरगिज नहीं करना चाहिए। तीर्थ यात्रा करने समय इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- तीर्थ यात्रा के दौरान जप, तप और दान करना चाहिए। जो ऐसा नहीं करता है वह रोग और दोष का भागीदार बनता है।
- दूसरी जगह किया गया पाप तीर्थ यात्रा में नष्ट हो जाता है लेकिन तीर्थ में किया गया पाप कभी नष्ट नहीं होता है।
  अन्यत्र हिकृतं पापं तीर्थ मासाद्य नश्यति।
  तीर्थेषु यत्कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति।
- पत्नि या पति को छोड़कर किए गए तीर्थ का पुण्य फल प्राप्त नहीं होता है। पत्नी के होते या पति के जिंदा रहते उन्हें छोड़कर अकेले तीर्थ नहीं किया जाता।
- तीर्थ यात्रा के दौरान या तीर्थक्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यसन करना या मांसाहार का सेवन करने से पाप लगता है।
- तीर्थ परिक्रमा या मंदिर परिक्रमा करते वक्त अधूरी परिक्रमा नहीं करना चाहिए और भगवान के सामने या तीर्थ के प्रमुख पड़ाव पर रुककर परिक्रमा करना चाहिए।
- तीर्थ क्षेत्र में या मंदिर में भगवान के समक्ष या श्रीविग्रह समक्ष पैर पसारकर बैठना अशुभ माना जाता है। इससे पाप लगता है। श्रीविग्रह के सामने जोर से बोलना और सांसारिक वार्तालाप करना भी मना है।
- तीर्थ में नदी या मूर्ति के सामने सोना और घुटनों को ऊंचा करके उनको हाथों से लपेटकर नहीं बैठना चाहिए। मूर्ति के सामने चिल्लाना और कलह करना, अश्लील शब्द बोलना पाप है।
- तीर्थ यात्रा के दौरान या तीर्थक्षेत्र में झूठ बोलना पाप माना जाता है जिससे तीर्थ का फल नहीं मिलता है।
- भगवान को निवेदित किए बिना किसी भी वस्तु को नहीं खाना-पीना चाहिए यानी भोग लगाए ही भोजन करना या उपयोग में लाने से बचे हुए भोजन को भगवान के लिए निवेदन करना पाप है और ऋतु फल खाने से पहले भगवान को जरुर चढ़ाएं।
- अपने या अपने परिवार के सदस्यों के ही रुपयों से तीर्थ करना चाहिए।
- पैरों में खड़ाऊ पहनकर या सवारी चढ़कर तीर्थ के मुख्य क्षेत्र या मंदिर में नहीं जाना चाहिए।
- अशौच अवस्था में तीर्थ या मंदिर में नहीं जाते हैं। तीर्थ के मंदिर में बगैर शुद्धकरण के दाखिल होना पाप है।
- किसी को कोसना, किसी की निंदा या स्तुति करना, रोना या जोर जोर से हंसना, किसी को दंड देना, आत्म-प्रशंसा करना, देवताओं को कोसना आदि भी पाप है।
- पलंग लगाकर सोना, कंबल ओढ़कर बैठना, अधोवायु का त्याग करना, आरती के समय उठकर चले जाना, एक हाथ से प्रणाम करना, शक्ति रहते हुए गौण उपचारों से पूजा करना, मुख्य उपचारों का प्रबन्ध न करना, मंदिर के सामने से निकलते हुए प्रणाम न करना। भजन-कीर्तन आदि के दौरान किसी भी भगवान का वेश बनाकर खुद की पूजा करवाना, मूर्ति के ठीक सामने खड़े होना, मंदिर से बाहर निकलते वक्त भगवान को पीठ दिखाकर बाहर निकलना, मंदिर में रुपये या पैसे फेंकना आदि सभी पाप है।





# भारतीय संस्कृति को जोड़े रखने में आद्य शंकराचार्य का योगदान

महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने अपनी पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश में लिखा है कि आदि शंकराचार्यजी का काल लगभग 2200 वर्ष पूर्व का है। दयानंद सरस्वती जी 138 साल पहले हुए थे। इस वक्त अंग्रेजी वर्ष 2023 चल रहा है और विक्रम संवत 2080 चल रहा है। विक्रम संवत इससे 57 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था। इस वक्त कलि संवत 5124 चल रहा है। युधिष्ठिर संवत कलि संवत से 39 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था। मतलब इस वक्त युधिष्ठिर संवत 5163 चल रहा है। आदि शंकराचार्य का जन्म केरल के मालाबार क्षेत्र के कालड़ी नामक स्थान पर नम्बूद्री ब्राह्मण शिवगुरु एवं आर्याम्बा के यहां हुआ था और वे 32 वर्ष तक ही जीए थे। 788 ईस्वी में जिन शंकराचार्य का जन्म हुआ था वे अभिनव शंकराचार्य थे।

## चार धामों में चार मठ की स्थापना

आदि शंकराचार्य ने चार मठों की स्थापना की थी। उत्तर दिशा में उन्होंने बद्रिकाश्रम में ज्योर्तिमठ की स्थापना की थी। यह स्थापना उन्होंने 2641 से 2645 युधिष्ठिर संवत के बीच की थी। इसके बाद पश्चिम दिशा में द्वारिका में शारदामठ की स्थापना की थी। इसकी स्थापना 2648 युधिष्ठिर संवत में की थी। इसके बाद उन्होंने दक्षिण में श्रंगेरी मठ की स्थापना भी 2648 युधिष्ठिर संवत में की थी। इसके बाद उन्होंने पूर्व दिशा में जगन्नाथ पुरी में 2655 युधिष्ठिर संवत में गोवर्धन मठ की स्थापना की थी। आप इन मठों में जाएंगे तो वहां इनकी स्थापना के बारे में लिखा जान लेंगे। आदि शंकराचार्य के समय जैन राजा सुधनवा थे।

## दशनामी संप्रदाय

शंकराचार्य ने ही हर क्षेत्र के हिन्दुओं को संगठित करने और जातिवाद को समाप्त करने के लिए दसनामी सम्प्रदाय की स्थापना की थी। यह दस संप्रदाय निम्न हैं:- 1.गिरि, 2.पर्वत और 3.सागर। इनके ऋषि हैं भ्रगु। 4.पुरी, 5.भारती और 6.सरस्वती। इनके ऋषि हैं शांडिल्य। 7.वन और 8.अरण्य के ऋषि हैं काश्यप। 9.तीर्थ और 10.आश्रम के ऋषि अवगत हैं। इन्हीं संप्रदाय को आजकल संत संप्रदाय माना जाता है जिनके 13 अखाड़े कुंभ में स्नान करते हैं। शंकराचार्य ने हिंदू धर्म को व्यवस्थित करने का भरपूर प्रयास किया।

## शंकराचार्य के चार शिष्य

1.पद्मपाद (सनन्दन), 2.हस्तामलक 3.मंडन मिश्र 4.तोटक (तोटकाचार्य)। माना जाता है कि उनके ये शिष्य चारों वर्णों से थे।

## नागा परंपरा

दशनामियों के दो कार्यक्षेत्र निश्चित किए- पहला शस्त्र और दूसरा शास्त्र। यह भी कहा जाता है कि शंकराचार्य के सुधारवाद का तत्कालीन समाज में खूब विरोध भी हुआ था और साधु समाज को उग्र और हिंसक साम्प्रदायिक विरोध से जूझना पड़ता था। काफी सोच-विचार के बाद शंकराचार्य ने वनवासी समाज को दशनामी परम्परा से जोड़ा, ताकि उग्र विरोध का सामना किया जा सके। वनवासी समाज के लोग अपनी रक्षा करने में समर्थ थे, और शस्त्र प्रवीण भी। इन्हीं शस्त्रधारी वनवासियों की जमात नागा साधुओं के रूप में सामने आई। ये नागा जैन और बौद्ध धर्म भी सनातन हिन्दू परम्परा से ही निकले थे। वन, अरण्य, नामधारी संन्यासी उड़ीसा के जगन्नाथपुरी स्थित गोवर्धन पीठ से संयुक्त हुए।

## अखाड़ों की परंपरा

इन मठाम्नायों के साथ अखाड़ों की परम्परा भी लगभग इनकी स्थापना के समय से ही जुड़ गई थी। चारों पीठों की देशभर में उपपीठ स्थापित हुई। कई शाखाएं-प्रशाखाएं बनीं, जहां धूनि, मढ़ी अथवा अखाड़े जैसी व्यवस्थाएं बनीं। जिनके जरिए, स्वयं संन्यासी पोथी, चोला का मोह छोड़ कर, थोड़े समय के लिए शस्त्रविद्या सीखते थे, साथ ही आमजन को भी इन अखाड़ों के जरिए आत्मरक्षा के लिए सामरिक कलाएं सिखाते थे। हिन्दुओं की आश्रम परम्परा के साथ अखाड़ों की परंपरा भी प्राचीनकाल से ही रही है। अखाड़ों का आज जो स्वरूप है उस रूप में पहला अखाड़ा 'अखंड आह्वान अखाड़ा' 547 ई.में सामने आया। इसका मुख्य कार्यालय काशी में है और शाखाएं सभी कुम्भ तीर्थों पर हैं।

मध्यकाल मे चारों पीठों से जुड़ी दर्जनों पीठिकाएं सामने आईं, जिन्हें मठिका कहा गया। इसका देशज रूप मढ़ी प्रसिद्ध हुआ। देशभर में दशनामियों की ऐसी कुल 52 मढ़ियां हैं, जो चारों पीठों द्वारा नियंत्रित हैं। इनमें सर्वाधिक 27 मठिकाएं गिरि दशनामियों की हैं, 16 मठिकाओं में पुरी नामधारी संन्यासी के अधीन हैं, 4 मढ़ियों में भारती नामधारी दशनामियों का वर्चस्व है और एक मढ़ी लामाओं की है। साधुओं में दंडी और गोसाईं दो प्रमुख भेद भी हैं। तीर्थ, आश्रम, भारती और सरस्वती दशनामी, दंडधर साधुओं की श्रेणी में आते हैं जबकि बाकी गोसाईं कहलाते हैं।

# विरासत टैक्स सीधे मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालेगा, मतदान के बाद बोलीं वित्त मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को बंगलूरू के जयनगर में मतदान के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने विरासत टैक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों पर विरासत टैक्स लगाने से पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता व्यक्त की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बंगलूरू में मतदान करने के बाद विरासत टैक्स पर बात की। उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालता है, जिससे उनकी गाढ़ी कमाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा, यह (विरासत टैक्स) सीधे मध्यम वर्ग पर प्रहार करता है। वे कड़ी मेहनत करते हैं, उनका पसीना और मेहनत इधर-उधर की छोटी-छोटी बचतों के रूप में बचती है, या तो वे सपनों का घर खरीद लेते हैं या कुछ फिक्स्ड डिपॉजिट रख लेते हैं। अगर विरासत टैक्स लगाई जाती है तो ये सभी प्रभावित होंगे। वित्त मंत्री सीतारमण ने ये बातें बेंगलुरु में लोकसभा चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद कही।

शुक्रवार को बंगलूरू के जयनगर में मतदान के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने विरासत टैक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों पर विरासत टैक्स लगाने से पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। वित्त मंत्री की ओर से यह प्रतिक्रिया सैम पित्रोदा की ओर से विरासत टैक्स पर चर्चा शुरू करने के बाद आई। उन्होंने कहा कि केवल अपना बचत बनाए रखने के लिए पैसे जोड़ने वालों को दंडित करने से पिछले कई दशकों में हासिल आर्थिक लाभ सामाप्त हो सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे याद है कि 1968 में एक अनिवार्य जमा योजना थी जहां लोगों की जमा राशि 18 प्रतिशत 20 प्रतिशत थी। इसमें से कुछ छीन लिया गया। उस समय उसका कोई कारण नहीं बताया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर धन सर्जकों को सिर्फ इसलिए दंडित किया जाएगा कि उनके पास कुछ पैसा बचा हुआ है, तो पिछले दस वर्षों में हुई भारत की प्रगति शून्य हो जाएगी।

सीतारमण ने कांग्रेस के समय की उस स्थिति को भी याद किया जब 90% कर की दर लागू की गई थी वित्त मंत्री ने इसके साथ ही समाजवादी मॉडल और वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण के बीच विरोधाभास का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने कहा, कांग्रेस ने 90% कर लगाया था। आप शायद विश्वास नहीं करेंगे कि वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में कुछ भी याद नहीं होगा या पता भी नहीं होगा। एक ऐसा भारत था जहां कांग्रेस के शासन में हम अपने द्वारा अर्जित सभी आय का 90 प्रतिशत कर के रूप में भुगतान करते थे। क्या यह वह समाजवादी मॉडल है जिसके साथ कांग्रेस पार्टी सहज है। कर्नाटक में चल रहे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा-जद (एस) गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर दिख रही है। राज्य में दूसरे चरण के दौरान 14 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोट डाले जा रहे हैं।

## जीडीपी की रफ्तार सबसे तेज, दुनिया में मंदी की आशंका घटी; वित्त मंत्रालय का दावा





**नई, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है।

वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिल रहा है। इसके साथ ही, वैश्विक आर्थिक वृद्धि परिदृश्य एक बार फिर उत्थान की राह पर है। इससे मंदी की आशंकाएं घटी हैं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी की स्थिति बन रही है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव चिंता का विषय बना हुआ है।

वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने हाल ही में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 फीसदी से बढ़ाकर 7.8 फीसदी कर दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में प्रगति के संकेत दिख रहे हैं, लेकिन असमानताएं बरकरार हैं। प्रमुख संकेतक जहां आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और भू-राजनीतिक तनाव में कमी का इशारा कर रहे हैं, वहीं हाल के संघर्षों से जोखिम पैदा हो रहे हैं। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के साथ अलग दिख रहा है। भारत सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार वाली वृद्धि दर्शा रहा है और वैश्विक वृद्धि के समर्थन में अपनी अहम भूमिका का दावा कर रहा है।

वैश्विक सुस्ती से भारत के निर्यात और आयात में नरमी आई है। 2023-24 में वस्तु व्यापार घाटे में कमी आई है। इसकी वजह...आयात की तुलना में निर्यात में कम गिरावट है। हालांकि, गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात ने पिछले कुछ माह में निरंतर वृद्धि के साथ जुझारूपन दिखाया है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी अप्रैल, 2024 में सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह भंडार 11 महीने के आयात के लिए पर्याप्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### वोडा-आईडिया का 18,000 करोड़ जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा : कुमार मंगलम बिड़ला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपए जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। कंपनी भारी प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राहकों को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। बिड़ला ने FPO के सूचीबद्ध कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5 प्रतिशत सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने ''हां'' में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।'' हालांकि, बिड़ला ने इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बेचने की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### कोटक महिंद्रा बैंक पर आईबीआई की बड़ी कार्रवाई, नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर लगाई रोक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी है। इसके अलावा आरबीआई ने कोटक बैंक के नए क्रेडिट कार्ड्स भी जारी किए जाने पर रोक लगाने का फैसला किया है। हालांकि आरबीआई ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक अपने मौजूदा कस्टमर्स जिसमें क्रेडिट कार्ड कस्टमर्स भी शामिल हैं उन्हें सभी सर्विसेज उपलब्ध कराती रहेगी। बैंक पर ये प्रतिबंध लगाने का कारण बताते हुए आईबीआई ने कहा कि 2022 और 2023 के बीच उसने पर्याप्त आईटी इंफ्रास्टक्चर नहीं होने को लेकर बैंक को अपनी चिंता जताई थी लेकिन बैंक इन कमियों को दूर करने में लगातार विफल रहा। बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 के सेक्शन 35 ए की तहत आईबीआई ने अपनी पावर का इस्तेमाल करते हुए कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ यह कार्रवाई की है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का चौथी तिमाही में मुनाफा 45 प्रतिशत बढ़कर 1,218 करोड़ रुपए




**नई, एजेंसी।** बैंक ऑफ महाराष्ट (बीओएम) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,218 करोड़ रुपए रहा। पुणे स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता का एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 840 करोड़ रुपए था। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 6,488 करोड़ रुपए हो गई। पिछले साल समान अवधि में यह 5,317 करोड़ रुपए थी।

## शुरुआती बढ़त के बाद कमजोर पड़ा बाजार; सेंसेक्स 250 अंक टूटा, निफ्टी 22500 से फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार पर बिकवाली हावी होती गई और इसने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। सुबह 11.14 मिनट पर सेंसेक्स 200.15 (0.26 प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 74,139.29 पर और निफ्टी 54.30 (0.24 प्रतिशत) अंक टूटकर 22,516.05 अंकों के स्तर पर कारोबार करता दिखा। एशियाई बाजारों में दिखी बढ़त के बाद भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स लगातार छठे दिन हरे निशान पर खुले। हालांकि शुरुआती कारोबार में बढ़त मामूली ही रही और धीरे-धीरे बाजार पर बिकवाली हावी होती गई। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी सेक्टर के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर सेंसेक्स 87 अंकों या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,424 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 28 अंक मजबूत होकर 22,598 पर कारोबार कर रहा था।

## भारत का सेवा निर्यात 11 फीसदी बढ़कर 345 अरब डॉलर पहुंचा, चीन में 10 फीसदी गिरावट



**नई, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने 2023 में 345 अरब डॉलर के सेवाओं का निर्यात किया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी अधिक है। हालांकि, इस अवधि में चीन का सेवा निर्यात 10.1 फीसदी घटकर 381 अरब डॉलर रह गया।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, 2023 में भारत का सेवा आयात एक साल पहले की तुलना में 0.4 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब डॉलर रह गया। उद्योग से जुड़े एक विशेषज्ञ ने कहा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व इस पर आधारित सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है। एजेंसी यूएनसीटीएडी ने में कहा, भारत का सेवा निर्यात ऐतिहासिक रूप से उत्तरी अमेरिका और यूरोप में केंद्रित रहा है।

## सरकार ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी, तीन बंदरगाहों से तय मात्रा में होगा शिपमेंट

**नई, एजेंसी।** भारत ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी है। तय किए गए तीन बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है।

भारत सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी गई है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सफेद प्याज का निर्यात करने वाले निर्यातक को सामान और सामान की मात्रा को प्रमाणित करने के लिए गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात के लिए कुछ बंदरगाहों के नाम तय किए गए हैं। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी होता कि तय किए गए बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है। सरकार द्वारा निर्यात के लिए मुंद्रा बंदरगाह, पिपावाव बंदरगाह और न्हावा शेवा (जेएनपीटी) बंदरगाह के नाम तय किए गए हैं। अधिसूचना में आगे बताया गया है कि राजनीतिक रूप से संवेदनशील वस्तु प्याज के निर्यात पर सामान्य तौर पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन मित्र राष्टों के अनुरोध पर सरकार द्वारा एक तय मात्रा में इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई है।

## आईसीआईसीआई ने ब्लॉक किए 17000 क्रेडिट कार्ड




**नई, एजेंसी।** देश के टॉप बैंकों में शुमार आईसीआईसीआई बैंक ने अपने 17000 ग्राहकों का क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिया है। दरअसल बुधवार को आईसीआईसीआई बैंक की मोबाइल ऐप imobile की सर्विसेज में दिक्कतें आ रही थी। बैंक के मुताबिक हाल ही में जारी किए गए लगभग 17,000 क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद सारे कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं।

आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि हालांकि इस मामले में किसी भी कार्ड के किसी दुरूपयोग की सूचना नहीं है लेकिन ग्राहक को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान होने पर वह उसका मुआवजा देने को तैयार है।

दरअसल बैंक ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि बैंक के नए ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड का नंबर कुछ पुराने ग्राहकों के कार्ड के साथ गलती से जुड़ गए थे। इस गड़बड़ी की वजह से बैंक के मोबाइल ऐप पर चुनिंदा पुराने ग्राहकों को नए कार्डधारकों का पूरा ब्योरा दिखने लगा था। सोशल मीडिया पर बुधवार शाम से ही बैंक की इस गलती को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि अब इसे सुधार लिया गया है। गलत मैपिंग के कारण बैंक का पुराना यूजर्स नए क्रेडिट कार्ड ग्राहक के बारे में पूरी जानकारी को देख पा रहे थे। हालांकि अब इसे ठीक कर लिया गया है। आईसीआईसीआई बैंक के मुताबिक इस समस्या की चपेट में आए क्रेडिट उसके कुल कार्ड पोर्टफोलियो का केवल 0.1 प्रतिशत है। बैंक के मुताबिक इन सभी कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया है और ग्राहकों को नये कार्ड जारी किए जाएंगे। मोबाइल एप में दिक्कत आने के बाद गुरुवार को बैंक ने बयान जारी कर कहा था कि हमारे ग्राहक हमारी सबसे पहली प्राथमिकता हैं। हम उनके हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें पता चला है कि बीते दिनों जारी किए गए 17,000 नए क्रेडिट कार्ड हमारे डिजिटल चैनल में गलत यूजर्स के साथ कनेक्ट हो गए हैं। ये बैंक के कुल क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का महज 0.1 प्रतिशत है। समस्या से तत्काल निपटने के लिए फिलहाल इन कार्ड को बलॉक किया जा रहा है। वहीं ग्राहकों को नए कार्ड जारी किए जा रहे हैं। ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। अभी तक इन कार्ड के दुरुपयोग की हमें कोई सूचना नहीं मिली है। हालांकि हम भरोसा दिलाते हैं कि अगर किसी ग्राहक को इससे कोई फाइनेंशियल नुकसान होगा, तो बैंक उसकी उचित भरपाई करेगा।

जानकारों का मानना है कि गलत मैपिंग के बाद भी क्रेडिट कार्ड के जरिये फ्रॉड होने की संभावना बहुत कम है क्योंकि कोई भी भारतीय ऑनलाइन वेबसाइट नए ग्राहक के मोबाइल फोन पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजने का संदेश देती है। ओटीपी डालने पर भी ट्रांजैक्शन पूरा हो पाता है। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से संबंधित गड़बड़ी का यह मामला एक दिन पहले कोटक महिंद्रा बैंक पर रिजर्व बैंक की सख्त कार्रवाई के एक दिन बाद ही सामने आया है। रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक को आईटी नियमों के लगातार उल्लंघन के लिए ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने के साथ क्रेडिट कार्ड जारी करने से भी फौरन रोक दिया है।

## भारत, यूएई 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार लक्ष्य को पार करने की राह पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीईपीए परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा कि मई 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) को जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के मौके पर पेश किया गया था। दोनों देशों ने मई 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लागू किया था।

अलजनेबी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से यूएई-भारत व्यापारिक संबंध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा, ''एक मई 2022 को सीईपीए लागू होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमरीकी डॉलर हासिल करने के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। अलजनेबी ने जयपुर में व्यापार गोलमेज बैठक में यह बात कही। दवा, रत्न व आभूषण, पर्यटन, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा, मोटर वाहन कल-पुर्जो और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों के राजस्थान स्थित उद्यमों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इसे भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) द्वारा आयोजित किया गया। यह भारतीय उद्यमों के लिए यूएई के साथ अपने जुड़ाव का विस्तार करने के लिए नए मार्ग तथा अवसर तलाशने के एक मंच के रूप में काम करता है। यूएई, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक है। 2023 में द्विपक्षीय व्यापार कुल मिलाकर 85 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है और भारत में यूएई का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़कर 3.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अलजनेबी ने कहा कि यूआईसीसी का काम यह सुनिश्चित करना है कि यूएई और भारतीय व्यवसायों (चाहे उनका आकार या क्षेत्रीय केंद्र कुछ भी हो) के पास सीईपीए से लाभ उठाने के लिए समावेशी तथा खुले मार्ग हों। उन्होंने कहा कि राजस्थान की अत्यधिक विविध अर्थव्यवस्था और संयुक्त अरब अमीरात के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंधों के विकास के लिए उसे एक उचित गंतव्य बनाते हैं। राजस्थान ने 2023 में यूएई के साथ 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार किया था।

## इंडिगो ने दिया 30ए 350-900 चौड़ी बॉडी वाले विमानों का ऑर्डर, 4 से 5 अरब डॉलर में हो सकता है सौदा




**नई दिल्ली:** प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने यूरोप की विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस को आज चौड़ी बॉडी वाले 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया। यह ऑर्डर 4 से 5 अरब डॉलर का हो सकता है। देश में विमान यात्रा की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए देसी विमानन कंपनियां पिछले साल से अब तक विमान खरीदने के लिए 4 बड़े ऑर्डर दे चुकी हैं। टाटा के एयर इंडिया समूह ने फरवरी 2023 में 470 विमानों के लिए ऑर्डर दिए थे।

उसने एयरबस को 250 विमान और अमेरिकी कंपनी बोइंग को 220 विमान का ऑर्डर दिया था। इंडिगो ने जून 2023 में एयरबस को 500 ए320नियो विमानों का ऑर्डर दिया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा विमान ऑर्डर था। नई विमानन कंपनी अकासा एयर ने जनवरी 2024 में बोइंग को 150 बी737 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया था। आज के ऑर्डर की खासियत यह है कि इंडिगो पहली बार चौड़ी बॉडी वाले विमान खरीद रही है। उसके बेड़े में चौड़ी बॉडी वाले 2 बी 777 विमान पहले से हैं मगर वे टर्किश एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए हैं। विमानन कंपनी ने कहा, 'इन विमानों (ए350-900) का सटीक रंगरूप बाद में तय किया जाएगा। उम्मीद है कि विमान 2027 से मिलने शुरू हो जाएंगे। इंडिगो के पास 30 ए350-900 विमानों के ऑर्डर के अलावा कुछ शर्तों के साथ 70 एयरबस ए350 विमान खरीदने का भी अधिकार है। उनका ऑर्डर भविष्य की जरूरतों के हिसाब से दिया जाएगा।'

चौड़ी बॉडी वाले विमानों ईंधन टैंक और इंजन संकरी बॉडी वाले विमानों के मुकाबले बड़े होते हैं। इसलिए इन विमानों को लंबी दूरी की उड़ान में इस्तेमाल किया जा सकता है। ए350-900 विमानों में रॉल्स रॉयस का ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन लगा होगा। यह विमान एक बार में 15,000 किलोमीटर की दूरी तक उड़ सकता है। इसका मतलब है कि इंडिगो भारत से अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप जैसे लंबी दूरी के मार्गों पर उड़ान भर सकेगी।

इतना ही नहीं वह काफी लंबी दूरी तक सीधी यानी नॉन-स्टॉप उड़ानें भी चला सकती है। इस तरह इंडिगो इन आकर्षक मार्गों पर एयर इंडिया, एमिरेट्स और कतर एयरवेज जैसी प्रमुख विमानन कंपनियों से सीधे होड़ कर सकेगी। सूत्रों ने बताया कि इंडिगो इन 30 ए350-900 विमानों के लिए संभवत 4 से 5 अरब डॉलर अदा करेगी। जून 2023 में 500 विमानों का जो ऑर्डर दिया गया था, उसके तहत विमान 2030 से 2035 के बीच मिलेंगे।

एयरबस को दिए पिछले ऑर्डर से कंपनी को 2030 तक करीब 460 विमान मिल जाएंगे। इस तरह एयरबस 2035 तक इंडिगो को कुल 990 विमान (30 + 500 + 460) देगी। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा, 'आज का ऐतिहासिक क्षण इंडिगो के लिए नया अध्याय शुरू कर रहा है। यह हमारी कंपनी और भारतीय विमानन उद्योग के भविष्य को भी नया रूप देगा। 30 एयरबस ए350-900 विमानों का बेड़ा इंडिगो के लिए अग्रणी वैश्विक विमानन कंपनी बनने की राह साफ करेगा।' इंडिगो के बेड़े में 29 फरवरी तक 366 विमान थे। देसी हवाई यात्रा बाजार में इंडिगो की करीब 60 फीसदी हिस्सेदारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूज़ीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को हराया: सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई



न्यूज़ीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान को 4 रन से हराया। इस जीत के बाद न्यूज़ीलैंड पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए न्यूज़ीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाक टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन ही बना पाई। न्यूज़ीलैंड के लिए ओपनर टिम रॉबिन्सन (51) ने अर्धशतक लगाया। राइट आर्म पेसर विलियम ओरूर्के ने तीन विकेट लिए। ओरूर्के को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

रॉबिन्सन ने 51 रन की पारी खेली

न्यूज़ीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। न्यूज़ीलैंड की ओर से इसी सीरीज में डेब्यू करने वाले टिम रॉबिन्सन ने 36 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 26 गेंदों पर 34 और टॉम ब्लंडल ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से अब्बास अफरीदी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

जमान का अर्धशतक पाक के काम न आया

179 रन के टारगेट का पीछा कर रहे पाकिस्तान ने पावरप्ले के अंदर ही अपने 3 विकेट खो दिए। फखर जमान ने 61 रन की पारी खेली, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। न्यूज़ीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

### 7 बल्लेबाज 0 पर आउट... 17 साल की गेंदबाज ने मचाई सनसनी, फेंका बेस्ट स्पेल



नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट में रिकॉर्ड का बड़ा क्रेज होता है. दिलचस्प आंकड़े हमेशा लुभाते रहे हैं. कई बार तो ऐसा लगता है कि यह रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा. लेकिन तभी कोई खि?लाड़ी अपने प्रदर्शन से चौंका देता है. ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है. इस इंडोनेशियाई किशोरी ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है. इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है. दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने यह कारनामा कर दिखाया है. यहां गौर करने वाली बात यह है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर देकर 7 विकेट हासिल किए, जो सभी टी20 इंटरनेशनल (पुरुष और महिला) में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा है. ऐसा आज तक कोई नहीं कर सका है. बाली में मंगोलिया के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के पांचवें टी20 इंटरनेशनल में स्पिनर रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, ये सभी डॉट गेंदें रहीं. इस दौरान रोहमालिया ने सात बल्लेबाजों को शून्य पर आउट किया. अर्जेंटीना की एलिसन स्टॉक्स (3 रन पर 7 विकेट) और नीदरलैंड की फेडरिक ओवरडिज्क (3 रन पर 7 विकेट) के बाद रोहमालिया महिला टी-20 में 7 विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं.

# 14 साल पुराना रिकॉर्ड बराबर!

## रजत पाटीदार ने रिकॉर्ड में की रॉबिन उथप्पा की बराबरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 41वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया. यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ. रजत पाटीदार ने इस मैच में अर्धशतक लगाया है. वहीं, यह अर्धशतक लगाते ही पाटीदार ने एक रिकॉर्ड के मामले में रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली.

रजत पाटीदार ने आईपीएल 2024 के 41वें मैच में अर्धशतक लगाया. इस अर्धशतक के बाद रजत पाटीदार ने रॉयल चैलेंजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली है. पाटीदार ने 19 गेंदों में यह कारनामा किया. इससे पहले रॉबिन उथप्पा ने साल 2010 में महज 19 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी.

### आईपीएल में आरसीबी के लिए सबसे तेज अर्धशतक

- 2013, क्रिस गेल, 17 गेंदों में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ, बेंगलुरु
- 2010, रॉबिन उथप्पा, 19 गेंदों में पंजाब किंग्स के खिलाफ, बेंगलुरु
- 2024, रजत पाटीदार, 19 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, हैदराबाद
- 2012, एबी डिविलियर्स, 21 गेंदों में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ, जयपुर
- 2024, रजत पाटीदार, 21 गेंदों में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ, कोलकाता

### रजत पाटीदार बनाम सनराइजर्स हैदराबाद पारी

रजत पाटीदार ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंदों में 50 रन बनाए. उन्होंने ये रन 250 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं. पाटीदार ने इस पारी में 2 चौके और 5 छक्के लगाए. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ये दूसरी जीत है.



## बतौर ओपनर विराट कोहली का बड़ा कारनामा

# 4000 रन आईपीएल में पूरे किए, धवन-वॉर्नर के क्लब में बनाई जगह



**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। आईपीएल 2024 का 41वां मैच गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मुकाबले में आरसीबी ने एसआरएच का किला भेद दिया। बल्लेबाजी के दौरान विराट कोहली औ र रजत पाटीदार ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों ने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाए। दिलचस्प बात यह है कि किंग कोहली ने बतौर सलामी बल्लेबाज आईपीएल में 4000 रन पूरे कर लिए। हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। इस सीजन में यह उनका चौथा अर्धशतक है। वहीं, पाटीदार ने महज 20 गेंदों का सामना किया और 50 रनों की तूफानी पारी खेली। उनके बल्ले से इस सीजन का यह तीसरा अर्धशतक निकला।

# कर्ण, कैमरून, स्वप्निल की शानदार गेंदबाजी, छह हार के बाद आरसीबी की जीत

**हैदराबाद, एजेंसी।** कर्ण शर्मा, कैमरून ग्रीन और स्वप्निल सिंह की शानदार गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को यहां राजीव गांधी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में लगातार छह हार के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की। तीनों ने दो-दो विकेट चटकाए। कर्ण शर्मा ने तीन ओवरों में 29 रन देकर दो विकेट लिए। कैमरून ग्रीन ने दो ओवरों में 12 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि स्वप्निल सिंह ने खतरनाक एडेन मार्क्रम (7) और हेनरिक क्लासेन (7) को आउट करके एक प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई। इससे पहले विराट कोहली और रजत पाटीदार के अर्धशतकों की मदद से बेंगलुरु ने 20 ओवरों में 206/7 का स्कोर खड़ा किया। कैमरून ग्रीन ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन किया और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन के अलावा 20 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली और एक अच्छा कैच भी लिया। एसआरएच लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवरों में 171/8 ही बना सकी। यह देखते हुए कि एसआरएच ने इस सीज़न में दो सबसे बड़े स्कोर बनाए हैं, यह उनके लिए बहुत कठिन लक्ष्य नहीं था। आईपीएल की अपनी तीसरी हार के साथ टीम तीसरे स्थान पर बनी हुई है। आरसीबी ने अब दो जीत के साथ सबसे नीचे है।सनराइजर्स हैदराबाद को पावर-प्ले में चार झटके लगे और उन्होंने मैच लगभग वहीं गंवा दिया था।

**संक्षिप्त स्कोर**-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 20 ओवर में 206/7 (विराट कोहली 51, रजत पाटीदार 50, कैमरून ग्रीन 37 नाबाद; जयदेव उनादकट 3-30, टी.नटराजन 2-39) ने सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में 171/8 (शाहबाज अहमद 40 नाबाद, अभिषेक शर्मा 31, पैट कमिंस 31; कैमरून ग्रीन 2-12, कर्ण शर्मा 2-29, स्वप्निल सिंह 2-40) को 35 रन से हरा दिया।

# आईपीएल के बीच धोनी के नाम से वायरल हो रहा फर्जी पोस्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में बल्ले से धूम मचा रहे एमएस धोनी के नाम को लेकर एक फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक मैसेज है और उनके नाम पर पैसे की मदद मांगी गई है। पोस्ट में स्कैमर्स ने धोनी बनकर यह दावा किया है कि मैं महेंद्र सिंह धोनी हूं और मैं एक प्राइवेट अकाउंट से आप लोगों को मैसेज कर रहा हूं। मैं रांची के बाहरी क्षेत्र में फंस गया हूं और मैं यहां आते वक्त अपना वॉलेट लाना भूल गया था। मुझे वापस बस से घर लौटना है। क्या आपलोग मुझे फोन पे पर 600 रुपए ट्रांसफर कर दोगे। मैं घर जाकर आपके पैसे लौटा दूंगा। इस पोस्ट में ठग ने धोनी की एक फोटो भी शेयर की है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। लाखों लोगों ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है।

# चयनकर्ता इस सप्ताह के अंत में टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा कर सकते हैं : बीसीसीआई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा करने के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की इस सप्ताह के अंत में मुंबई में बैठक होने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। आईसीसी ने भाग लेने वाले बोर्डों के लिए विश्व कप के लिए अपने अस्थायी टीमों की घोषणा करने के लिए 1 मई की समय सीमा निर्धारित की है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीज़न में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर एक संतुलित 15 सदस्यीय टीम चुनने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों ने कहा कि वे (चयनकर्ता) 15 सदस्यीय टीम चुनने के लिए 27 या 28 अप्रैल को बैठेंगे। टीम का नाम बताना वास्तव में कठिन होगा क्योंकि मौजूदा आईपीएल में कुछ युवा खिलाड़ी वास्तव में प्रभावशाली हैं।

# नडाल ने मैड्रिड में ब्लैंच को हराया, अगला मुकाबला डी मिनौर से होगा



**मैड्रिड, एजेंसी।** राफेल नडाल ने मैड्रिड ओपन में विजयी शुरुआत की, जब उन्होंने 16 वर्षीय वाइल्ड कार्ड डार्विन ब्लैंच को 64 मिनट के बाद 6-1, 6-0 से हराया। मैड्रिड में पांच बार के चैंपियन, नडाल काजा मैगिका में सबसे अधिक जीत (57) जीत हासिल कर चुके हैं, जहां घरेलू पसंदीदा ने पहली बार 2008 में खिताब जीता था और हाल ही में 2017 में जीत हासिल की थी।

एटीपी आंकड़ों के अनुसार, एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर दो विरोधियों के बीच उम्र का सबसे बड़ा अंतर (21 वर्ष, 117 दिन) था, जिसमें नडाल ने अपने रिटर्न पॉइंट का 59 प्रतिशत जीता और उन्हें अपनी सर्विस पर एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। नडाल ने कहा, वह एक बहुत युवा खिलाड़ी है, मुझे लगता है कि उसके सामने बहुत अच्छा भविष्य है। उसके पास बहुत शक्तिशाली शॉट हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें निरंतरता की कमी है। मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं। मैंने अच्छा खेला, मैं खुश हूं, इससे मुझे फायदा हुआ। मैड्रिड में एक और दिन बिताने का अवसर, जो मेरे लिए बहुत मायने रखता है, मुझे इन टूर्नामेंटों में खेलने की ज़रूरत है और मुझे लगता है कि यह सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है। नडाल, जो मैड्रिड में अपनी 20वीं उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ खेलेंगे, जिनसे उनका सामना एक सप्ताह पहले बार्सिलोना की धरती पर हुआ था। नडाल ने कहा, पिछले सप्ताह ऐसा नहीं होना था और इस सप्ताह मुझे यकीन है कि यह अधिक कठिन होगा। लेकिन मुझे फिर से खेलने का मौका मिलेगा। अब जो कुछ भी आता है वह एक उपहार है, इसलिए मैं खुश हूं। फिर से कोर्ट पर हूं और जितना संभव हो उतना अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हूं।

# आईपीएल इतिहास में पहली बार सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से लगे 100 छक्के

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में अब तक पैट कमिंस की कप्तानी में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है। हैदराबाद ने 8 मैचों में खेलते हुए 5 में जीत दर्ज की है, तो उन्हें सिर्फ 3 में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के खिलाफ भले ही टीम को पिछले मैच में 35 रनों से हार मिली लेकिन इसके बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद प्वाइंट्स टेबल में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। आईपीएल के 17वें सीजन में हैदराबाद के इस बेहतरीन प्रदर्शन की सबसे बड़ी वजह उनका मैदान पर आक्रामक खेल दिखाना है, जिसमें टीम बल्लेबाजी में छक्के मारने के मामले अभी बाकी टीमों से काफी आगे दिखाई दे रही है और उन्होंने एक खास कारनामा भी इस सीजन कर दिया है।

सनराइजर्स हैदराबाद टीम की तरफ से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में कुल 9 छक्के लगे जिसके साथ ही वह आईपीएल के 17वें सीजन में 100 छक्के पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। इसी के साथ सनराइजर्स हैदराबाद पहली बार आईपीएल के किसी सीजन में 100 या उससे अधिक छक्के भी लगाने में कामयाब हुई है। इस लिस्ट में पहले स्थान पर मुंबई इंडियंस की टीम है, जिन्होंने अब तक 8 सीजन में ये कारनामा किया है। वहीं आईपीएल के 17वें सीजन को लेकर बात की जाए तो 41 मैचों के बाद छक्के लगाने के मामले में 108 सिक्स के साथ हैदराबाद की टीम पहले स्थान पर है, जबकि दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम है जिन्होंने इस सीजन 90 सिक्स लगाए हैं।



### आईपीएल 2024 में 41 मैचों के बाद सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीमें

- सनराइजर्स हैदराबाद - 108 छक्के
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - 90 छक्के
- दिल्ली कैपिटल्स - 86 छक्के
- मुंबई इंडियंस - 85 छक्के
- कोलकाता नाइट राइडर्स - 69 छक्के

**हेनरिक क्लासेन के बल्ले से निकले अब तक सबसे ज्यादा छक्के**-आईपीएल के 17वें सीजन में 41 मैचों के बाद सबसे ज्यादा छक्के वाले खिलाड़ी के तौर पर पहले 2 स्थानों पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा हैं। क्लासेन ने जहां 27 तो वहीं अभिषेक ने 26 छक्के लगाए हैं। इसके बाद तीसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स टीम का हिस्सा शिवम दुबे हैं जिन्होंने अब तक 22 छक्के लगाए हैं।



# द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से जुड़ीं श्रीलीला



तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। वहीं, अब इससे श्रीलीला के जुड़ने की खबरें सामने आ रही हैं। वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स फिल्म में एक खास गाने के लिए अभिनेत्री से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, कोई और विवरण सामने नहीं आया है और अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# बालाकोट एंड बियॉन्ड में मनीषा का किरदार तैयार करना दिलचस्प था: लारा



**एक्ट्रेस** लारा दत्ता ने 2020 में एक्शन-कॉमेडी सीरीज हंड्रेड के साथ स्ट्रीमिंग की शुरुआत की। चार साल बाद, आज एक्ट्रेस का एक और शो रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहा है। स्ट्रीमिंग मीडियम में लगभग आधा दशक बिताने को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि आज ओटीटी काफी बढ़ रहा है, कई प्लेटफार्म सामने आ रहे हैं। कई प्लेटफार्म उपलब्ध होने से अलग-अलग कैरेक्टर को एक्सप्लोर करने के ज्यादा अवसर उपलब्ध हैं। बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, ओटीटी के बारे में अद्भुत बात यह है कि इसमें बहुत सारे प्लेटफॉर्म हैं, आप ऑडियंस के अलग-अलग सेगमेंट को टारगेट कर रहे हैं। आपको ऐसे कटेंट बनाने होंगे, जो उन सभी से जुड़े हों। लारा ने रणनीती- बालाकोट एंड बियॉन्ड में अपने किरदार के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा, मनीषा सहगल कैरेक्टर का कोई मिलिट्री बैकग्राउंड नहीं है, लेकिन हमारे बीच काफी कुछ समानताएं हैं। मुझे लगता है कि किसी कैरेक्टर के लिए स्क्रिप्ट ही आपका शुरुआती प्वाइंट है। मनीषा अकेले रहती हैं, और वह बहुत सीधी हैं। मेरे लिए इस तरह का किरदार बनाना दिलचस्प और आकर्षक था। वह लोगों और चीजों के प्रति थोड़ी लापरवाह है, लेकिन जब देश की बात आती है, तो वह सब कुछ देने के लिए तैयार रहती है। उन्होंने कहा, मनीषा सहगल जैसा किरदार बनाने के लिए मैंने शुरू से तैयारी की। मुझे यकीन है कि जब दर्शक इस सीरीज को देखेंगे, तो उन्हें यह काफी पसंद आएगी। रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड द सिनेमा पर स्ट्रीम हो रही है।

# जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह

**एक्ट्रेस** व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया- खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।

# टीवी स्टार श्रेय मित्तल ने अपने स्टूडियो एफएक्स फैंटेसी के जरिए फिल्म प्रोडक्शन में रखा कदम



एक्टर श्रेय मित्तल ने फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखा है। वह नागिन 6, इंडिया वाली मां और एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 12 जैसे टीवी शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। मित्तल ने हाल ही में अपना पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो, एफएक्स फैंटेसी लॉन्च किया है। लॉस एंजिल्स में ली स्ट्रैसबर्ग फिल्म एंड एक्टिंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षित मित्तल ने मुंबई में व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल से फिल्म प्रोडक्शन में दो साल का प्रोग्राम भी पूरा किया है। एक्टर लंबे समय से फिल्म प्रोडक्शन को लेकर काम करना चाहते थे, आखिरकार वह उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। श्रेय ने कहा कि मैं हमेशा से फिल्म बिजनेस और फिल्म प्रोडक्शन का काम करना चाहता था। यह कुछ ऐसा है जिसके प्रति मैं अपने करियर की शुरुआत से ही पैशनेट रहा हूं। एक एक्टर के रूप में अपनी जर्नी शुरू करने से पहले फिल्म प्रोडक्शन की स्टडी करने से मुझे इंडस्ट्री की जटिलताओं के बारे में जानकारी मिली है। एफएक्स फैंटेसी में एडिटिंग, विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स), और डिजिटल इंटरमीडिएट (डीआई) सब हैं, जिनका लक्ष्य फिल्म निर्माण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना है।

## बिग बॉस को लेकर करण ने दिया बड़ा बयान, बोले-

# सलमान आपके करियर को न बना सकते हैं और न ही...



**अफवाहों** का बाजार गर्म है कि टीवी के मशहूर अभिनेता करण पटेल को बिग बॉस के मेकर्स ने अपने आगामी सीजन के लिए अप्रोच किया था। करण ने मेकर्स के ऑफर को ठुकराते हुए कहा था कि,यह रियलिटी शो गंदा और अपमानजनक है। टेलीविजन के मशहूर अभिनेता करण पटेल इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल पिछले दिनों अभिनेता ने रियलिटी शो बिग बॉस के बारे में अपनी नापसंदगी को जाहिर किया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो करण ने बिग बॉस के घर में जाने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं उन्होंने शो के बारे में जो कुछ भी कहा था उससे सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है। वहीं अब करण सफाई देते नजर आ रहे हैं।

# अपने करियर में मैं अनदेखी 3 जैसा प्रोजेक्ट करना चाहती थी: हेली दारूवाला



**एक्ट्रेस** हेली दारूवाला, जो अपनी अगली सीरीज अनदेखी 3 की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने कहानी को रोमांचकारी बताया है। शो में हेली महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं, हालांकि उन्होंने भूमिका के बारे में जानकारी को गुप्त रखा है। जिस चीज ने उन्हें इस भूमिका की ओर आकर्षित किया वह थी शो की स्क्रिप्ट और कहानी। हेली ने कहा, अनदेखी एक बेहद लोकप्रिय शो है और मुझे सीजन 3 का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। टीम ने कहानी को रोमांचकारी बनाए रखने का शानदार काम किया है और यह उस तरह का प्रोजेक्ट है जिसकी मैं तलाश कर रही थी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, जिस तरह से मेरे ट्रैक ने आकार लिया है, उससे मैं बेहद खुश हूं और मैं 10 मई को दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती।



# विद्या का साड़ियों के लिए प्यार है सदाबहार

**दो** और दो प्यार स्टार विद्या बालन बेहतरीन साड़ियां पहनने के लिए जानी जाती हैं। बॉलीवुड में जहां हर मौसम के साथ फैशन का चलन बदलता है वहीं विद्या का साड़ियों के लिए प्यार सदाबहार है। बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री विद्या बालन अभिनय के अलावा अपनी खूबसूरत साड़ियों के संग्रह बारे में भी जानी जाती हैं। अभिनेत्री को लगभग सभी अवॉर्ड समारोह के दौरान साड़ियों में स्पॉट किया जाता है। पिछले दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार के प्रमोशन के दौरान भी वे साड़ियों में नजर आईं। विद्या के चाहने वाले जानना चाहते हैं कि आखिर उनकी पसंदीदा अभिनेत्री के पास कितनी सारी साड़ियां हैं। आइए आपको बताते हैं खुद विद्या इसके बारे में क्या कहती हैं। विद्या बालन बॉलीवुड में अलग तरह के किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं। वे अपनी हर फिल्म में पिछली फिल्म से अलग भूमिका निभाती नजर आती हैं, लेकिन कपड़ों के मामले में उनकी पसंद एक जैसी है। विद्या को साड़ियों से प्यार है। अभिनेत्री कहती हैं, मैं सच में मिनमलिस्ट हूं। लोगों को लगता होगा कि मेरे पास बहुत साड़ियां हैं।

# अपने एग्स फ्रीज कराएंगी मृणाल



**साउथ** और हिंदी फिल्मों की एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने हाल ही में अपने एग्स फ्रीज कराने के बारे में बात की है। उन्होंने सही पार्टनर को चुनने की मुश्किल पर भी काफी कुछ कहा है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो बेहतर जिंदगी के लिए थेरेपी भी ले रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में, एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने काम और अपनी लाइफ के बीच संतुलन बनाने, अपने एग्स फ्रीज कराने और बहुत कुछ के बारे में बात की। मृणाल ने बताया कि जब उनका दिन खराब चल रहा हो तो वह कैसे बात करना पसंद करती हैं।

एक्ट्रेस ने इंटरव्यू में कहा कि उनके लिए अपनी लाइफ और करियर के बीच सही संतुलन बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा- लाइफ और करियर में संतुलन बनाना बहुत जरूरी है लेकिन आप हमेशा यह पता लगाने की कोशिश करते रहते हैं कि उस संतुलन को कैसे बनाया जाए। मैं जानती हूं कि रिश्ते मुश्क्ल होते हैं और इसीलिए आपको सही साथी ढूंढने की ज़रूरत है जो आपके काम को समझता हो। मैं एग्स को फ़्रीज़ करने के बारे में भी सोच रही हूं। मृणाल ने कहा यह बात सामने आई कि एक्ट्रेस मोना सिंह ने हाल ही में अपने एग्स को फ़्रीज करने के बारे में बात की है। मृणाल ने उन दिनों के बारे में भी बताया जब वह बिस्तर से बाहर नहीं निकलना चाहती थीं, फिर भी उन्हें काम पर जाना पड़ता था और सीन शूट करने पड़ते थे। उन्होंने खुलासा किया कि वह ऐसे दिनों से उबरने के लिए थेरेपी और अपने लोगों पर भरोसा करती हैं।

**थेरेपी ले रही हैं मृणाल ठाकुर**

एक्ट्रेस बोलीं- मैं अपने काम को बैंडएड की तरह इस्तेमाल कर रही थी, लेकिन जैसे ही मैंने सामान पैक किया और घर गई, मैं दुखी थी। अब, मैं इसे अपने सिस्टम से बाहर निकालने के लिए बात करती हूं। मैं थेरेपी लेती हूं, यह किसी के लिए भी जरूरी है, खासकर उन एक्टर्स के लिए जो अलग-अलग किरदार निभाते हैं।

# मुझे लड़कियां पसंद हैं... बिली



महज 22 साल की उम्र में दुनियाभर में अपनी सिंगिंग से धूम मचाने वाली बिली एलीश ने पहली बार अपनी यौन इच्छाओं और पसंद-नापसंद पर चुप्पी तोड़ी है। सिंगर ने एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें लड़के नहीं,बल्कि लड़कियां पसंद है। बिली एलीश का कहना है कि उन्हें पिछले साल इसका एहसास हुआ है।

अमेरिकी सिंगर बिली एलीश के नाम से आप जरूर वाकिफ होंगे। महज 22 साल की बिली, दो-दो ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वह नौ ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं। उनके नाम दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी है। इस महीने की शुरुआत में बिली एलीश ने कोचेला म्यूजिक वैली फेस्टिवल में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से सबको दीवाना बना दिया। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा भी हुआ, जिसे देख सब चौंक गए। बिली एलीश ने स्टेज पर यूट्यूबर क्वेनलिन ब्लैकवेल को सरेआम चूम लिया। इसके बाद से ही बिली की सेक?सुएलिटी फैंस के बीच चर्चा का विषय है। बहरहाल, अब सिंगर ने खुद ही यह साफ कर दिया है कि उन्हें लड़के नहीं, बल्कि लड़कियां पसंद हैं। जाहिर तौर पर बिली एलीश का यह गाना महिलाओं के साथ प्यार करने की बात करता है। अब नए इंटव्यू में इस पर बात करते हुए वह कहती हैं, यह गाना असल में उस एक चीज का हिस्सा था, जिसने मुझे वह बनाया, जो मैं वाकई हूं। मैंने इसके कुछ बोल हालांकि, तब लिखे थे, जब मैं किसी लड़की के साथ रिश्ते में नहीं थी। मैं जीवनभर लड़कियों से ही प्यार करती रही हूं, लेकिन मैं इसे समझ नहीं पाई।